# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 22 फरवरी 2025


### जिला पंचायत सदस्यों की जीत के आंकड़ों पर दोनों दलों ने गिनाई अपनी बढ़त

# दूसरे चरण के पिटारे से निकला बंपर जीत का दावा, भाजपा 97 और कांग्रेस को 80 सीटें

*त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का दूसरा चरण पूरा हो गया। गुरुवार देर रात तक जिला, जनपद और सरपंच-पंच के विजयी प्रत्याशियों के चेहरे भी तकरीबन साफ हो गए। पहले चरण में भाजपा को बड़ी जीत मिली थी और दूसरे चरण में उसका दावा बंपर जीत का है। भाजपा का कहना है कि जिला पंचायत की 124 सीटों में से 97 में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। इधर, कांग्रेस ने भी दावा किया है कि जिला पंचायत सदस्यों की 138 सीटों में से 89 पर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी चुने गए हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/जगदलपुर/कोण्टा

भाजपा के पंचायत चुनाव के प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह बताया, पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में जिला पंचायत सदस्य के लिए हुए चुनाव में 160 सीटों में से भाजपा 125 सीटों में भाजपा के समर्पित प्रत्यासी चुनाव जीते। दूसरे चरण में 124 सीटों के लिए हुए मतदान में 97 सीटों पर भाजपा या हमारे समर्थित लोग चुनाव जीत गए हैं। 11 जिलों में हमें स्पष्ट बहुमत प्राप्त हो गया है। दूसरे चरण के बाद 13-14 जिले ऐसे हैं जिनमें बहुमत से मामूली अंतर से कुछ दूर हैं। श्री सिंह ने कहा, प्रथम चरण में प्रदेश की कुल 140 जनपद पंचायतों ▶▶| शेष पेज 6 पर




## कल होगी वोटिंग, नक्सल इलाके में हेलीकाप्टर से भेजे गए दल

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड में तृतीय चरण का मतदान 23 फरवरी को प्रातः 6:45 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। अति संवेदनशील मतदान केंद्रों में हेलीकॉप्टर से जाने वाले मतदान दलों एवं मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को शुक्रवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अस्थायी हेलीपैड से रवाना किया गया। शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु 128 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमे संवेदनशील मतदान केंद्र 51 और अति संवेदनशील मतदान केंद्र 77 शामिल हैं। शुक्रवार को 18 अति संवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए ▶▶| शेष पेज 6 पर

### पूर्व उपसरपंच को शून्य वोट, एक प्रत्याशी को सिर्फ एक वोट

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में मारकेल में मतदान का परिणाम चौंकाने वाला है। वार्ड क्रमांक 1 से चार प्रत्याशी चुनाव में सम्मलित हुए। जिसमे मोरध्वज सेठिया को वार्डवासियों का भरपूर समर्थन मिला और वे 25 वोट से चुनाव जीतकर पंच निर्वाचित हुए। जबकि पूर्व उपसरपंच कमलराम सेठिया जो 5 साल तक पद में थे उन्हें वार्डवासियों ने पूरी तरह से नकारते एक भी वोट नहीं दिया। कमलराम सेठिया ▶▶| शेष पेज 6 पर

## मुख्यमंत्री साय ने मां का आशीर्वाद लेकर मनाया 61वां जन्मदिवस

### गृहग्राम में सुभाशीष देने पहुंचे ग्रामीण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने 61वें जन्मदिन पर अपने गृह ग्राम बगिया पहुंचे। जहां उन्होंने अपनी माता श्रीमती जसमनी देवी से सपत्नीक आशीर्वाद लिया। माता ने उन्हें स्नेह पूर्वक गले लगाते हुए लंबी उम्र के साथ राज्य की उन्नति हेतु उत्कृष्ट काम करने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने अपने मामा श्री विश्राम साय का भी आशीर्वाद लिया। भांजे के जन्मदिन पर उन्होंने भांजे को उत्तम स्वास्थ्य का आशीष दिया। आज बगिया में मुख्यमंत्री श्री साय को जन्मदिन की बधाई देने के लिए उत्साहपूर्वक आस पास के ग्रामीण जमा हुए हैं। मुख्यमंत्री के घर में प्रवेश करने के साथ ही सभी ने मिलकर उन्हें जन्मदिन के सुभाशीष दिए।

### मित्रों, ग्रामीणों एवं बच्चों से की मुलाकात

मुख्यमंत्री श्री साय के घर आगमन की सूचना से उनके गृह ग्राम बगिया में सुबह से ही लोगों का बगिया आना प्रारम्भ हो गया। जहां दोपहर होते होते बड़ी संख्या में लोग बगिया पहुंच गए थे। यहां कोई अपने दोस्त तो कोई अपने साथी, तो किसी ने अपने परिजन, कोई भाई तो कोई सहयोगी के रूप में अपने प्रिय श्री विष्णुदेव साय से मिलकर उन्हें उनके जन्मदिवस पर आशीष देने को आतुर दिखे। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, सांसद राधेश्याम राठिया, सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक गोमती साय, नवनिर्वाचित रायगढ़ महापौर मंजूषा भगत, कृष्णा राय, उर्वशी सिंह, सुनील गुप्ता, शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, ओमप्रकाश सिन्हा सहित अन्य प्रियजन उपस्थित रहे।

### कुनकुरी में डायलिसिस सेंटर का शुभारंभ

श्री साय ने सीएम कैम्प कार्यालय बगिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुनकुरी के लिए चार बिस्तर की डायलिसिस सेंटर का शुभारंभ किया । लोगों की स्वास्थ्य की दृष्टि से मुख्यमंत्री बहुत ही संवेदनशील है। जशपुर के लोगों को जशपुर जिले के साथ ही कुनकुरी में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें इसके लिए विशेष प्रयास कर रहे हैं। अब कुनकुरी के आसपास के लोगों को अम्बिकापुर और रांची जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। कुनकुरी में मरीजों के लिए 220 बिस्तर अस्पताल बनाने के लिए स्वीकृत दी गई।

### सत्यनारायण व्रत कथा में हुए शामिल

श्री साय के जन्मदिन पर बगिया में सत्यनारायण व्रत कथा का आयोजन हुआ। इसमें मुख्यमंत्री, उनकी माता जसमनी देवी, धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय के साथ परिवारजनों, स्वजनों एवं बंधु-बांधव भी शामिल हुए और पूरे भक्तिभाव से कथा का श्रवण किया। मुख्यमंत्री ने पूरे विधि विधान से भगवान श्री सत्यनारायण की पूजा-अर्चना कर प्रदेश वासियों की सुख- समृद्धि और खुशहाली की कामना भी की। इस दौरान सांसद राधेश्याम राठिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# टोल पर अब नहीं लगेगी पेनल्टी सरकार ने दूर किया कंफ्यूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ फास्टैग के नए नियमों से वाहन मालिकों को मिलेगी राहत



हाल ही में जारी किए गए फास्टैग के नए नियमों को लेकर लोगों में काफी कन्फ्यूजन था, लेकिन अब नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इन नियमों के बारे में स्पष्टीकरण दिया है। सरकार ने फास्टैग के नए नियमों को लेकर सफाई दी है, जिसे जानकर वाहन चालक राहत की सांस लेंगे। इसी सोमवार 17 फरवरी से लागू हुए फास्टैग के नए नियमों के मुताबिक जिन लोगों के फास्टैग को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा या जिनमें पर्याप्त बैलेंस नहीं होगा, उनसे टोल गेट पर डबल पेनल्टी वसूली जाएगी उन्हें टोल पर डबल पेमेंट देना होगा। एनएचएआई ने इसी नियम को लेकर सफाई दी है और हाइवे पर अक्सर सफर करने वालों को बड़ी राहत दी है।

नई गाइडलाइन्स के तहत, अगर किसी यूजर का फास्टैग 60 मिनट पहले एक्टिव स्टेटस में नहीं है, और वह टोल बूथ पर पहुंचने के बाद 10 मिनट के अंदर फास्टैग रिचार्ज नहीं करता है, तो उसे डबल टोल चुकाना पड़ेगा। हालांकि, जैसा कि एनएचएआई ने स्पष्ट किया है यह नियम केवल पेमेंट सेटेलमेंट को लेकर है और इससे यात्री के अनुभव पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

यात्री को मिलेगी राहत-एनएचएआई का कहना है कि इन नए नियमों से टोल गेट पर डिजिटल ट्रांजेक्शन के सेटलमेंट में आसानी होगी, और यह पूरी प्रक्रिया जल्द और बिना किसी परेशानी के पूरी ▶▶| शेष पेज 6 पर

### फास्टैग किसी भी समय कर सकते हैं रिचार्ज

एनएचएआई ने यह भी स्पष्ट किया कि फास्टैग यूजर्स किसी भी समय अपने फास्टैग को रिचार्ज कर सकते हैं, इससे पहले कि वे टोल बूथ पर पहुंचें। इसके अलावा गाइड लाइन्स यह सुनिश्चित करती हैं कि बैंकों के बीच फास्टैग से जुड़े पेमेंट एक निश्चित समय सीमा में पूरा हो जाए। इस तरह से यूजर्स को डबल टोल या अचानक पेनल्टी का सामना नहीं करना पड़ेगा।







# पहाड़ों में बर्फबारी... उमड़े सैलानी

## हिमाचल के कुल्लू-मनाली में मौसम हुआ सुहाना

## पर्यटकों ने किया जमकर एंजॉय





मनाली। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू-मनाली में मौसम मेहरबान हो गया है। सैलानी जमकर मौसम का मजा ले रहे हैं। शुक्रवार को मनाली में बर्फबारी के बाद नेहरू कुंड पहुंचने पर पर्यटकों की गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। पर्यटकों ने सिस्सू, अटल टनल के नार्थ पोर्टल, कुठ बिहाली व कोकसर में लाहौल घाटी के लगभग 12 किमी के क्षेत्र में बर्फ के खेलों का आनंद लिया। बर्फ से ढकी सोलंग घाटी में पर्यटकों ने खूब एंजॉय किया।



# दहेज नहीं मांगा... फिर भी लग सकता है 498 ए का केस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कहा कि किसी महिला का पति और ससुराल वाले दहेज नहीं मांगते लेकिन हिंसा करते हैं और उसे प्रताड़ित करते हैं तो भी सेक्शन 498 ए के तहत उन पर एक्शन हो सकता है। आम तौर पर धारणा यह है कि यह कानून दहेज उत्पीड़न के मामलों से महिलाओं को बचाने के लिए है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है। आम तौर पर माना जाता है कि सेक्शन 498 ए दहेज की मांग पर लगता है और अगर दहेज की मांग नहीं की गई है तो ऐसे केस में महिला के पति और परिवार वाले बच सकते हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय पर स्थिति साफ करते हुए कहा कि सेक्शन 498 ए का उद्देश्य सिर्फ दहेज की मांग करते हुए उत्पीड़न से बचाव करना ही नहीं है। इसका उद्देश्य महिलाओं को घरेलू उत्पीड़न, हिंसा और अत्याचार से बचाना है।

### धारा 498 ए के तहत अपराध केवल दहेज की मांग तक सीमित नहीं

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की खंडपीठ ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 498 ए के तहत अपराध का मूल क्रूरता है और यह केवल दहेज की मांग तक सीमित नहीं है। ऐसे में दहेज की मांग का अभाव में शारीरिक और मानसिक हिंसा भी इसके दायरे में आती है। अपने पति और सास के खिलाफ कार्यवाही को रद्द करने के खिलाफ एक महिला की याचिका पर विचार करते हुए, अदालत ने कहा कि आईपीसी की धारा 498 ए क्रूरता के दो अलग-अलग रूपों को मान्यता देती है। एक खंड (**A**) में शारीरिक या मानसिक नुकसान शामिल है और दूसरा खंड (**B**) में संपत्ति या मूल्यवान वस्तुओं की अवैध मांग से जुड़ा उत्पीड़न शामिल है।

## चार्जशीट में पुलिस ने किए हैरान करने वाले खुलासे


# डी-कंपनी ने रची थी संभल दंगों की दुबई में साजिश, साठा मास्टरमाइंड

- विदेशी कारतूस का हुआ है इस्तेमाल
- शाही जामा मस्जिद के एएसआई सर्वे के दौरान हुई थी हिंसा
- इस मामले में दर्ज हुई हैं कुल 12 एफआईआर

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश के संभल में 24 नवंबर को हुई हिंसा को लेकर यूपी पुलिस ने गुरुवार को 400 पेज की जो चार्जशीट फाइल की, उसमें बताया गया है कि किस तरह से दुबई में रहने वाला शारिक साठा हिंसा का मास्टरमाइंड था। शारिक साठा अभी दुबई में है और उसका संबंध डी कंपनी से भी है। चार्जशीट में बताया गया कि इस हिंसा के पीछे डी कंपनी का हाथ था।

पुलिस ने कहा कि शारिक साठा का दिल्ली में एक गिरोह था और इसने दिल्ली-एनसीआर में 300 से अधिक गाड़ियां चुराई थी। चार्जशीट के अनुसार शारिक का संबंध दाऊद इब्राहिम और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से है। वह नकली पासपोर्ट का इस्तेमाल कर देश से भागा था। चार्जशीट में 79 आरोपियों के नाम शामिल है और सभी जेल में बंद हैं। पुलिस ने बताया कि अब इसके बाद सप्लीमेंट्री चार्जशीट भी दाखिल की जाएगी।





### हिंसा स्थल पर मिले विदेशी कारतूस

पुलिस की चार्जशीट में अकाउंट में अवैध पैसों का ट्रांसफर और हिंसा स्थल पर विदेशी कारतूस भी मिलने की बात कही गई है। पुलिस ने बताया कि इस हिंसा में पांच लोगों की मौत हुई थी, जिसमें चार की मौत के लिए शारीक साठा और उसके साथ ही जिम्मेदार हैं। वहीं पांचवी मौत के लिए कोई एफआईआर ही दर्ज नहीं की गई थी। बता दें कि संभल में शाही जामा मस्जिद के कोर्ट के आदेश पर सर्वे किया जा रहा था। एएसआई द्वारा सर्वे किया जा रहा था। इसी दौरान हिंसा हुई थी। इस हिंसा की जांच **SIT** कर रही है। मामले में कुल 12 एफआईआर दर्ज हुई है और सभी की जांच की जा रही है।

### सपा सांसद के खिलाफ दर्ज एफआईआर

चार्जशीट में समाजवादी पार्टी के स्थानीय सांसद जियाउर रहमान बर्क का भी नाम शामिल है। वहीं स्थानीय विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल का भी नाम शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार शारिक साठा के संभल और पड़ोसी जिलों में अच्छे राजनीतिक संबंध भी हैं। पुलिस एफआईआर में शामिल सभी संदिग्धों की भूमिका की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद भी एक चार्जशीट दाखिल की जाएगी। संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने भी कहा कि शारिक की संलिप्तता सामने आई है और हमारे द्वारा जुटाए गए सबूतों के आधार पर हम कह सकते हैं कि उसने ही साजिश रची थी।

### हाथरस भगदड़ : भोले बाबा को क्लीन चिट



**लखनऊ।** 2 जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के फुलराई गांव में हुए दर्दनाक हादसे की जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। इस हादसे में भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि के सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी। न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट में भोले बाबा को क्लीन चिट मिल गई है। रिपोर्ट में भगदड़ के लिए मुख्य रूप से आयोजकों को जिम्मेदार ठहराया है, इसके साथ ही प्रशासन और पुलिस की लापरवाही को भी गंभीर चूक माना है। राज्य सरकार को सौंपी गई न्यायिक रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि इस हादसे में भोले बाबा की कोई सीधी भूमिका नहीं थी। रिपोर्ट के अनुसार, जिस सत्संग में यह भगदड़ हुई थी, उसके आयोजकों ने सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया था। हालांकि, एसआईटी की तरह ही न्यायिक आयोग ने भी सत्संग करने वाले कथावाचक 'भोले बाबा' को इस हादसे से अलग माना है और उन्हें क्लीन चिट दी है।

# पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी व मंत्रियों के हटाए गए पर्सनल स्टाफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



एक्शन में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शपथ लेने के बाद से ही एक्शन मोड में नजर आ रही हैं। उन्होंने सीएम का चार्ज संभालते ही एक के बाद एक धड़ाधड़ काम करने शुरू कर दिए हैं। पहले आयुष्मान योजना को मंजूरी, फिर कैग रिपोर्ट्स को सदन में पेश करने की मंजूरी मिली।

अब रेखा गुप्ता ने एक और निर्णय लेते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्रियों के व्यक्तिगत स्टाफ की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। साथ ही, पूर्व सरकारों ने जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की अन्य विभागों या संस्थानों में नियुक्त किया था, उन्हें तत्काल अपने मूल विभागों में रिपोर्ट करने का निर्देश दे दिया गया है। बता दें कि 20 फरवरी को गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिल्ली के मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों की नियुक्ति हो गई है। नवनिर्वाचित सरकार के गठन के लिए सभी श्रेणियों के कर्मचारियों की नियुक्ति नए सिरे से की जाती है।

ऐसे में पूर्व सीएम और मंत्रियों के त्यागपत्र देने के बाद उनके पर्सनल स्टाफ को समाप्त माना जाता है। इसी कारण पूर्व सीएम और मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ को उनके मूल विभागों में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

### प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए थे अफसर

पूर्व सरकार ने कई अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति पर विभिन्न बोर्ड और कॉरपोरेशनों में भेजा था। शुक्रवार को गुप्ता ने सभी विभागों को अपने कर्मचारियों का अपडेट देना होगा। विभाग के जो अधिकारी और कर्मचारी कहीं और नियुक्त किए गए थे, उन्हें मूल विभागों में लौटाया जाएगा। एक हफ्ते पहले ही सभी विभागों से कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर और व्यक्तिगत स्टाफ की नियुक्ति की सूची मांगी गई थी। इसके बाद गुप्ता ने कड़ा फैसला लेते हुए पूर्व सरकार द्वारा नियुक्त किए गए कर्मचारी और अधिकारियों को वापस उनके विभाग में जाने का आदेश दिया गया है।




हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



- सारनाथ के रद्द होने से छत्तीसगढ़ से लेकर उत्तरप्रदेश और बिहार के हजारों यात्री परेशान
- ट्रेन में खड़े होने की जगह नहीं, अब प्राइवेट गाड़ी में 25 हजार तक पहुंचा किराया

# सारनाथ अब 26 तक रहेगी रद्द, 15 हजार यात्रियों के जीवन से दूर हुआ महाकुंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

महाकुंभ में शामिल होने प्रयागराज आए हजारों यात्री अब घर लौटने के लिए परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर उतने ही यात्री रायपुर से प्रयागराज जाना चाहते हैं। इन हजारों यात्रियों की परेशानी का एकमात्र कारण सारनाथ एक्सप्रेस का पुनः रद्द होना है। पहले रेलवे ने 19 से 21 फरवरी तक ट्रेन रद्द की थी, यात्रियों ने टिकट का रिफंड लेकर 22 फरवरी को फिर से टिकट कराया, लेकिन शुक्रवार को एक बार फिर से रेलवे ने सारनाथ एक्सप्रेस को 26 फरवरी तक नहीं चलाने का फैसला लिया है, जिससे अब सारनाथ से यात्री महाकुंभ नहीं पहुंच सकेंगे। दोनों तरफ से यात्रियों को न तो ट्रेन मिल रही है और न ही बसें उपलब्ध हैं। प्रयागराज से रायपुर तक यात्री संघर्ष कर रहे हैं।

स्थिति यह हो गई है कि यात्री खड़े होकर यात्रा करने के लिए मजबूर हैं और महाकुंभ में पहुंचे यात्री ▶▶|शेष पेज 6 पर

## 10 हजार से अधिक यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

रेलवे द्वारा सारनाथ एक्सप्रेस को पहले तीन दिनों के लिए रद्द करने से 6,000 से अधिक यात्रियों का प्रयागराज जाने का सपना टूट गया था। अब जब पांच दिनों के लिए फिर से ट्रेन को रद्द किया गया है, तो 15,000 से अधिक यात्री महाकुंभ से छपरा तक नहीं पहुंच पाएंगे। रायपुर से 22 से 26 फरवरी तक 8,000 से अधिक यात्री प्रयागराज जाने के लिए तैयार थे, लेकिन ट्रेन ▶▶|शेष पेज 6 पर

## सारनाथ के यात्री प्रयागराज में फंसे

महाकुंभ में शामिल होने प्रयागराज आए रायपुर के चंद्रशेखर तिवारी अब घर लौटने के लिए परेशान हैं। उनका कहना है कि घर लौटने का रास्ता जैसे बंद सा हो गया है। ट्रेन में लगातार वेटिंग बढ़ रही है, और खड़े होकर भी सफर नहीं किया जा सकता। उनकी परेशानी का कारण 20 फरवरी को रायपुर के लिए सारनाथ ▶▶|शेष पेज 6 पर

# महाकुंभ में नहातीं और कपड़े बदलती लड़कियों का वीडियो फोटो वायरल, चार गिरफ्तार



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 में स्नान कर रही महिलाओं की निजता का उल्लंघन करने और उनके अशोभनीय वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर बेचने के मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने 15 सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। वहीं गुजरात पुलिस ने महाकुंभ में नहाती महिलाओं के वीडियो बनाकर बेचने के मामले में प्रयागराज के यूट्यूबर समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर इस तरह के वीडियो यूट्यूब और टेलीग्राम पर अपलोड करने का आरोप है। छानबीन में इनके पास से महिलाओं के आपत्तिजनक फुटेज मिले हैं। अब तक कुल 17 सोशल मीडिया अकाउंट्स को चिह्नित कर तीन केस दर्ज किए जा चुके हैं। बता दें कि सोशल मीडिया निगरानी टीम ने पाया कि कुछ प्लेटफॉर्म्स पर महाकुंभ में स्नान कर रही महिलाओं के वीडियो और फोटो अशोभनीय ढंग से प्रसारित और बेचे जा रहे थे।

## पहले भी दर्ज हुए थे मामले

17 फरवरीः एक इंस्टाग्राम अकाउंट के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। इस अकाउंट से महिलाओं के स्नान और कपड़े बदलते समय के वीडियो पोस्ट किए जा रहे थे। पुलिस ने मेटा कंपनी से अकाउंट संचालक की जानकारी मांगी है और पहचान होने पर गिरफ्तारी की जाएगी। 19 फरवरीः एक टेलीग्राम चैनल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। यह चैनल महाकुंभ में महिलाओं के अशोभनीय वीडियो को विभिन्न कीमतों पर बेचने का दावा कर रहा था।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### गोवा सीएम के खिलाफ धमकी भरे बयान पर केस दर्ज



**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के खिलाफ कथित तौर पर जिंदा दफनाने की धमकी भरे बयान देने के आरोप में एक सामाजिक कार्यकर्ता रामा कंकोंकर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पणजी पुलिस ने कहाकि इस तरह के बयान से आम जनता में दुश्मनी पैदा हो सकती है।

### सज्जन कुमार की सजा पर फैसला सुरक्षित



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के एक मामले में कांग्रेस नेता सज्जन कुमार के खिलाफ सजा की अवधि पर फैसला 25 फरवरी तक के लिए सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान एक शिकायतकर्ता ने दिल्ली की अदालत से पूर्व कांग्रेस सांसद को मृत्युदंड देने का आग्रह किया।

### खजुराहो महोत्सव में बना शास्त्रीय नृत्य का रिकॉर्ड



**छतरपुर।** 51वें खजुराहो नृत्य महोत्सव में 139 कलाकारों ने 24 घंटे से अधिक समय तक नृत्य कर सबसे लंबे समय तक शास्त्रीय नृत्य करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। नृत्य की शुरुआत बुधवार अपराह्न दो बजकर 34 मिनट पर हुई, जो बृहस्पतिवार को समाप्त हुआ।

### उपमुख्यमंत्री शिंदे को धमकी मामले में दो गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को उड़ाने की धमकी देने वाले ईमेल के सिलसिले में महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों की पहचान मंगेश वायल और अभय शिंगणे के रूप में हुई है। दोनों जिले के देउलगांव राजा के देउलगांव माही इलाके के निवासी हैं।

### जेलों में कैदियों को संगम के जल से कराया स्नान



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की 75 जेलों में बंद 90000 से ज्यादा कैदियों ने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में संगम से लाए गए जल से स्नान किया। उत्तर प्रदेश जेल प्रशासन ने इसके लिए व्यवस्था की और प्रयागराज के संगम से जल को राज्य भर की 75 जेलों में पहुंचाया। जिसमें कैदियों ने स्नान कर पुण्य कमाया।

### ट्रंप ने फिर उठाया मामला, कहा- यह एक रिश्वत योजना

# चुनावी फंडिंग पर ट्रंप के बयान से केंद्र में चिंता, भाजपा-कांग्रेस भिड़ीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कथित अमेरिकी फंडिंग और 'रिश्वत' का मुद्दा फिर से उठाए जाने के बाद देश में सियासत गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि इस पैसे का इस्तेमाल भारत में 'डीप स्टेट एसेट्स' को बनाए रखने के लिए किया गया और मामले की जांच की मांग की। वहीं कांग्रेस ने इस मामले में श्वेतपत्र की मांग की है। इन सबके बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ यूएसएआईडी गतिविधियों और फंडिंग के बारे में दी गई जानकारी देखी है। ये स्पष्ट रूप से बहुत ही परेशान करने वाली हैं। इससे भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप के बारे में चिंताएं पैदा हुई हैं।

केंद्र ने शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयानों पर गंभीर चिंता जताई है। गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को फिर से भारत में मतदान के लिए अमेरिकी सरकार की तरफ से 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर के आवंटन पर सवाल उठाया और इसे 'रिश्वत योजना' बताया।

## विदेश मंत्रालय ने कहा- सभी तथ्यों की होगी सघन जांच

### ट्रंप ने क्या कहा था

पिछले दिनों डोनाल्ड ट्रंप ने मियामी में अपने भाषण के दौरान, भारत को यूएसएआईडी फंड रद्द करने का ऐलान किया था। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि जो बाइडेन प्रशासन भारत के 2024 के लोकसभा चुनावों में हस्तक्षेप करने का प्रयास कर रहा था। ट्रंप ने कहा था, हमें भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन अमरीकी डालर खर्च करने की जरूरत क्यों है? मुझे लगता है कि वे किसी और को निर्वाचित करने की कोशिश कर रहे थे।



### एजेंसियां व विभाग कर रहे जांच : विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। इस समय सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। सरकार इस मामले की सक्रियता से जांच कर रही है। संबंधित अधिकारी इस पर विचार कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम बाद में इस पर कोई अपडेट दे पाएंगे।

### डीओजीई ने कटौती शुरू करने के बाद उपजा पूरा विवाद

बता दें कि, ये बवाल तब शुरू हुआ, जब अमेरिकी सरकार के कार्यदक्षता विभाग (डीओजीई) ने अमेरिकी करदाताओं की तरफ से वित्तपोषित पहलों की एक सूची पोस्ट की, जिसमें 'भारत में मतदान' के लिए निर्धारित 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर का उल्लेख था। एलन मस्क की अध्यक्षता वाले डीओजीई ने 16 फरवरी को इसे रद्द करने की घोषणा की। एक्स पर एक पोस्ट में, डीओजीई ने अमेरिकी करदाताओं की तरफ से रद्द किए गए खर्चों की संख्या सूचीबद्ध की, जिसमें 'भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर' भी शामिल है।

### मोदी को सत्ता से हटाने हो रही थी फंडिंगः भाजपा

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, भाजपा नेता अमित मालवीय ने आरोप लगाया कि अमेरिका से मिले धन का उपयोग भारत में डीप स्टेट एसेट्स के लिए किया जा रहा था 'जो इस तरह के खुलासे का बचाव करने और उन्हें विचलित करने का काम करते हैं। उन्होंने रिश्वत का भी उल्लेख किया है। मालवीय ने कहा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस दावे की पुष्टि होती है कि विदेशी ताकतें उन्हें सत्ता में आने से रोकने की कोशिश कर रही थीं।

### भाजपा बोल रही झूठ श्वेत पत्र जारी होः कांग्रेस

इस मामले में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा अमेरिकी एजेंसी 'यूएसएआईडी' के वित्तपोषण के मामले में भाजपा पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि अब सच सामने आने के बाद सत्तारूढ़ दल को माफी मांगनी चाहिए। रमेश ने कहा इसकी स्थापना 3 नवंबर, 1961 को हुई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से किए जा रहे दावे कम से कम कहने के लिए तो बेतुके हैं फिर भी भारत सरकार को जल्द से जल्द एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए।

# स्थायी डीजीपी के लिए अब तक यूपीएससी को पैनल नहीं चार नाम हो सकते हैं शामिल



अरुणदेव गौतम | पवनदेव | हिमांशु गुप्ता | जीपी सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में डीजीपी के पद के लिए राज्य सरकार द्वारा अब तक स्थायी पैनल नहीं भेजा गया है। पिछले दिनों राज्य के डीजीपी के पद से अशोक जुनेजा के सेवानिवृत्त होने के बाद अरुणदेव गौतम के डीजीपी बनाया गया है। बताया गया है कि वे प्रभारी डीजीपी के रूप में काम कर रहे हैं। स्थायी डीजीपी के लिए राज्य सरकार पैनल यूपीएससी को भेजेगी। आमतौर पर तीन डीजी का पैनल भेजा जाता है। अरुणदेव सहित तीन डीजी पहले से हैं। जीपी सिंह के प्रमोशन के बाद अब चार हो गए हैं। संभव है कि सरकार पैनल में सबको शामिल करे। राज्य शासन के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो प्रदेश में पूर्णकालिक डीजीपी के पद के लिए अभी प्रक्रिया होनी बाकी है। इससे पूर्व में जब अशोक जुनेजा के संविदा नियुक्ति से रिटायर होने के पहले राज्य शासन ने यूपीएससी दिल्ली को तीन अधिकारियों के नामों का पैनल भेजा था। इन नामों में से एक नाम अरुणदेव गौतम पर सहमति बनी थी। इधर श्री जुनेजा के सेवानिवृत्त होने के बाद 4 फरवरी से श्री गौतम यहां प्रभारी डीजीपी के रूप में काम कर रहे है

- जुनेजा के रिटायर होने के बाद गौतम को बनाया गया है प्रभारी डीजीपी

### नए पैनल में शामिल हो सकते हैं ये नाम

राज्य शासन ने अभी यूपीएससी को डीजीपी के पूर्णकालिक पद के लिए नामों का पैनल नहीं भेजा है, लेकिन जब भी ये पैनल भेजा जाएगा, उसमें चार या पांच अधिकारियों के नाम शामिल हो सकते हैं। इनमें अरुणदेव गौतम, पवनदेव, हिमांशु गुप्ता के नाम प्रमुख हैं। इसी क्रम में अब जीपी सिंह का नाम भी दावेदारों में शामिल है। वे हाल ही में डीजी के रूप में पदोन्नत हुए हैं। इससे पहले जब तीन नामों का पैनल भेजा गया था, तब वे इसमें शामिल नहीं थे, क्योंकि उस समय उनसे संबंधित न्यायालयीन विवाद लंबित थे। अब सभी विवादों का निपटारा हो चुका है। प्रदीप गुप्ता भी दावेदार हैं। क्योंकि श्री गुप्ता की सेवा अवधि 30 साल होने के कारण वे भी डीजीपी पद के दावेदारों में शामिल हो सकते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर देवेंद्र यादव जेल से रिहा कार्यकर्ताओं का उमड़ा हुजूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार हिंसा मामले में 17 अगस्त से जेल में बंद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर शुक्रवार को जेल से रिहा हो गए। देवेंद्र यादव की रिहाई का स्वागत करने बड़ी संख्या में रायपुर, भिलाई तथा दुर्ग के कांग्रेसी कार्यकर्ता जेल परिसर पहुंचे। जेल परिसर के बाहर कार्यकर्ताओं की भीड़ के कारण जेल रोड पर एक घंटे से ज्यादा समय तक जाम की स्थिति रही। इसके लिए पुलिस को जेल मार्ग को वन वे करना पड़ा। ▶▶|शेष पेज 6 पर

- कार्यकर्ताओं की भीड़ के कारण जेल मार्ग पर लगा एक घंटे से ज्यादा जाम

### भीड़ नियंत्रित करने कई थानों की पुलिस के साथ अफसर

जेल परिसर के बाहर देवेंद्र यादव के समर्थकों की भीड़ को देखते हुए किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की समस्या खड़ी न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए एएसपी सिटी लखन पटले के साथ ही गंज, देवेंद्र नगर तथा मौदहापारा थाने के टीआई के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे।

### समझाइश के बाद भी कार्यकर्ता सड़कों पर

ट्रैफिक जाम से लोगों को राहत दिलाने पुलिस प्रशासन देवेंद्र यादव के समर्थकों को सड़क के एक किनारे खड़े होने की अपील कर रहा था। बावजूद इसके समर्थक अपने हाथों में तख्तियां लेकर बीच सड़क पर नारे लगाते दिखे। समर्थक जेल के ताले टूट गए देवेंद्र भैया छूट गए नारे के साथ जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे।

### बलौदाबाजार आगजनी कांड में 112 और आरोपियों को जमानत

**बिलासपुर।** बलौदाबाजार आगजनी कांड में हाईकोर्ट ने शुक्रवार को 112 और आरोपियों को जमानत दे दी है। इन्हें मिलाकर अब तक मामले में 165 आरोपियों को जमानत मिल चुकी है। कोर्ट ने आरोपियों को 25 हजार रुपए के व्यक्तिगत मुचलके पर जमानत दी है। कोर्ट ने कहा कि आरोपी लंबे समय से जेल में बंद हैं और इस मामले की विवेचना पूरी हो चुकी है, इसलिए उन्हें जमानत देने में कोई बाधा नहीं है। न्यायमूर्ति एन. के. व्यास की एकलपीठ ने सुनवाई करते हुए यह निर्णय सुनाया। हालांकि, हाईकोर्ट ने आरोपियों को कुछ शर्तों के साथ जमानत दी है। उन्हें ट्रायल कोर्ट में हर सुनवाई के दौरान अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना होगा। यदि वे इस आदेश का पालन नहीं करते हैं तो उनकी जमानत रद्द की जा सकती है। ध्यान रहे कि इस मामले ▶▶|शेष पेज 6 पर

# पाक को अवैध रूप से दवाएं भेजने वाली फर्म की 5 करोड़ की संपत्ति जब्त



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन निरोधक कानून के तहत तेलंगाना स्थित एक दवा कंपनी की पांच करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। ईडी ने कहा कि कंपनी पर पाकिस्तान को अवैध रूप से 18,000 किलो से अधिक दवाइयां निर्यात करने का आरोप है। राज्य के संगारेड्डी जिले में स्थित कंपनी ल्यूसेंट ड्रग्स प्रा. लि. के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत एक अंतरिम आदेश जारी किया गया था।

### ये संपत्तियां जब्त

संघीय जांच एजेंसी के मुताबिक, जब्त की गई संपत्तियों में कंपनी की जमीन, इमारत और फैक्टरी परिसर शामिल हैं और इनकी कीमत करीब 5.67 करोड़ रुपये है। ईडी ने कहा कि कार्रवाई संबंधित दस्तावेज की जालसाजी के लिए दर्ज की गई शिकायत पर आधारित है।

# चुनाव निपटने के बाद थोक में होंगी निगम-मंडल में नियुक्तियां, तीन दर्जन अध्यक्ष-सदस्यों की सूची संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब पंचायत चुनाव चल रहे हैं। पंचायत चुनाव भी 24 फरवरी को समाप्त हो जाएंगे। उसके बाद थोक में निगम-मंडलों में नियुक्तियों की तैयारी है। सूत्रों के अनुसार एक साथ तीन दर्जन अध्यक्ष और सदस्यों की सूची जारी की जा सकती है। संगठन स्तर पर नामों को लेकर सहमति बन गई है। नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों की वजह से सत्ता और संगठन ने सूची जारी नहीं की थी, ताकि पद न मिलने वाले पदाधिकारियों की वजह से चुनाव पर असर न हो। अब चुनाव होने के बाद निगम- ▶▶|शेष पेज 6 पर

### प्रदेश सरकार की संगठन के साथ चल रही हैं अंतिम कवायद





### बड़े निगम, मंडलों पर नजरें

प्रदेश के बड़े निगम, मंडलों पर सभी की नजरें हैं। इनमें छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, ब्रेवरेज कारपोरेशन, रायपुर विकास प्राधिकरण, बीज निगम, नागरिक आपूर्ति निगम, पाठ्य पुस्तक निगम, खनिज निगम, लघु वन उपज बोर्ड, छत्तीसगढ़ ▶▶|शेष पेज 6 पर

### अच्छा काम करने वालों को मिलेगा मौका

निगम-मंडलों में नियुक्ति को लेकर यही कहा जा रहा है कि विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा और अब नगरीय निकाय चुनाव में जिन लोगों ने अच्छा काम किया है, उन नेताओं को निगम-मंडल में नियुक्ति देकर उनको तोहफा दिया जा सकता है। प्रदेश के कई नेताओं के नाम चर्चा में हैं। इसी के साथ नगरीय निकाय चुनाव में जिन नेताओं को महापौर का चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिल पाया है और जो लंबे समय से किसी भी चुनाव में प्रत्याशी बनने से वंचित रहे हैं, उनको भी निगम-मंडल में पद दिया जा सकता है।

# सरकार की ईवी पॉलिसी में बड़े बदलाव की तैयारी जारी

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिकल पॉलिसी पर एक बड़ी खबर आई है। देश में ईवी पर बनाई गई पॉलिसी को स्मेट पॉलिसी कहते हैं। सरकार ने ये पॉलिसी बनाई ही उन कंपनियों के लिए है जो प्रीमियम क्वालिटी के इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाती हैं और जो ग्लोबल मैन्युफैक्चरर हैं। सरकार चाहती है कि ऐसी बड़ी कंपनिया भारत में आएं, भारत में मैन्युफैक्चरिंग करें और शुरू के कुछ सालों में इंपोर्ट ड्यूटी में छूट का फायदा उठाएं। शर्त ये है कि अगर टेस्ला जैसी कोई कंपनी भारत में निवेश का कमिटमेंट करती है और कहती है कि वह देश में कम से कम 500 अरब डॉलर निवेश करेगी तो उसे शुरुआत में हर साल 8000 यानी 5 साल में लगभग 40,000 गड़ियों पर 15 फीसदी की कंसेशनल रेट पर इंपोर्ट ड्यूटी चुकानी होगा।

- पॉलिसी उनके लिए जो प्रीमियम क्वालिटी के इलेक्ट्रिक वाहन बनाते हैं

### कंपनियों की समस्याओं का होगा समाधान

*एक दम सरल शब्दों में कहें तो इन शर्तों को पूरा करने पर इंपोर्ट ड्यूटी 110 फीसदी से घटकर 15 फीसदी हो सकती है। जानकारों का कहना है कि सरकार के इस फैसले से टेस्ला जैसी बड़ी कंपनियों की कई शंकाओं का समाधान होगा। इस मुद्दे पर सरकार ने पिछले कई महीनों में तमाम स्टेक होल्डरों के साथ सलाह मशविरा किया है। इसके बाद ही इस तरह की नीति लाने का फैसला किया गया है।*

ASHOKA | ASHOKA BUILDCON LIMITED

CONTRACTOR REQUIREMENT

We are requiring Experienced Contractors for Hard rock cutting works along the running Railway track, Earthwork, Structure Works, Building works and Suppliers/Quarries of Stone Boulders, Aggregates, Blanket, Ballast, River sand, Bricks for Railway Project Works in the district of Korea, Surajpur and Korba of Chhattisgarh State.

The Interested Contractors/Suppliers may contact immediately to

MR. GULSHAN KUMAR
gulshan.kumar@ashokabuildcon.in
8168112301

## चिंतन

# वोटर टर्नआउट फंडिंग का 'सच' सामने लाए सरकार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत को लेकर कोई भी बात तथ्य की कसौटी पर तोलकर बोलनी चाहिए। दूसरी पारी में शपथ लेने के बाद से वे लगातार भारत की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। तेजी से वैश्विक भूराजनीतिक समीकरण को बदल रहे ट्रंप को भारत के बारे में किसी भी राजनीतिक शैली में बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने संबंधी अमेरिकी वित्त पोषण को लेकर ट्रंप के दावे तथ्यों की कसौटी पर कितने खरे हैं, इसकी जांच निश्चित ही होनी चाहिए। अमेरिका को पहले अपनी यूएसएड (अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय सहायता एजेंसी) की ऑडिट करनी चाहिए, फिर तथ्य के आधार पर भारत के बारे में अपनी बात कहनी चाहिए। भारत सरकार को भी देश में यूएसएड के कामकाज व फंडिंग की जांच करनी चाहिए। जिस प्रकार एलन मस्क नीत अमेरिकी प्रशासनिक सुधार विभाग ने भारत में वोटर टर्नआउट को लेकर यूएसएड की ओर से फंडिंग की बात उछाली है, उसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने उस बात को दोहराया और अपनी पूर्ववर्ती जो बाइडन सरकार की ओर इशारा करते हुए यूएसएड फंडिंग के जरिये भारत में चुनावी प्रक्रिया में दखल की बात कही, उसके बाद भारत सरकार का गंभीर होना लाजिमी है। लेकिन इन्वेस्टिगेटिव मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मस्क और ट्रंप जिस फंडिंग की बात कर रहे हैं, वो मालदोवा और बांग्लादेश के लिए की गई थी, भारत को नहीं। इस फंडिंग की वजह से दोनों जगह सत्ता प्रभावित हुई। सवाल है कि इस फंडिंग का सच सामने आना चाहिए। देश के अंदर राजनीतिक बयानबाजी के बजाय सरकार को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए और दूध का दूध व पानी का पानी करना चाहिए। भारतीय नीतियां, लोकतांत्रिक शासन प्रणाली, भारत की राजनीतिक स्थिरता, लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक व धार्मिक विविधताएं विदेशी एजेंसियों व राष्ट्रों के निशाने पर रही हैं। चूंकि भारत अभी तेजी से उभरता शक्तिशाली राष्ट्र है, इसलिए इसे अस्थिर करने की कोशिश भी तेजी से होगी। भारत सरकार को वोटर टर्नआउट के लिए कथित अमेरिकी फंडिंग के दावे को गंभीरता से लेते हुए एक्शन लेना चाहिए। इसके लिए भारत को किसी के दबाव में भी नहीं आना चाहिए। भारतीय प्रवासियों के साथ अमानवीय सलूक कर अमेरिकी सरकार ने विश्व में भारत का छविभंजन ही किया है। पीएम नरेन्द्र मोदी की यात्रा के दौरान जैसे को तैसा टैक्स की धमकी भी ग्लोबल ट्रेड व विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ ही है, साथ ही यह आतिथ्य परंपरा का भी अपमान है। भारत को अपना पक्ष मजबूती से रखना चाहिए। भारत को लेकर ट्रंप प्रशासन की जल्दबाजी वैश्विक कूटनीति के भी अनुरूप नहीं है। अमेरिका अगर भारत पर दबाव बनाने के लिए इन तरीकों का इस्तेमाल कर रहा है, तो यह बहुत ही बचकाना है। भारत को अपनी सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर आते हुए प्रतिक्रियात्मक रुख अपनाना चाहिए। प्रवासियों को भेजने के तरीके, रेसिप्रोकल टैक्स, वोटर टर्नआउट फंडिंग आदि मसले को लेकर भारत का बोल्ड रुख होना चाहिए। विश्व के अनेक देश देख रहे हैं कि अमेरिकी व्यवहार पर भारत का जवाबी व्यवहार कैसा है? भारत को महाशक्ति की रेस में आगे बढ़ना है, जमना है, तो ग्लोबल व्यवहार के प्रति उसी मात्रा में प्रतिक्रियात्मक बनना होगा। भू राजनीतिक व सामरिक-कूटनीतिक परिदृश्य में भारत अभी अनेक पिछड़े व विकासशील देशों के लिए उम्मीद है। इसलिए भी अमेरिकी दावों की जांच कर ट्रंप प्रशासन के सच को सामने लाना जरूरी है।



विश्लेषण
राजकुमार सिंह

# फिर दौड़ने लगा भाजपा का विजय रथ

> आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम् पार्टी की सत्ता में वापसी में भी वह गठबंधन- भागीदार थी, लेकिन उसके विजय रथ को रफ्तार मिली हरियाणा और महाराष्ट्र की चुनावी जीत से, जिसे अब दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी से और भी पंख लग जाएंगे। बेशक दो दर्जन विपक्षी दलों द्वारा 'इंडिया' गठबंधन बनाने तथा संविधान और आरक्षण को खतरे जैसे मुद्दे उठाने से अठारहवीं लोकसभा का चुनाव भाजपा के लिए कठिन साबित हुआ, लेकिन उसके बाद वह तेजी से अपनी चुनावी रणनीति और समीकरण बदलने में सफल रही है। लोकसभा चुनाव तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम और चेहरा ही भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी 'ट्रंप कार्ड' रहा।

पिछले साल लोकसभा चुनाव में 303 से 240 सीटों पर सिमट जाने के झटके से भाजपा आठ महीने में पूरी तरह उबर गयी है। चार जून, 2024 को आए लोकसभा चुनाव परिणाम भाजपा के विजय रथ की राह में बड़े 'स्पीड ब्रेकर' की तरह थे। 2014 में उसने 282 सीटों के साथ, तीन दशक बाद किसी एक दल को, स्पष्ट बहुमत का कमाल किया था, तो 2019 में अपनी सीटें बढ़ा कर 303 तक ले गयी थी। इसलिए 'अबकी बार, 400 पार' के नारे के बीच पिछले साल लोकसभा चुनाव में अपने दम पर बहुमत से भी वंचित हो जाना बड़ा झटका था। पर तीसरी बार, तेलुगु देशम् पार्टी और जनता दल यूनाइटेड जैसे सहयोगियों के समर्थन से, सरकार बनाने के बाद भाजपा अपने विजय रथ को फिर से पुरानी रफ्तार देने में सफल नजर आती है। बेशक पिछले साल लोकसभा चुनावों के साथ हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा पहली बार ओडिशा में सरकार बनाने में सफल रही थी।

आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम् पार्टी की सत्ता में वापसी में भी वह गठबंधन- भागीदार थी, लेकिन उसके विजय रथ को रफ्तार मिली हरियाणा और महाराष्ट्र की चुनावी जीत से, जिसे अब दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी से और भी पंख लग जाएंगे। बेशक दो दर्जन विपक्षी दलों द्वारा 'इंडिया' गठबंधन बनाने तथा संविधान और आरक्षण को खतरे जैसे मुद्दे उठाने से अठारहवीं लोकसभा का चुनाव भाजपा के लिए कठिन साबित हुआ, लेकिन उसके बाद वह तेजी से अपनी चुनावी रणनीति और समीकरण बदलने में सफल रही है। लोकसभा चुनाव तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम और चेहरा ही भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी 'ट्रंप कार्ड' रहा। लोकसभा चुनाव के बीच ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक इंटरव्यू में यहां तक कह दिया कि शुरूआत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मदद पर निर्भर रही पार्टी अब समर्थ हो गयी है, लेकिन उसके बाद उसकी चुनावी रणनीति में बड़ा परिवर्तन नजर आता है।

बेशक मोदी की लोकप्रियता अभी भी भाजपा का सबसे बड़ा सकारात्मक पक्ष है, लेकिन अब वह बहुआयामी चुनावी रणनीति के तहत चुनावी जंग में उतरती है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को लगे झटके के तीन प्रमुख कारण माने गये। एक, नड्डा की टिप्पणी से संघ की नाराजगी। दो, राज्य नेतृत्व की चुनाव में नगण्य भूमिका। तीन, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' द्वारा उठाये गये संविधान और आरक्षण को खतरे के मुद्दे। इसलिए भाजपा ने संघ से समन्वय और बेहतर बनाते हुए विधानसभा चुनावों में प्रदेश नेतृत्व को भी चुनावी मोर्चे पर आगे रखा। साथ ही वर्ष 2023 के अंत में खासकर मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में 'गेम चेंजर' साबित हुई 'लाडली बहन' योजना से प्रेरित होकर 'मुफ्त रेवड़ी राजनीति' को भी चुनावी रणनीति का खास अंग बनाया। बेशक भाजपा की हालिया चुनावी सफलताओं में 'इंडिया' में बढ़ता असंतोष तथा संविधान और आरक्षण के मुद्दों पर कांग्रेस से इतर दलों की आक्रामकता में कमी भी मददगार रही है, लेकिन मोदी की भाजपा ने फिर से 'चुनाव जिताऊ' मंत्र खोज लिया लगता है।

बेशक दिल्ली में तो भाजपा लगातार तीसरी बार सभी सात लोकसभा सीटें जीतने में सफल रही थी, लेकिन हरियाणा और महाराष्ट्र में, सत्तारूढ़ होने के



बावजूद, उसे जबर्दस्त झटका लगा था। उसके बाद ही भाजपा ने राज्यों के चुनावों में स्थानीय नेतृत्व और मुद्दों पर ज्यादा फोकस करना शुरू किया।

महाराष्ट्र तो इस मामले में मिसाल है, जहां क्षेत्रवार चुनावी रणनीति बनायी गयी। बेशक हरियाणा में भी भाजपा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही, लेकिन महाराष्ट्र में उसने इतिहास ही रच दिया। मध्य प्रदेश की तर्ज पर 'लाड़की बहन' योजना समेत रिकॉर्ड संख्या में लोक लुभावन योजनाएं घोषित की गयीं तो महायुति के मित्र दलों की जीत की भी बिसात बिछायी गयी। हरियाणा और महाराष्ट्र में शानदार जीत के बावजूद देश की राजधानी दिल्ली में भाजपा की राह आसान नहीं थी। आखिर लोकसभा चुनाव में सातों सीटें जिताने के बावजूद दिल्ली के मतदाता उसे राज्य की सत्ता के पास भी नहीं फटकने दे रहे थे और आप उनकी पहली पसंद बनी हुई थी। दरअसल दिल्ली में आप ने एकछत्र राज-सा कायम कर लिया था।

2013 के विधानसभा चुनाव में तो 28 सीटें जीती आप को आठ सीटों वाली कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनानी पड़ी, लेकिन 2015 और 2020 में उसने क्रमशः 67 और 62 सीटें जीत कर देश और दुनिया को चौंका दिया। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा क्रमशः तीन और आठ सीटों पर सिमट गयी तो देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पायी।

ऐसे में दिल्ली का चुनावी मोर्चा, देश में लगातार तीसरी बार सरकार बना लेने के बावजूद, भाजपा के लिए सबसे दुष्कर माना जा रहा था। इसलिए दिल्ली में आप से 40 सीटें छीन कर 27 साल बाद सत्ता में वापसी भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनावी 'बूस्टर डोज' साबित हो सकती है। आंकड़े बताते हैं कि लोकसभा चुनाव मिल कर लड़ीं कांग्रेस और आप के एक-दूसरे के विरुद्ध ताल ठोंकने से भी मदद मिली, लेकिन इस जीत के लिए भाजपा ने एक साथ कई मोर्चों पर काम किया। शराब घोटाले और शीश महल के आरोपों से घिरे अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध भाजपा ने जहां बेहद आक्रामक अभियान चलाया, वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सघन जन संपर्क के जरिये बड़ी भूमिका निभायी।

आप के परंपरागत वोट बैंक में और भी आकर्षक 'रेवड़ी-वायदों' से सेंध लगायी तो स्थानीय नेतृत्व को आगे करते हुए वेतन आयोग एवं आयकर राहत से अपने वोट बैंक का विस्तार किया। आप के संयोजक केजरीवाल को चुनावी रणनीति में बेहद चतुर माना जाता रहा है, लेकिन उन्हें भी उनके गढ़ में ही करारी मात देकर भाजपा ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लिए चुनावी खतरे की घंटी बजा दी है। पंजाब की परिस्थितियां पूरी तरह अलग हैं, लेकिन दिल्ली की सत्ता गंवाने के बाद आप के लिए दिल्ली नगर निगम में भी अपनी सत्ता बचा पाना आसान नहीं होगा।

निगम की 11 खाली सीटों के लिए उप चुनाव होने हैं, जबकि आप के तीन पार्षद भाजपा तोड़ चुकी है। ऐसे में पिछली बार सिर्फ तीन वोट से जीती आप के लिए इस साल अप्रैल में अपना मेयर बना पाना बहुत मुश्किल होगा। इसी साल के अंत में बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं, जहां फिलहाल नीतीश कुमार जनता दल यूनाइटेड- भाजपा गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। इस गठबंधन में चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा भी शामिल हैं, जबकि चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की मौजूदगी से भी अप्रत्यक्ष लाभ भाजपा को ही मिलेगा। जाहिर है, फिर से रफ्तार पकड़ चुके भाजपा के विजय रथ से मुकाबला अंतर्कलह से ग्रस्त विपक्ष के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## जयंती विशेष



डॉ. इन्दिरा मिश्र

# श्री मां की छत्र-छाया में बीते मेरे दिन

मैं 04.01.1954 से 12.06.1956 तक श्री मां की छात्र छाया में रही हूं। इसका तात्पर्य कि इस काल में मेरी शिक्षा दीक्षा, खान-पान, दिनचर्या, उनके आदर्शों के अनुसार, उनके व्यापक मार्गदर्शन में हुई है। यह श्री अरविन्द आश्रम, पांडिचेरी की बात है। यह आश्रम अन्य किसी भी आश्रम से सर्वथा भिन्न है। यहां ऐसा नहीं है कि एक ही इमारत या कम्पाउंड में एक गुरु की नजरों के दायरे में सभी रहवासी रहते हों। यहां तो इमारतें भी अनेक हैं, और उनमें चलने वाली गतिविधियां भी अनेक। कोई गतिविधि छात्रों की शिक्षा संबंधी है, जो स्कूल में चल रही है, तो कोई आध्यात्मिक चर्चा संबंधी है, और तीसरी आश्रम को स्वनिर्भर बनाने की ने की दृष्टि से न केला, चित्र, अगरबत्ती अथवा सुंगंधि निमार्ण या विकय की है; तो कोई सामूहिक भोजन बनाने की, एवं कोई खेती की, या डेयरी चलाने की है। कोई पुस्तक छापने की, उनके विकय की है और हा/ कोई उन पुस्तकों को लिखने की है। शर्त यह है कि हर गतिविधि शुद्ध, सात्विक होगी और पूर्ण मनोयोग से 'काम की पूजा है', वाले भाव से, की जाएगी। श्री मां का हृदय विशाल था। आश्रम का नियम यह है कि यहां स्थाई रूप से रहने वालों को अपनी सब संपत्ति आश्रम को दान देनी होती है, और फिर बदले में आश्रम उनकी सब आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। मेरे वेदव्रत मामा एवं विद्याव्रत मामा ने अपना सर्वस्व आश्रम को सौंप दिया था। श्री मां शुद्ध हृदय से आने वालों को कभी मना नहीं करती थी। यदि कोई सम्पत्तिवान हो, तो अपनी सम्पत्ति दे, जिसके पास संपत्ति नहीं है, वह केवल अपने को दे, ऐसा होता था। मेरे वेदव्रत मामा संस्कृत के विद्वान थे, और विद्याव्रत मामा ने फोटो कला में श्री मां के सानिध्य में ही प्रसिद्धि पाई थी। ये दोनों ही श्री मां को प्रिय थे। उन्हीं का पुण्य था कि मैं आश्रम में शिक्षा लेने आ पाई थी।



स्कूली शिक्षा के संदर्भ में श्री मां एवं श्री अरविन्द खुद्र सम्मत पद्धति यह थी, कि किसी को कुछ सिखाया नहीं जा सकता, जब तक कि उसमें उस ज्ञान के प्रति उत्सुकता न जागे। सिखाने का समय आने पर किताबी ज्ञान से कम महत्वपूर्ण व्यवहारिक ज्ञान नहीं माना जाता है। गुरू अपने शिष्यों को वह ज्ञान देता अपने प्रेम और मित्र भाव से। यहां मेरे 3-4 शिक्षक थे। हिन्दी के कुंज बिहारी जी, फ्रेंच की कृष्णा कुमारी दी और भैंसियो रेमो (उन्हें श्री मां ने तन्मय' नाम दिया था) कला व साईस की पारूल दी और अंग्रेजी के अंग्रेज युवक रिचर्ड। लेकिन अंग्रेजी के रिचर्ड से पहले कान्ता बहन ने मुझे इंग्लिश सिखाई। इसका पहला सबक था, अंग्रेजी के अक्षर W को ठीक से पहचानना। यह डब्ल्यू कम है यू' और हूं, हां, व्हे, व्हि अधिक है। जैसे कि who, what, where, which आदि में। मेरे यह सीखने के बाद रिचर्ड मेरे शिक्षक हुए। प्रारंभ में शरीरिक शिक्षा का आवश्यक भाग होता था ठीक से उठना बैठना, खाना-पीना, सही व्यायाम, खेल कूद, आपसी मित्रभाव। हार-जीत की अपेक्षा शरीर की ऊर्जा का विकास, सहन शक्ति, योग एवं मानसिक संतुलन बनाये रखना महत्वपूर्ण था। कलाओं के विकास पर भी वहां पर्याप्त ध्यान दिया जाता था। दिसम्बर के शुरू में दीक्षान्त समारोह में छोटे-बड़े, सभी छात्र हिस्सेदारी करते थे। वहां बड़े कलाकरों के नृत्य-गायन-वादन कार्यक्रम भी होते थे। रवीन्द्र संगीत भी सुना जाता था। वहां संस्कृत के नाटको और ये ही प्रथाएं आज तक भी चल रही हैं। श्री मां की प्रेरणा से आश्रम के बाग-बगीचों में हेड गार्डनर ने डैलियां आदि सर्दी के मौसम के फूल भी बखूबी उगाए थे। वहां इतने फूल होते थे कि आश्रम परिसर महकता रहता था। आश्रम की सुविधाओं में एक पुस्तकालय भी शामिल था, जो समुद्र किनारे से पिछली गली में था। इसमें फांस से कई सचित्र कॉमिक्स की पुस्तकें, बच्चों के लिए व्यूमास्टर एवं अन्य ढेर सी पुस्तकें होती थीं। किन्तु हिन्दी पुस्तकें नहीं थी चूंकि वहां हिन्दी पढ़ने वाले कम थे। आश्रम वासियों की भाषा कुछ बंगाली का पुट लिए, स्त्रीलिंग पुल्लिंग का विलोपन करती हुई थी जिसमें उत्तर -भारतीय, बंगाली, गुजराती सब खुश थे। परन्तु श्री मां हिन्दी संस्कृत को बहुत पसंद करती थी। जब हिन्दी की परीक्षा हुई, उसमें मैं (तीसरी कक्षा में) प्रथम आई। तब श्री मां ने स्कूल के प्रांगण में मुझे पुरस्कार दिया। आश्रम के उन्मुक्त जीवन में सुमधुर वाणी युक्त शिक्षकों की उपस्थिति से तथा सर्व सुविधा से संपन्न होने पर भी मुझे आगे सामान्य जीवन भरी, (चांदी सी चमकत एकाग्रता में लौटना था।


# जीवन सिर्फ परिस्थिति है, उसका अनुभव करें



संकलित
## दर्शन

अक्सर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे। जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का ख्याल रखा जाएगा।

# निजी स्वार्थ में दूसरों को नहीं देना चाहिए कष्ट



संकलित
## प्रेरणा

मृत्यु अटल सत्य है और एक दिन सभी मृत्यु को प्राप्त होंगे। मरने के बाद कोई भी व्यक्ति अपने साथ कुछ भी नहीं ले जा सकता है। इसीलिए गलत काम करने से बचना चाहिए। जो लोग इस बात का ध्यान रखते हैं, वे जीवन में कभी दुखी नहीं होते हैं। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार पुराने समय में एक दुखी व्यक्ति विद्वान संत के पास पहुंचा और बोला कि गुरुदेव मुझे कोई ऐसा सूत्र बताए, जो मुझे जीवनभर याद रहे और मेरी सारी समस्याएं खत्म हो सके। मेरे पास इतना समय नहीं है कि मैं रोज आपके प्रवचन सुनने यहां आऊं। संत ने उसकी बात ध्यान से सुनी और कहा कि ठीक है, मेरे साथ चलो। संत के साथ ही वह व्यक्ति भी चल दिया। संत उस व्यक्ति को लेकर श्मशान पहुंचे। उस व्यक्ति ने पूछा कि गुरुजी आप मुझे ये कहां लेकर आ गए हैं? संत ने कहा कि हम यहां कुछ देर रुकेंगे। थोड़ी ही देर में एक धनी व्यक्ति की अर्थी वहां आई और उसके कुछ देर बाद एक गरीब व्यक्ति की अर्थी लेकर कुछ लोग पहुंचे। अमीर और गरीब, दोनों लोगों के शवों को श्मशान में जला दिया गया। इसके बाद संत उस व्यक्ति को लेकर अपने आश्रम लौट आए। संत ने उससे कहा कि तुम कल फिर आना। मैं तुम्हें कल उपदेश दूंगा। अगले दिन सुबह-सुबह ही वह व्यक्ति फिर से संत के पास पहुंच गया। संत उसे लेकर श्मशान पहुंचे। संत ने अमीर की चिता से एक मुट्ठी राख उठाई और एक मुट्ठी राख गरीब की चिता से उठाई। दोनों मुट्ठियों की राख दिखाते हुए संत ने कहा कि ये देखो, अमीर हो या गरीब, दोनों एक समान हैं, दोनों में बिल्कुल भी अंतर नहीं है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रैगिंग एक बदनुमा दाग

हमारी मानसिकता कुछ इस तरह की बन चुकी है कि जब भी कोई बड़ी दुर्घटना या अनहोनी होती है तो मीडिया तो अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए उसे आम जन तक पहुंचाता है, पर हम एक बार समाचार पढ़ कर या तो व्यथित होते हैं या फिर क्षणिक क्रोधित होते हैं और फिर अगले ही पल भूल जाते हैं कि क्या हुआ था। इसे संवेदनहीनता ही कहा जाएगा। कई राज्यों में रैगिंग को लेकर जो नित नए अमानवीय यातनाओं के आयाम स्थापित किए जा रहे हैं, वो पूरी मानवता को शर्मिंदा करने वाले हैं। केरल में ही एक के बाद एक रैगिंग की ऐसी खबरें सामने आ रही हैं जो दिल दहला देने वाली हैं। ताजा मामला तिरुवनंतपुरम के कार्यावत्तोम गवर्नमेंट कॉलेज का है जहां सात सीनियर्स स्टूडेंट्स ने जूनियर स्टूडेंट को पानी में थूक मिलाकर पिलाया। - **रमेश अग्रवाल**, रायगढ़

## ट्रेंड

### नए क्षितिज की शुरुआत

पूर्वोत्तर की वास्तविक क्षमता को विकसित करने के लिए मोदी सरकार के अथक प्रयासों ने एक नए क्षितिज की शुरुआत की है जिसमें प्रगति और क्षेत्र की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत भविष्य की ओर साथ-साथ चलती है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### त्रिवेणी संगम में डुबकी

आज त्रिवेणी संगम में मेरे डुबकी लगाने के अनुभव का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता, जो सिर्फ नदियों का संगम नहीं है - यह करोड़ों संतानियों की आस्था, आध्यात्मिकता और विरासत का संगम है।

-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम



### बीजेपी की बी टीम

कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा आम चुनाव में इस बार बीजेपी की बी टीम बनकर चुनाव लड़ा, यह आम चर्चा है, जिसके कारण यहाँ बीजेपी सत्ता में आ गई है। वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता कि यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाए।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



### मातृभाषा का हैंडल

अपनी मातृभाषा का हैंडल छोड़ना नहीं। जो अपनी भाषा में सोचता, बोलता और जीता है, वो अपनी पहचान कभी नहीं खोता। मिट्टी से जुड़ा इंसान, दुनिया में कहीं भी रहे, दिल से वही रहता है, जहाँ से चला था।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी



## करंट अफेयर

# ट्रंप के रुख के बाद जेलेंस्की के समर्थन में यूक्रेनवासी



यूक्रेन पर रूस के हमले की तीसरी वर्षगांठ से कुछ दिन पहले यूक्रेनवासी उतने ही उदास और तनावग्रस्त हैं, जितने मॉस्को द्वारा युद्ध शुरू करने से ठीक पहले थे। अब, वे केवल अपने पुराने दुश्मन के बारे में चिंतित नहीं हैं। यूक्रेन के लिए चौंकाने वाला नया खतरा उसके एक समय के सबसे अच्छे सहयोगी, अमेरिका से है, जिसका समर्थन कमजोर पड़ता दिख रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों के बीच लड़ाई को रोकने का संकल्प जताते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के स्वर में स्वर मिलाते दिख रहे हैं। ट्रंप ने दावा किया था कि यूक्रेन का नेतृत्व एक 'तानाशाह' कर रहा है जिसने रूस के साथ युद्ध शुरू किया। इसके बाद यूक्रेनी लोग जेलेंस्की के प्रति समर्थन जता रहे हैं, जिन्होंने रूस की 'गलत सूचनाओं' को बढ़ावा देने के लिए ट्रंप की सार्वजनिक रूप से आलोचना की थी। कीव की 25 वर्षीय तकनीकी कर्मचारी कैटरीना करौश ने कहा, ''हां, वह एक आदर्श राष्ट्रपति नहीं हैं, लेकिन वह तानाशाह भी नहीं हैं।'' लंबे समय से चली आ रहीं चुनौतियों के बावजूद, यूक्रेन के लोगों ने अमेरिका से भारी सैन्य समर्थन के साथ रूस को अपने देश पर कब्जा करने से रोका हुआ है, भले ही इसका लगभग पांचवां हिस्सा अब रूस के नियंत्रण में है।

## ऑफ बीट

# लोग जनरेटिव एआई से पूछ रहे स्वास्थ्य पर सवाल



ज़्यादातर लोग अपने रोज़मर्रा और पेशेवर जीवन में मदद के लिए 'जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की ओर रुख कर रहे हैं। चैटजीपीटी सबसे मशहूर और व्यापक रूप से उपलब्ध जनरेटिव एआई टूल में से एक है। यह किसी भी सवाल का मुफ़्त में सटीक और विश्वसनीय जवाब देता है। लोगों के लिए जनरेटिव एआई टूल की मदद से स्वास्थ्य के बारे में जानने की बहुत संभावना है। लेकिन उत्तर हमेशा सही नहीं होते। स्वास्थ्य सलाह के लिए सिर्फ चैटजीपीटी पर निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है और अनावश्यक चिंता का कारण बन सकता है। जनरेटिव एआई अब भी अपेक्षाकृत एक नयी प्रौद्योगिकी है, और लगातार बदल रही है। हमारा नया अध्ययन इस बारे में पहला ऑस्ट्रेलियाई डेटा प्रदान करता है कि स्वास्थ्य संबंधी सवालों के जवाब देने के लिए कौन चैटजीपीटी का उपयोग कर रहा है, और किस उद्देश्य से। परिणाम लोगों को यह बताने में मदद कर सकते हैं कि वे अपने स्वास्थ्य के लिए इस नयी प्रौद्योगिकी का उपयोग कैसे करें, और इसे सुरक्षित रूप से उपयोग करने के लिए आवश्यक नए कौशल – दूसरे शब्दों में, ''एआई स्वास्थ्य साक्षरता'' का निर्माण करें। स्वास्थ्य के लिए चैटजीपीटी का उपयोग कौन करता है?

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# केंद्रीय बजट से मिलेगा समावेशी विकास को बढ़ावा: तोखन

## केन्द्रीय मंत्री साहू ने बीकानेर में सम्मेलन को किया संबोधित

**बिलासपुर।** केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू बीकानेर में भारतीय जनता पार्टी के संभाग कार्यालय में आयोजित प्रबुद्धजन एवं आमजन सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय बजट 2025-26 पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह बजट 'विकसित भारत' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस बजट में गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा।

श्री साहू ने कहा कि यह मोदी सरकार 3.0 का पहला पूर्णकालिक आम बजट 2025-26 है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ज्ञान बजट' माना हैं। श्री साहू ने कहा कि आज भारत के विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। ये 140 करोड़ भारतियों की आकांक्षाओं का बजट है, ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला ये विकसित भारत के मिशन को आगे ले जाने वाला है, ये बजट फोर्स मल्टीप्लायर है। श्री साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरेगा, लेकिन ये बजट उससे बिलकुल उल्टा है.




उन्होंने कहा, "ये बजट, देश के नागरिकों की जेब कैसे भरेगा, देश के नागरिकों की बचत कैसे बढ़ेगी और देश के नागरिक विकास के भागीदार कैसे बनेंगे ये बजट इसकी एक बहुत मजबूत नींव रखता है।

साथ ही श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने भारत के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाए हैं, जिससे देश की प्रगति और विकास को नई दिशा मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार ने कई ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लिए हैं, जिन्होंने देश की दिशा और दशा को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है। धारा 370 का उन्मूलन (2019): जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाली धारा 370 को समाप्त कर, इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित किया गया। उरी हमले के बाद, भारतीय सेना ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकवादी ठिकानों को नष्ट किया।

### केंद्र ने लिए साहसिक निर्णय

पुलवामा हमले के प्रत्युत्तर में, भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में स्थित जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षण शिविरों पर हवाई हमला किया। मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हेतु, तीन तलाक को अपराध घोषित करते हुए कानून पारित किया गया। देशव्यापी स्वच्छता अभियान की शुरुआत, जिसका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और खुले में शौच मुक्त भारत बनाना है।

वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए, इस योजना के तहत करोड़ों बैंक खाते खोले गए। स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने के लिए, इस योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को 5 लाख रुपये तक का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में नए संसद भवन और अन्य सरकारी भवनों के निर्माण की महत्वाकांक्षी परियोजना। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन, सदियों पुराने विवाद का समाधान किया गया।

# पैसों के खर्च का हिसाब कराया पर काम का पैसा नहीं दिया, निकायों पर पौने 16 करोड़ बकाया

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के कामकाज के तौर-तरीकों को लेकर एक दिलचस्प मामला सामने आया है। दरअसल नगरीय निकायों को मिलने वाले राजस्व कर, सरकारी अनुदान आदि मद में मिलने वाली राशि का हर साल हिसाब-किताब करवाया जाता है। यह काम राज्य सरकार के वित्त विभाग से संबंधित राज्य संपरीक्षा (ऑडिट) द्वारा किया जाता है। इस काम के लिए बाकायदा शुल्क तय है। काम पूरा होने के बाद निकायों को यह शुल्क राज्य संपरीक्षा को देना होता है, लेकिन छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों ने बरसों से इस काम के पैसे अदा नहीं किए हैं। यह राशि पौने 16 करोड़ रुपए से अधिक होती है। राज्य संपरीक्षा ने अब निकायों से यह राशि अदा करने कहा है।

इस मामले को लेकर संचालनालय, छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा ने संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास को पत्र भेजकर बकाया अंकेक्षण(ऑडिट) शुल्क अदा करने कहा है। इस पत्र में कहा गया है कि राज्य के नगरीय निकायों के अंकेक्षण का काम छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा के द्वारा किया जाता है। अंकेक्षण के बाद राज्य संपरीक्षा अधिनियम 1973 की धारा 4(3) के तहत निकायों पर अंकेक्षण शुल्क अधिरोपित किया जाता है। यह अंकेक्षण शुल्क शासकीय कोष में जमा कराया जाता है।

संचालनालय संपरीक्षा ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक को बताया है कि पिछले साल नवंबर 2024 की स्थिति में निकायों पर 15 करोड़ 75 लाख, 72 हजार, 278 रुपयों का बकाया है। लेकिन ये राशि बरसों से अदा नहीं की जा रही है। राज्य संपरीक्षा ने जो ब्योरा भेजा है उससे पता लगता है कि कई निकायों ने 10-15 साल से राशि अदा नहीं की है। इनमें सबसे ज्यादा राशि नगर निगमों का 11 करोड़ 59 लाख, पालिकाओं की 2 करोड़ 35 लाख और नगर पंचायतों की 1 करोड़ 80 लाख से अधिक की है।

### वित्तीय गड़बड़ी पकड़ता है राज्य संपरीक्षा

राज्य संपरीक्षा (ऑडिट) विभाग छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा अधिनियम के अधीन अंकेक्षणाधीन घोषित समस्त स्थानीय निकायों का अंकेक्षण का काम करता है। ऐसी सभी संस्थाओं का अंकेक्षण कार्य संपादित करना जिनके अंकेक्षण किसी ऐसे अधिनियम द्वारा या उसके अधीन, जिसके अनुसार ऐसी संस्थाओ का गठन किया गया हो। ऐसे सभी स्थानीय प्राधिकरणों तथा निगमित और गैर निगमित निकायों के लेखाओं के अंकेक्षण के अतिरिक्त राज्य संपरीक्षा को, राज्य शासन के वित्त विभाग की पूर्व स्वीकृति पर, ऐसी किसी भी अन्य संस्थाओं के लेखाओं का अंकेक्षण करना होता है जो शासन द्वारा समय-समय पर सौंपी गयी हो। छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा द्वारा किये जाने वाले अंकेक्षण कार्य के आधार पर स्थानीय निकायों पर अंकेक्षण शुल्क आरोपित कर वसूली करना भी एक काम है, लेकिन इसके साथ ही निकायों के अंकेक्षण कार्य के बात समक्ष आई वित्तीय अनियमितताओं को संकलित कर अंकेक्षण प्रतिवेदन तैयार कर संबंधित निकाय एवं उनके प्रशासकीय विभागों की ओर वित्तीय अनियमितताओं को दूर करने के उद्देश्य से प्रतिवेदन प्रसारित करना। गबन (प्रभक्षण) वित्तीय कदाचार आदि के प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही हेतु विशेष प्रतिवेदन निकाय एवं उनके प्रशासकीय विभाग की ओर प्रेषित करने का काम इस विभाग का है।

## खबर संक्षेप

### मनजिंदर बने कैबिनेट मंत्री सिख समाज ने जताया हर्ष

**रायपुर।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा को दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर छत्तीसगढ़ सिख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह सिंघोत्रा ने पूरे प्रदेशवासियों की तरफ से बधाई दी है। इसी दौरान उन्होंने कहा कि सिख समाज की आन-बान और शान के प्रतीक मनजिंदर सिंह सिरसा दिल्ली ही नहीं, पूरे देश में सिख समाज के सरबत दा भला के नियम पर कार्य कर समाज सहित देशहित में कार्य करेगें। उन्होंने सिख समाज, धार्मिक संगठनों, सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उनके मंत्री बनने पर छग सिख समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा, बलविंदर सिंह सैनी, सुरजीत सिंह छाबड़ा, हरविंदर सिंह खालसा, स्वर्णपाल सिंह चावला, मनजीत सिंह, मानवेंद्र सिंह डडियाला, मनदीप सिंह बिट्टू, इंदरवीर सिंह कोहली, कुलदीप सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यों को सौंपे गए प्रमाणपत्र

**रायपुर।** रायपुर जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में गुरुवार को धरसींवा और तिल्दा नेवरा में पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों के लिए वोटिंग हुई। वोटिंग के बाद मतगणना हुई, जिसके बाद चुनाव अधिकारियों ने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए निर्वाचित हुए सदस्यों को प्रमाणपत्र भी सौंपा। जिला पंचायत सदस्य के लिए वोटिंग के बाद प्रत्याशियों के पक्ष में पड़े वोटों की गिनती की गई, जिसमें जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 8 से पूजा लोकमणी कोशले, क्रमांक 9 से अन्नू तारक, क्रमांक 10 से चंद्रकला रामचंद्र ध्रुव, क्रमांक 11 से यशवंत धनेंद्र साहू, क्रमांक 12 से भीनू सुजीत घिदौड़े, क्रमांक 13 से कविता हेमंत कश्यप और क्रमांक 16 से गुरू सौरभ साहेब ने जीत हासिल की। इस तरह मतगणना के बाद जिला पंचायत सीईओ एवं रिटर्निंग अधिकारी विश्वदीप ने विजयी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की और उन्हें प्रमाणपत्र सौंपे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, सहायक रिटर्निंग अधिकारी यूएस अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।


राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों को मातृभाषा में भी उपलब्ध कराई जानी थी अध्ययन सामग्री

# 33 में मात्र 9 कोर्स के ही हिन्दी लेक्चर अपलोड कर सका सीएसवीटीयू

स्वयं पोर्टल में विवि ने अपलोड किए हैं वीडियो, अधिकतर अध्ययन सामग्री इंग्लिश में

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों की मातृभाषा को प्राथमिकता देने की बात कही गई थी। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से कहा गया था कि वे उन भाषाओं में अध्ययन सामग्री तैयार करें, जिसमें अध्ययन से छात्रों को लाभ पहुंचे और वे चीजों को आसानी से समझ सकें। मेडिकल और इंजीनियिरिंग पाठ्यक्रम की अध्ययन सामग्री भी हिंदी में तैयार करने कहा गया था। लेकिन इसमें विशेष सफलता प्राप्त होती हुई नहीं दिख रही है। प्रदेश का तकनीकी विवि अपने अधीन संचालित होने वाले 33 पाठ्यक्रमों में से मात्र 9 कोर्स का ही स्टडी मटेरियल हिंदी में उपलब्ध करा सका है। 'स्वयं पोर्टल' के अंतर्गत विश्वविद्यालयों द्वारा अपने प्राध्यापकों के वीडियो अपलोड किए जाने हैं। इसका उद्देश्य स्वध्यायी छात्रों को लाभ प्रदान करना, कक्षा में किसी कारण अनुपस्थित रहे छात्रों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना और एक क्लिक पर सभी टॉपिक के लेक्चर उपलब्ध कराना है। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि द्वारा 'स्वयं पोर्टल' में 33 कोर्स के वीडियो लेक्चर अपलोड किए गए हैं, लेकिन इनमें से मात्र 9 कोर्स के ही वीडियो हिंदी में हैं। शेष सभी इंग्लिश विषय में हैं।




**कराना होगा रजिस्ट्रेशन**- 'स्वयं पोर्टल' के लिए इग्नू को नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। सीएसवीटीयू ने भी अपने वीडियो इसके अधीन ही जारी किए हैं।

इग्नू की वेबसाइट के अलावा ये वीडियो सीएसवीटीयू की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेंगे। छात्रों को इन वीडियो का लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। हालांकि ये पूरी तरह से निशुल्क हैं। विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने छात्रों को इसके विषय में बतलाएं, जिससे वे इसका लाभ प्राप्त कर सकें।

### छात्र नहीं ले रहे दिलचस्पी

विवि के सूत्रों के मुताबिक, विद्यार्थी इंग्लिश माध्यम में ही पढ़ाई करना पसंद कर रहे हैं। इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी माध्यम में करने में उन्हें विशेष दिलचस्पी नहीं है। इसकी एक वजह तकनीकी क्षेत्रों से संबंधित चीजों के इंग्लिश नाम का प्रचलन है। इंग्लिश नाम प्रचलन में होने के कारण विद्यार्थियों को हिंदी में अध्ययन में अधिक दिक्कतें आती हैं। कुछ विषय ही ऐसे हैं, जिनका अध्ययन छात्र हिंदी विषय में करना पसंद कर रहे हैं।

# अवैध कनेक्शन, बिजली चोरों को स्मार्ट करंट

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को लाइन लॉस से हर साल दो हजार करोड़ से ज्यादा का झटका लगता है, लेकिन अब स्मार्ट मीटरों के कारण इस पर लगाम लगाने का काम प्रारंभ हो गया है। प्रदेश में लग रहे स्मार्ट मीटर फीडरों के साथ ट्रांसफार्मरों में लगाए गए हैं। इनके लगने के बाद अब फीडरों की जांच में यह बात सामने आ रही है कि कहां कितना लाइन लॉस हो रहा है। इसकी जांच करने पर बिजली चोरी के साथ ही अवैध कनेक्शनों की जानकारी मिल रही है। इस पर कार्रवाई कर लाइन लॉस को कम किया जा रहा है। राजिम के एक फीडर में 50 फीसदी और राजधानी रायपुर के एक फीडर में 32 फीसदी तक लाइन लॉस कम हुआ है।

प्रदेश में सभी पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, इसका प्रारंभ बीते साल पॉवर कंपनी के फीडरों के साथ ही ट्रांसफार्मरों से किया गया। इसी के साथ उपभोक्ताओं के भी मीटर बदले जा रहे हैं। जहां सभी फीडरों और ट्रांसफार्मरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, वहीं 11 लाख उपभोक्ताओं के भी पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। प्रदेश में 54 लाख उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाने हैं।

फीडरों और ट्रांसफार्मरों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद अब यह जानकारी सामने आ रही है कि फीडरों में कितनी बिजली की सप्लाई हो रही है और उपभोक्ताओं के घरों तक कितनी बिजली पहुंच रही है।

ऐसे में यह अब आसानी से मालूम हो रहा है कि जितनी सप्लाई हो रही है, उससे उपभोक्ताओं की खपत कम है और बाकी बिजली चोरी हो रही है। ऐसे में जांच कर बिजली चोरों का पता लगाकर लाइन लॉस कम किया जा रहा है। अब तक सात फीडरों की जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक, राजिम के 11 केवी के फीडरों में 66 फीसदी लाइल लॉस हो रहा था, जिसको 51 फीसदी कम कर 15 फीसदी तक लाया गया है।

# नहीं बन पाई रीजनल कनेक्टिविटी, जगदलपुर-रायपुर की तरह अंबिकापुर-बिलासपुर फ्लाइट भी बंद

**दो शहरों के बीच संचालित होने वाली फ्लाइट को नहीं मिल पा रहे पर्याप्त यात्री**

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ के भीतर दो शहरों को हवाई मार्ग से जोड़ने की योजना पूरी तरह सफल नहीं हो पा रही है। रायपुर-जगदलपुर की तरह अंबिकापुर-बिलासपुर-रायपुर के बीच सप्ताह में छह दिन चलने वाली फ्लाइट भी बंद हो गई है। 19 दिसंबर को शुरू हुई फ्लाइ बिग के इस एयरक्रॉफ्ट को पर्याप्त संख्या में यात्री नहीं मिल रहे थे। रायपुर-जगदलपुर की इंडिगो की उड़ान बंद होने की वजह भी कुछ ऐसी ही थी।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर को दूरवर्ती शहरों से जोड़ने और लोगों का सफर आसान करने के लिए फ्लाइट संचालित करने की योजना शुरू की गई थी। इसके तहत 19 दिसंबर को अंबिकापुर-बिलासपुर-रायपुर के बीच सप्ताह में तीन दिन 19 सीट क्षमता की फ्लाइट का संचालन शुरू किया गया था। शुरुआती दिनों में रिस्पांस अच्छा होने की वजह से उड़ान को सप्ताह में छह दिन कर दिया गया था। धीरे-धीरे तीनों शहरों को जोड़ने वाली इस छोटी फ्लाइट के यात्री कम होने लगे और धीरे-धीरे इसकी आवाजाही कम होती चली गई। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में यह फ्लाइट अघोषित रूप से बंद हो चुकी है। कुछ ऐसा ही हाल रायपुर से जगदलपुर के बीच संचालित फ्लाइट का हुआ था। पहले एलायंस



एयर फिर इंडिगो द्वारा अपनी हैदराबाद-जगदलपुर फ्लाइट को अलग-अलग दिन रायपुर तक विस्तारित किया था। पहले एलायंस एयर ने रायपुर-जगदलपुर का संचालन बंद किया, फिर विंटर शेड्यूल के दौरान इंडिगो ने दोनों शहरों के बीच विमान उड़ाने से अपना हाथ खींच लिया। जानकार सूत्रों का कहना है कि प्रदेश के भीतर विमान के संचालन की सबसे बड़ी समस्या यात्रियों का संकट है। होने वाले घाटे की वजह विमानन कंपनी पहले उड़ान घटाती है, फिर संचालन बंद कर देती है।

ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, फ्लाई-बिग तीनों शहरों के बीच 19 सीटर एयरक्रॉफ्ट का संचालन करती है। इसके संचालन को लेकर कंपनी के सामने विभिन्न तरह की तकनीकी समस्याएं आ रही थीं, इस वजह से इसे अभी आपरेट नहीं किया जा रहा है। रायपुर-जगदलपुर के बीच भी शुरुआती दौर में एयर ओडिशा अपने छोटे एयरक्रॉफ्ट को संचालित करती थी। उसका संचालन नियमित नहीं हो सका, जिसके बाद उससे विमान संचालन के लिए किया गया करार खत्म कर दिया गया था। बाद में एलायंस एयर इंडिगो ने इस सेक्टर में विमान संचालन की घोषणा की थी।

**समर शेड्यूल में मुंबई की दोपहर फ्लाइट**

ट्रैवल्स एसोसिएशन फेडरेशन ऑफ इंडिया (टाफी) के प्रदेश अध्यक्ष रमन जादवानी ने बताया कि मार्च के अंतिम दिनों से विमानन कंपनियां समर शेड्यूल के हिसाब से अपनी फ्लाइट संचालित करेंगी। इस दौरान रायपुर-मुंबई के बीच दोपहर के शेड्यूल में फ्लाइट उपलब्ध कराने की डिमांड की गई है। अभी दोनों शहरों के बीच यात्रा करने के लिए सुबह-शाम, फिर रात को उड़ान है। दोपहर की फ्लाइट नहीं होने की वजह से यात्रियों को समस्या होती है। इसी तरह पुरानी डिमांड में जयपुर और विशाखापट्टनम के लिए भी फ्लाइट की सुविधा देने की मांग की जा रही है।

# भोजन की तलाश में रिहायशी इलाके में सियार ने जमाया डेरा

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

राजधानी की पॉश कालोनी में शामिल सड्डू स्थित कैपिटल सिटी में पिछले एक सप्ताह से शिकार की तलाश में सियार पहुंच रहा है। लोगों को इसकी जानकारी सीसीटीवी फूटेज सामने आने के बाद मिली। इसके बाद स्थानीय रहवासियों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी है। वन विभाग के अफसर सियार को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ने की बात कह रहे हैं। बीमार होने की स्थिति में उपचार कराकर जंगल में छोड़ने की बात कह रहे हैं।

स्थानीय रहवासियों ने वन विभाग के अफसरों को बताया है कि उनकी कालोनी में पिछले एक सप्ताह से रात दो से तीन बजे सियार आ रहा है। स्थानीय लोगों ने वन अफसरों को बताया है कि पिछले एक सप्ताह से रात दो से तीन बजे के बीच स्ट्रीट डॉग तेज आवाज में भौंक रहे थे। इस पर लोगों ने आसपास के घरों में तथा कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल की, तो उन लोगों ने एक सियार को कालोनी के अंदर मंडराते देखा। स्थानीय लोगों के अनुसार एक सप्ताह से रात दो से तीन बजे के बीच कुत्तों के झुंड के भौंकने से लोगों को लगा, उनकी कालोनी में कोई चोर आ रहा है। लोगों के घर के बाहर रखे गमले टूटे हुए भी मिले। इस वजह से लोगों को अपनी कालोनी में चोर आने की आशंका बढ़ गई। इसके बाद लोगों ने सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल की, तो उन्हें अपनी कालोनी में सियार आने की जानकारी मिली।

कैपिटल सिटी में सियार घुसने की बात को लेकर डीएफओ लोकनाथ पटेल का कहना है कि सियार खेत खलिहान के रास्ते कालोनी के अंदर प्रवेश कर गया होगा। जिस कालोनी में सियार की आमद हुई है, उस कालोनी के पीछे खेत खलिहान होने के साथ छोटे झाड़ के जंगल हैं। अफसर के अनुसान सियार डरपोक प्रजाति का होता है, इसलिए लोगों को डरने की जरूरत नहीं है।

**इस वजह से सियार के आने की आशंका**

सियार खरगोस के साथ ही कुत्ते के बच्चों को अपना शिकार बनाता है। इसके साथ ही आसपास चिकन, मटन विक्रेता द्वारा मुर्गी अथवा बकरे के अवशेष के साथ उनकी हड्डी फेंकी गई होगी, जिसकी गंध सूंघकर सियार कालोनी के अंदर प्रवेश कर गया होगा। जानकारों ने सियार के फूटेज देख उसके उम्रदराज तथा बीमार होने की आशंका व्यक्त की है। सियार झुंड में रहने वाला वन्यजीव है। ऐसे में जानकारों ने आसपास की झाड़ियों में और सियार होने की आशंका व्यक्त की है।

# जरवाय में 5 एकड़ सरकारी जमीन पर बनेगा ई बस के लिए नया बस डिपो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर को केन्द्र सरकार से मिलने वाली 100 ई बसों के लिए जरवाय में स्थित 5 एकड़ सरकारी जमीन पर नया बस डिपो बनाया जायेगा। इसके लिए टेंडर किया गया है। सिविल वर्क के लिए 14 करोड़ 33 लाख और विद्युत मेंटनेंस संबंधी कार्य के लिए 12 करोड़ 30 लाख की निविदा निकाली गई है। वहीं केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को मिलने वाली ई बस के लिए वेंडर भी फाइनल कर दिया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक अहमदाबाद की कंपनी चार्टर्ड स्पीड लिमिटेड को ई बस सप्लाई का ठेका दिया गया है। बसें पूरी तरह ईको फेंडली होंगी।

दरअसल, रायपुर नगर निगम द्वारा शहर को मिलने वाली 100 ई बसों के लिए पंडरी और आमानाका में नया बस डिपो बनाया जाना प्रस्तावित था। इसमें आमानाका में 60 और पंडरी में 40 बस को रखने की व्यवस्था बननी थी।




**Z-28016/151/2023-PMSSY-IV(8246861)**
**Government of India**
**Ministry of Health & Family Welfare**
**(PMSSY Division)**

Room No. 201-D, Nirman Bhawan,
New Delhi-110011

**ADVERTISEMENT FOR THE POST OF EXECUTIVE DIRECTOR, AIIMS BILASPUR**

Ministry of Health & Family Welfare (PMSSY Division) invites applications from eligible candidates for filling up the post of Executive Director on deputation/short term contract/contract basis in the Level 15; Rs. 182200-224100/- in the Pay Matrix (as per 7th CPC) in All India institute of Medical Sciences (AIIMS) Bilaspur.

For further details, please visit Ministry's Website and Division's Website at https://main.mohfw.gov.in & https://pmssy.mohfw.gov.in.

Detailed advertisement will be published in the Employment News. The closing date of receipt of application will be the 45th day from the date of publication of advertisement in Employment News.

**(Dinesh Kumar)**
**Director**
**Tel: 011-23061730**

**CBC-17101/11/0019/2425**

## खबर संक्षेप

### टाटा स्टील ने टी स्टील होल्डिंग्स में शेयर खरीदे



**नई दिल्ली।** टाटा स्टील ने टी स्टील होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड के 191 करोड़ से अधिक इक्विटी शेयर 30 करोड़ डॉलर (2,603.16 करोड़ रुपये) में खरीदे हैं। टी स्टील होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड घरेलू इस्पात कंपनी टाटा स्टील की सिंगापुर स्थित इकाई है। टाटा स्टील ने एक नियामकीय सूचना में कहा, ''कंपनी ने आज यानी 20 फरवरी, 2025 को टी स्टील होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड (टीएसएचपी) में प्रत्येक 0.157 डॉलर अंकित मूल्य वाले 1,91,08,28,025 साधारण इक्विटी शेयरों का अधिग्रहण किया है।

### बजाज इलेक्ट्रिकल्स को मिला जीएसटी प्राधिकरण से नोटिस

**नई दिल्ली।** बजाज इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) में कथित विसंगति के लिए पंजाब में माल एवं सेवा कर प्राधिकरण से 14.08 करोड़ रुपये का कर मांग नोटिस मिला है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे मोहाली स्थित पंजाब कार्यालय के सहायक आयुक्त का 20 फरवरी 2025 की तारीख का एक मूल्यांकन नोटिस मिला। इसमें 'रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म' पर देयता का आरोप लगाया गया है, जो वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान उसके द्वारा दावा किए गए इनपुट टैक्स क्रेडिट से मेल नहीं खाता।

### टॉरेंट समूह को गुजरात टाइटंस में हिस्सेदारी लेने मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने स्वास्थ्य सेवा और बिजली क्षेत्र में कार्यरत टॉरेंट समूह को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करने की मंजूरी दे दी है। सीसीआई को बुधवार को सौंपे गए नोटिस में कहा गया, "प्रस्तावित संयोजन लक्ष्य की 67 प्रतिशत शेयरधारिता की खरीद और अधिग्रहणकर्ता द्वारा नियंत्रण से संबंधित है।"

# इंश्योरेंस प्रीमियम का पेमेंट अब होगा यूपीआई से, 1 मार्च से शुरू होगी सुविधा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


अब इंश्योरेंस का प्रीमियम चुकाना काफी आसान होने जा रहा है। आईआरडीएआई ने प्रीमियम पेमेंट की नई सुविधा का ऐलान किया है। इसका नाम बीमा-एएसबीए है। यह सुविधा 1 मार्च से शुरू होगी। यह सुविधा यूपीआई पर आधारित होगी। इसका मतलब है कि यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे करोड़ों लोग इस सुविधा का इस्तेमाल कर सकेंगे।

बीमा-एएसबीए पॉलिसीहोल्डर को फंड बैंक अकाउंट में ब्लॉक करने की सुविधा देता है। इसका मतलब है कि प्रीमियम का पैसा तुरंत पॉलिसीहोल्डर के बैंक अकाउंट से नहीं कटेगा। इरडाई ने इस बारे में 18 फरवरी को सर्कुलर जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सभी इंश्योरेंस कंपनियों को अपने ग्राहकों को 1 मार्च से बीमा-एसबीए की सुविधा ऑफर करनी होगी। खास बात यह है कि इंश्योरेंस कंपनी के पॉलिसी इश्यू करने के बाद ही उसके अकाउंट से पैसा बीमा कंपनी को ट्रांसफर होगा।

इंश्योरेंस पेमेंट की इस सुविधा का इस्तेमाल करने के लिए ग्राहक को इंश्योरेंस कंपनी के प्रपोजल फॉर्म में इस सुविधा को सेलेक्ट करना होगा। 1 मार्च से सभी इंश्योरेंस कंपनियों के प्रपोजल फॉर्म में यह सुविधा दी गई होगी। खास बात यह है कि लाइफ और हेल्थ दोनों तरह की इंश्योरेंस कंपनियां ग्राहकों को यह सुविधा ऑफर करेंगी। इसके लिए इंश्योरेंस कंपनियों को सभी प्रमुख बैंकों के साथ एग्रीमेंट करना होगा।

### तुरंत अकाउंट से नहीं निकलेगा पैसा

ग्राहक के प्रपोजल फॉर्म में इस सुविधा को सेलेक्ट करने के बाद बीमा कंपनी यूपीआई के जरिए वन-टाइम मैनडेट क्रिएट करेगी। इसके बाद प्रीमियम का अमाउंट ग्राहक के बैंक अकाउंट में ब्लाक हो जाएगा। यह पैसा ग्राहक के बैंक अकाउंट से तभी कटेगा, जब इंश्योरेंस कंपनी उसे पॉलिसी इश्यू कर देगी। अगर किसी वजह से ग्राहक बीमा कंपनी के पॉलिसी प्रपोजल को स्वीकार नहीं करता है तो प्रीमियम का पैसा ग्राहक के बैंक अकाउंट से नहीं कटेगा। ग्राहक के प्रपोजल को रिजेक्ट करने पर ब्लॉक किया गया अमाउंट अपने आप रिलीज हो जाएगा।




- आईआरडीएआई ने प्रीमियम पेमेंट की नई सुविधा का किया ऐलान
- बीमा-एएसबीए पॉलिसीहोल्डर को फंड बैंक अकाउंट में ब्लाक करने की देता है सुविधा

### सुविधा के लिए कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं देना होगा

इंश्योरेंस इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि इस सुविधा के इस्तेमाल के लिए ग्राहकों को कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं देना होगा। इसके अलावा पॉलिसीहोल्डर्स को फंड की ब्लॉकिंग, डेबिट और रिलीज के बारे में रियल टाइम जानकारी मिलेगी। इसका मतलब है कि ग्राहक को पता चल जाएगा कि उसके बैंक अकाउंट में प्रीमियम का पैसा ब्लॉक कर दिया गया है।

## कृषि मंत्री चौहान ने कहा, अनुकूल मौसम के कारण अच्छी फसल

# देश में इस साल होगी गेहूं की बंपर फसल स्टॉक रखने की सीमा को किया गया सख्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि अधिक रकबे में खेती और अनुकूल मौसम की स्थिति के कारण भारत में चालू रबी सत्र के दौरान गेहूं की अच्छी फसल होने की उम्मीद है। भारत ने वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 1,132.92 लाख टन गेहूं का उत्पादन किया था। चौहान ने कहा, ''इस साल हमारे यहां गेहूं का बंपर उत्पादन होगा। फसल की सेहत अच्छी है।'' फसल वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) के रबी सत्र में गेहूं का रकबा 320 लाख हेक्टेयर रहा, जबकि पिछले साल यह रकबा 315.63 लाख हेक्टेयर था। कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने भी अधिक रकबे के कारण वर्ष 2024-25 में गेहूं का अच्छा उत्पादन होने की उम्मीद जताई है।

### स्टॉक सीमा को कड़ा किया गया

कृषि सचिव ने कहा कि अब तक फसल की स्थिति अच्छी है और दिन-रात का तापमान सामान्य है। बृहस्पतिवार को खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं की स्टॉक रखने की सीमा को कड़ा किया गया है।

**खास बातें**

- वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 1133 लाख टन उत्पादन किया गया था
- वर्ष 2024-25 के रबी सत्र में गेहूं का रकबा 320 लाख हेक्टेयर रहा
- दिन-रात का तापमान सामान्य होने से अच्छी फसल



### जमाखोरी रोकने स्टॉक सीमा लगाई गई थी

समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और जमाखोरी और बेईमान सट्टेबाजी को रोकने के लिए, भारत सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यापारियों व थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं पर लागू गेहूं पर स्टॉक सीमाएं लगाईं।

### खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार

विभाग ने यह भी कहा कि देश में खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार है। वह कीमतों को नियंत्रित करने और देश में आसानी से उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गेहूं की स्टॉक स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है। देश में उपभोक्ताओं के लिए मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए यह उचित हस्तक्षेप करता है।

### खुदरा दुकान में स्टॉक सीमा पांच टन

31 मार्च तक लागू होने वाली संशोधित स्टॉक सीमा के अनुसार, व्यापारी एवं थोक विक्रेता पहले के 1,000 टन के मानदंड के मुकाबले केवल 250 टन गेहूं रख सकते हैं। खुदरा विक्रेताओं के लिए, स्टॉक सीमा को प्रत्येक खुदरा दुकान के लिए चार टन तक संशोधित किया गया है। पहले यह सीमा पांच टन थी।

### स्टॉक सीमा पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा

सभी गेहूं स्टॉकिंग संस्थाओं को गेहूं स्टॉक सीमा पोर्टल पर पंजीकरण करना और हर शुक्रवार को स्टॉक की स्थिति को अद्यतन करना आवश्यक है। सरकार ने कहा कि कोई भी संस्था जो पोर्टल पर पंजीकृत नहीं पाई गई या स्टॉक सीमा का उल्लंघन करती पाई गई, उस पर आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 6 और 7 के तहत उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### 15 दिनों के अंदर स्टॉक को सीमा में लाना होगा

इसमें कहा गया है, "यदि उपरोक्त संस्थाओं के पास स्टॉक उपरोक्त निर्धारित सीमा से अधिक है, तो उन्हें अधिसूचना जारी होने के 15 दिनों के भीतर इसे निर्धारित स्टॉक सीमा तक लाना होगा।''

# उपग्रह स्पेक्ट्रम नीति में कंपनियों के साथ भेदभाव न हो : मित्तल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारती समूह के चेयरमैन सुनील मित्तल ने शुक्रवार को कहा कि ग्रामीण तथा दुर्गम क्षेत्रों में उपग्रह संपर्क के लिए स्पेक्ट्रम साझा आधार पर दिया जा सकता है, लेकिन जब शहरी क्षेत्रों की बात आती है तो भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) और सरकार को एक ऐसी नीति लाने की जरूरत है जो रेडियो तरंगों के आधार पर सेवा देने वालों के साथ भेदभाव न करे।

- ग्रामीण तथा दुर्गम क्षेत्रों में स्पेक्ट्रम साझा आधार पर दे

मित्तल ने कहा कि दुर्गम व वंचित क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने के लिए उपग्रह संपर्क की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ''हम इसका पूरी तरह स्वागत करते हैं।'' दूरसंचार क्षेत्र के दिग्गज मित्तल ने 'एसओयूएल लीडरशिप कॉन्क्लेव' 2025 के अवसर पर यह बात कही। मित्तल ने कहा, '' दुनिया के ऐसे कई स्थान हैं और कई लोग अब भी दुर्गम क्षेत्रों में रह रहे हैं, जहां तक पहुंचने जरूरत है। ऐसा करने का एकमात्र तरीका उपग्रह ब्रॉडबैंड संपर्क है।'' मित्तल ने कहा, '' हम अग्रणी कंपनियों में से एक हैं और अपनी मंजूरियों की प्रतीक्षा कर रहे हैं और हम पहले से ही दुनिया के कई हिस्सों में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक शानदार पहल है और हमने पहले ही इसके लिए अनुमति मांगी है... जैसे ही हमें हरी झंडी मिलेगी, हम अपनी सेवाएं शुरू कर देंगे।'' मित्तल ने कहा कि समूह इस बात पर बहुत स्पष्ट है कि सभी ग्रामीण, दुर्गम क्षेत्रों के लिए स्पेक्ट्रम साझा आधार पर दिया जाना चाहिए।

### भारत में दुनिया की सबसे कम दरें

भारत में दुनिया में सबसे कम दूरसंचार दरें हैं, जहां उपयोगकर्ता ढाई से तीन डॉलर में 30-60 जीबी डेटा प्रति माह का आनंद ले सकते हैं। उन्होंने कहा, '' मेरा व्यक्तिगत तौर पर मानना है कि देश की सेवा के लिए बीएसएनएल सहित तीन से चार संचालक होंगे... मेरा मानना है कि सही संख्या तीन से चार है, इससे अधिक नहीं।''

### वॉलमार्ट फोन-पे भारत में आईपीओ लेकर आएगी

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोन-पे ने देश के शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने के लिए अपने संभावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की तैयारी शुरू कर दी है। कंपनी का मूल्य वर्ष 2023 में आयोजित अंतिम वित्तपोषण दौर के दौरान 12 अरब डॉलर था। फोन-पे ने एक बयान में कहा, "कंपनी अपने संभावित आईपीओ के संबंध में प्रारंभिक कदम उठा रही है और भारतीय शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने की योजना बना रही है। यह कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो इस साल अपनी 10 साल की वर्षगांठ मनाएगी। कंपनी अभिनव वित्तीय सेवाओं और प्रौद्योगिकी समाधानों के साथ करोड़ों ग्राहकों की सेवा करने के लिए विकसित हुई है।" फोन-पे ने दिसंबर, 2022 में सिंगापुर से भारत में स्थानांतरण किया था। इसके लिए उसे सरकार को लगभग 8,000 करोड़ रुपये का कर देना पड़ा था।

### सोना 700 रु. टूटकर 88,750 रु. प्रति 10 ग्राम पर



**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की कमजोर मांग के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 700 रुपये टूटकर 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। इसके साथ मूल्यवान धातु रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे आ गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि आभूषण विक्रेताओं की कमजोर मांग के कारण 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 700 रुपये घटकर 88,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। कमजोर वैश्विक रुझानों के कारण भी गिरावट को बल मिला। स्थानीय बाजार में चांदी की भी कीमत 300 रुपए गिरकर एक लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई। वायदा कारोबार में एमसीएक्स पर अप्रैल आपूर्ति वाले सोने के अनुबंध का भाव 225 रुपये घटकर 85,799 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

## अदाणी समूह केरल में करेगा 30 हजार करोड़ का निवेश



**कोच्चि।** अदाणी समूह अगले पांच वर्ष में केरल में 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने यहां केरल निवेश वैश्विक शिखर सम्मेलन (आईकेजीएस) में कहा,'' हम 20,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करने की प्रतिबद्धता जता रहे हैं।'' समूह पहले ही विझिंजम बंदरगाह का विकास कर रहा है और तिरुवनंतपुरम में हवाई अड्डे का संचालन कर रहा है। वह राज्य में अपनी सीमेंट विनिर्माण क्षमता का विस्तार करने के साथ-साथ एक लॉजिस्टिक्स और ई-कॉमर्स केंद्र भी विकसित करेगा। समूह विझिंजम बंदरगाह का विकास कर रहा है और उसने पहले ही 5,000 करोड़ रुपये का निवेश कर दिया है। उन्होंने कहा कि समूह 5,500 करोड़ रुपये के निवेश से तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे की क्षमता को 45 लाख यात्री प्रति वर्ष से बढ़ाकर 1.2 करोड़ यात्री प्रति वर्ष करेगा।

### सात अरब डॉलर के चमड़े के निर्यात का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) ने कहा कि उसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2025-26 तक इस क्षेत्र का निर्यात बढ़ाकर सात अरब डॉलर करना और भारत को शीर्ष पांच वैश्विक निर्यातकों में शामिल कराना है। सीएलई के चेयरमैन आर के जालान ने कहा कि चमड़ा उद्योग ने वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद जुझारूपन दिखाया है और यह तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने दिल्ली इंटरनेशनल लेदर एक्सपो के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही।


## राशिफल


**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।


**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।


**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।


**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।


**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

# सरकार ने प्रमुख खनिजों के रूप में किया वर्गीकृत

**नई दिल्ली।** सरकार ने बेराइट्स, फेल्सपार, अभ्रक और क्वार्ट्ज को 'प्रमुख' खनिजों की श्रेणी में शामिल करने की शुक्रवार को घोषणा की। इस कदम से ऐसे संसाधनों की खोज व वैज्ञानिक खनन को बढ़ावा मिलेगा जो कई महत्वपूर्ण खनिजों का प्राथमिक स्रोत हैं। इससे पहले इन्हें 'गौण' खनिजों के रूप में वर्गीकृत किया जाता था। आधिकारिक बयान के अनुसार, ''खान मंत्रालय ने 20 फरवरी 2025 के राजपत्र अधिसूचना के तहत खनिजों बेराइट्स, फेल्सपार, अभ्रक और क्वार्ट्ज को गौण खनिजों की सूची से प्रमुख खनिजों की श्रेणी में डाल दिया है। सरकार के राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की शुरुआत के बाद यह कदम उठाया गया है। इस मिशन का मकसद देश के भीतर महत्वपूर्ण खनिजों की खोज व खनन करना है, जिसमें विभिन्न खानों और अन्य जगहों से इन खनिजों को निकालना शामिल है। इन खनिजों के पुनर्वर्गीकरण से मौजूदा पट्टों की पट्टा अवधि पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। प्रमुख खनिजों के रूप में इन खनिजों के लिए पट्टे अनुदान की तारीख से 50 वर्ष की अवधि तक या नवीनीकरण अवधि के पूरा होने तक (यदि कोई हो) एमएमडीआर अधिनियम 1957 की धारा 8ए के अनुसार जो भी बाद में हो तक बढ़ाए जाएंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
Ph.: 07815 239299, Pin 495452, e-mail : dipkacmo@rediffmail.com

क्रमांक /339/निर्माण/न.पा.प./2025 दीपका, दिनांक : 21.02.2025

**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद, दीपका द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों / ठेकेदारों से पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी (भवन/ सडक) 01.01.2015 से प्रभावशील दर अनुसूची प्राक्कलन के तकनीकी स्वीकृति अनुसार निर्माण कार्य हेतु मुहर बंद निविदा प्रपत्र पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।
निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक : 27.02.2025 समय 2.00 बजे तक
परीक्षण उपरांत योग्य निविदाकारों को निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि : 27.02.2025 समय 5.30 बजे तक।
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 05.03.2025 समय 3.00 बजे तक ।
निविदा खोलने की तिथि : 05.03.2025 समय 4.00 बजे से।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि (कार्यादेश से) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | न.पा.प. दीपका क्षेत्रांतर्गत 04 नग सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालय मरम्मत/ उन्नयन कार्य। ( स्वच्छ भारत मिशन 2.0) | 4.80 | 5000.00 | 750.00 | 01 माह |

**नियम एवं शर्तें:-** 01. अन्य जानकारी कार्यालय के निर्माण शाखा / uad.cg.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। **"नगर पालिका के करों का भुगतान समय सीमा में अवश्य करें"**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर छ.ग.**

क्रमांक/डॉ.भी.अ.चिकि./रख./25/2533 रायपुर, दिनांक 19/02/2025


**खुली निविदा आमंत्रण सूचना**

डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के विभिन्न विभागों/वार्डों/ओटी/ओपीडी आदि में उपयोग हो रहे लगभग 400 नग Desert/Window कूलरों (कूलर की संख्याओं में आंशिक कमी या वृद्धि हो सकती है) का जहां है, जिस स्थिति में है, का सामग्री एवं श्रम शक्तियों (Man Power) सहित रखरखाव (सीएमसी) किया जाना हैं, इस प्रयोजन से रजिस्टर्ड फर्मों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक निविदा हेतु शुल्क रूपये 1000.00 (रूपये एक हजार मात्र) की रसीद जमा कर प्राप्त किया जा सकता है, जो वापसी योग्य नही है।
निविदा प्रपत्र विक्रय की तिथि निविदा प्रकाशन दिनांक से दिनांक 20.03.2025 तक (कार्यालयीन समय शाम 5.00 बजे तक)
निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि- 21.03.2025 तक ( कार्यालयीन समय शाम 5.00 बजे तक)
निविदा खोले जाने की तिथि - 24.03.2025 (समय दोपहर 12.30 बजें )
**टीप:-** यदि उक्त दिवसों में छ.ग. शासन द्वारा सामान्य/सार्वजनिक अवकाश घोषित की जाती है, तो अगले कार्य दिवस में उक्त प्रक्रियाओं का संपादन किया जावेगा।

**संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय**
**रायपुर (छ.ग.)**

जी-242505517/2

## शब्द पहेली - 5786



**बाएँ से दाए**
1. बलगम-2
3. जाप, मंत्र पाठ-2
5. काया, बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट, अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सदं, अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना, कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात, फालिज-3
32. मनमौजी, अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी, पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा, परी-2
51. गर्भ, कोख-3
53. दंड, शिक्षा-2
55. पाश, फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट, अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी, नलका-2
69. आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण, लमहा-2
6. गगन, आकाश-2
8. सरूर, खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म, लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बान-2
23. अनुकृति-3
25. जोर, बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि, धरा-2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

**शब्द पहेली - 5785 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5796

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5795 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## खबर संक्षेप

### निगम उपायुक्त ने की राजस्व वसूली की समीक्षा

रायपुर। निगम उपायुक्त डॉ. दिव्या चंद्रवंशी ने जोन-10 क्षेत्र के विभिन्न वार्डों की सफाई व्यवस्था और राजस्व वसूली की समीक्षा की। राजस्व विभाग के अधिकारियों को बकाया राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त के जोन क्षेत्र निरीक्षण के समय जोन-10 कमिश्नर राकेश शर्मा सहित जोन सहायक राजस्व अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सोने की बढ़ती कीमत से निवेश और बढ़ा

रायपुर। सोने की कीमत नए साल में बहुत तेजी से बढ़ रही है। अब तक करीब 11 रुपए हजार रुपए दाम बढ़ चुके हैं। सोना पहली बार 89 हजार रुपए पार हो गया है। अब कभी भी कीमत 90 हजार के भी पार हो जाएगी। इस साल सोने की कीमत एक लाख तक जाने की संभावना है। सोने की बढ़ती कीमत के कारण प्रदेश में सोने में निवेश भी लगातार बढ़ रहा है, लेकिन जेवरों की बिक्री में जरूर कुछ कमी आई है। देश के कई राज्यों में जेवरों की बिक्री में भारी गिरावट की खबर है, पर अपने राज्य में जेवरों की बिक्री में ज्यादा कमी नहीं आई है। शादियों का सीजन होने के कारण जमकर खरीदारी हो रही है। सोने और चांदी को हमेशा से ही निवेश के लिए खरा माना जाता है। बीते साल तो निवेश के मामले में इसने रिकॉर्ड भी बना दिया। पहली बार सोने में जहां 20 फीसदी का रिटर्न मिला है, वहीं चांदी में 17 फीसदी रिटर्न मिला है। यही वजह है कि बीते साल छत्तीसगढ़ में आठ हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश हुआ है। प्रदेश में सोने-चांदी का रोज का करीब 50 करोड़ का कारोबार होता है, इसमें 50 फीसदी निवेशकों का रहता है। सोने की कीमत इस बीते साल रिकॉर्ड 82 हजार के पार भी गई और चांदी के दाम भी एक लाख के पार गए। इस साल सोने की कीमत बीते साल से ज्यादा तेजी से बढ़ रही है। सोने की कीमत में लगातार ताबड़तोड़ तेजी के कारण प्रदेश में सोने का निवेश बढ़ गया है। प्रदेश में रोज 25 करोड़ का निवेश होता है, इसमें से करीब 20 करोड़ का निवेश सोने में होता है, लेकिन अब सोने में ही रोज 25 करोड़ से ज्यादा का निवेश हो रहा है। चांदी में भी रोज पांच करोड़ से ज्यादा का निवेश हो रहा है। इधर जेवरों की बिक्री में करीब 15 फीसदी की कमी आई है।

### स्वास्थ्य अधिकारी ने वासु के परिजन से की मुलाकात

रायपुर। डॉग बाइट के सप्ताहभर बाद नगर निगम की नींद टूटी। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने कुत्तों के हमले से घायल वासु कश्यप के परिजनों से मुलाकात की। विगत 13 फरवरी को दलदल सिवनी आर्मी चौक के पास 6 वर्षीय बालक वासु को आधा दर्जन से अधिक आवारा कुत्तों ने बुरी तरह काट खाया। बच्चे के शरीर में दर्जनों गंभीर जख्म हुये और इलाज के दौरान अस्पताल में उनकी सर्जरी करनी पड़ी। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी ने वासु का उपचार कर रहे चिकित्सकों से वासु के स्वास्थ्य को लेकर चर्चा कर जानकारी ली। डॉक्टरों ने बताया कि वासु का स्वास्थ्य स्थिर बना हुआ है और स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार आ रहा है। डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बालक के परिजनों को अच्छे उपचार के लिए आश्वस्त कराया। दरअसल, राजधानी में आवारा कुत्तों के खौफ से शहरवासी सुरक्षित नहीं हैं। कुत्तों को पकड़ने के लिए रोजाना औसतन 10 से 15 कॉल डॉग केचर टीम के पास आ रहे हैं। पर कुत्ता पकड़ने उनके पास केवल एक गाड़ी है। एक कुत्ते को पकड़ने, मौके पर जाने, वहां से पकड़कर लाने में घंटे पर लग जाते हैं। यदि शहर में एक से ज्यादा जगहों से कुत्ता पकड़ने के कॉल आये, तो डाग केचर टीम समय पर पहुंच भी नहीं पाती। ऐसे में नगर निगम का कुत्ता पकड़ो अभियान महज खानापूर्ति साबित हो रहा है।

प्रदेश की तहसीलों में उपयोग के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर खरीदी गई थी मशीनें

# 10 साल पहले खरीदी गई प्लॉटर मशीनें कुछ दिन ट्रायल के बाद डंप

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।



तहसील कार्यालयों में नक्शा बनाने का काम पहले पटवारी हाथ से किया करते थे, जिसके कारण कई तरह की गलतियां हो जाती थीं, वहीं कई बार उपयोग किए जाने या फोटो कॉपी कराने के कारण फट भी जाया करते थे। हाथ से नक्शा बनाने के कारण कई बार नक्शा रखे-रखे खराब या सड़-गल भी जाते थे। नक्शे की फोटो कापी कराना भी उस समय महंगा पड़ता था। इसे ध्यान में रखते हुए करीब 10 साल पहले प्रदेश के तहसील कार्यालयों में करोड़ों रुपए खर्च कर प्लॉटर मशीनों की खरीदी की गई थी। जानकारों के अनुसार इन मशीनों की खरीदी के बाद प्लॉटर मशीनों का ट्रायल के रूप में कुछ दिनों तक इस्तेमाल भी किया गया, लेकिन बाद में किसी कारण से इन मशीनों का इस्तेमाल करना ही बंद कर दिया गया। तब से ये मशीनें कार्यालयों में धूल खा रही हैं।

जिले के चारों ब्लॉक अंतर्गत तहसील कार्यालयों के लिए भी प्लॉटर मशीनों की खरीदी की गई थी। इन सभी कार्यालयों में मशीनों का इस्तेमाल करने के लिए भेजा भी गया था। कार्यालय सूत्रों के अनुसार ट्रायल के रूप में कुछ दिनों तक इन मशीनों का उपयोग में भी लाया गया, लेकिन बाद में अचानक इन मशीनों का उपयोग करना ही बंद कर दिया गया, जिसके बाद से ये मशीनें तहसील कार्यालय में डंप पड़ी हुई हैं।

प्लॉटर मशीन का उपयोग तहसील कार्यालय के कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं पटवारियों को करना था। कम्प्यूटर में नक्शा पटवारियों को ही तैयार करवाना था, जिसके आधार पर प्लॉटर मशीन से नक्शे का प्रिंट निकालने का काम पटवारी की देखरेख में ही होता। इस कार्य के लिए पटवारियों को भी ट्रेनिंग दिया जाना था, लेकिन खरीदी के बाद पटवारियों को ट्रेनिंग ही नहीं दी गई। नतीजन मशीनें धीरे-धीरे मेंटनेंस नहीं किए जाने के कारण कबाड़ हो गई हैं।

प्लॉटर मशीन की खरीदी के साथ संबंधित विभाग द्वारा नक्शा निकालने के लिए तहसील कार्यालयों को बॉन्डपेपर भी दिए गए थे। ये पेपर भी काफी महंगे हैं। उपयोग नहीं होने के कारण कहीं बॉन्डपेपर खराब हो चुके हैं, तो कई खराब हो रहे हैं। तहसील कार्यालयों में खरीदे गए बॉन्ड पेपर में कितने सुरक्षित रखे हैं, इसकी जानकारी विभागीय अधिकारी भी नहीं दे पा रहे हैं।

### बिना त्रुटि व मेहनत के आसानी से निकल जाता है नक्शा

प्लॉटर मशीन से नक्शा बनाने में न ही त्रुटि होने का गुंजाईश है और न ही इसमें ज्यादा मेहनत लगती है। कम्प्यूटर सिस्टम में नक्शा तैयार कर आसानी से प्लाटर मशीन से निकल जाता है। इसके अलावा अन्य कई दस्तावेज स्कैन करके भी इस मशीन से निकाले जा सकते हैं। इस तरह विभाग की प्लॉटर मशीन खरीदने के पीछे सोच अच्छी थी, लेकिन इस्तेमाल नहीं होने से ये मशीनें अब कबाड़ की तरह कार्यालयों में रखी हुई हैं।

# ईडी के बाद अब ईओडब्ल्यू-एसीबी से गिरफ्तारी का डर, लखमा ने हाईकोर्ट में लगाई अग्रिम जमानत याचिका



बिलासपुर। शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा पिछले 38 दिनों से जेल में बंद हैं। ईडी के बाद अब लखमा को ईओडब्ल्यू-एसीबी की गिरफ्तारी का डर सता रहा है। गिरफ्तारी से बचने उन्होंने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की है। हाईकोर्ट ने अभी सुनवाई की तारीख तय नहीं की है, लेकिन मामले की सुनवाई जल्द होने की बात कही जा रही है। इसके पहले ईडी की स्पेशल कोर्ट से लखमा की जमानत खारिज हो चुकी है। साथ ही उन्हें विधानसभा सत्र में भी शामिल होने की अनुमति नहीं मिली। ज्ञात हो कि ईडी ने लखमा को 15 जनवरी को गिरफ्तार किया था। ईडी ने रिमांड पर उनसे 7 दिन पूछताछ की। इसके बाद 21 जनवरी से 4 फरवरी तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। ईडी की विशेष अदालत 2 बार उनकी रिमांड बढ़ा चुकी है। फिलहाल लखमा 4 मार्च तक न्यायिक रिमांड पर जेल में हैं। दरअसल, शराब घोटाला केस में ईडी ने ईओडब्ल्यू में 2 पूर्व मंत्री, अफसरों सहित 100 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इसमें कवासी लखमा का भी नाम है। ऐसे में लखमा को आशंका है कि अगर उनको जमानत मिलती है तो ईओडब्ल्यू अलग से गिरफ्तार कर सकती है। ध्यान रहे कि शराब घोटाला केस में सुप्रीम कोर्ट से अरुण त्रिपाठी सहित कई अधिकारी ऐसे हैं जिन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है, लेकिन वह जेल से बाहर नहीं आ सके क्योंकि ईओडबल्यू में भी पहले से एफआईआर दर्ज है।

### लखमा सिंडिकेट का अहम हिस्सा थे

मामले में ईडी का आरोप है कि, पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक कवासी लखमा सिंडिकेट के अहम हिस्सा थे। शराब नीति बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे छत्तीसगढ़ में एफएल-10 लाइसेंस की शुरुआत हुई। ईडी का दावा है कि लखमा को आबकारी विभाग में हो रही गड़बड़ियों की जानकारी थी, लेकिन उन्होंने उसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया। ईडी के वकील सौरभ पांडेय के मुताबिक 3 साल शराब घोटाला चला। लखमा को हर महीने 2 करोड़ रुपए मिलते थे। इस दौरान 36 महीने में लखमा को 72 करोड़ रुपए मिले। यह राशि उनके बेटे हरीश कवासी के घर के निर्माण और कांग्रेस भवन सुकमा के निर्माण में लगे।

# सस्पेंड सिपाही ने तलाक दिए बगैर किया दूसरा विवाह, महिला आयोग पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

एक सस्पेंड पुलिस कांस्टेबल ने अपनी पत्नी से तलाक लिए बगैर दूसरी महिला के साथ विवाह कर लिया। इस मामले की शिकायत पीड़ित महिला ने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में की है। बताया गया कि आरोपी कांस्टेबल अपनी पत्नी से अक्सर विवाद कर मारपीट किया करता था, जिससे परेशान होकर उसके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद से वह सस्पेंड भी है, लेकिन सस्पेंड होने के बाद उसने सुधरना छोड़कर दूसरी महिला से विवाह कर लिया है। आयोग ने इस प्रकरण में आरोपी को फटकार लगाई कि पत्नी को तलाक दिए बिना दूसरा विवाह नहीं कर सकता। यह कानूनी अपराध है। इस पर कांस्टेबल ने बताया कि उसके खिलाफ कोर्ट में चालान प्रस्तुत हो चुका है। आयोग ने इस पर कांस्टेबल को न्यायालय का नाम, पेशी की तारीख व ऑर्डरशीट के साथ आगामी सुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता महिला ने आयोग को बताया कि उसका विवाह 9 वर्ष पूर्व हुआ था तथा उसका 8 वर्ष का एक पुत्र भी है। पिछले ढाई वर्ष से वह अपने पति से अलग है तथा पुत्र के साथ रहती है। पार्लर का काम करके वह पुत्र का पालन-पोषण कर रही है। उसका पति कांस्टेबल है जो सस्पेंड है। वह उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया करता था, जिससे परेशान होकर उसने उसके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद से उसका पति सस्पेंड है।

आयोग ने एक अन्य प्रकरण में एक व्यक्ति को अपनी पत्नी पर जुल्म करने तथा दूसरी महिला को बदनाम करने के प्रयास के लिए कोर्ट के समक्ष पत्नी और दूसरी महिला से माफी मांगनी पड़ी। पीड़ित महिला ने शिकायत की थी कि उसका पति उस पर अत्याचार करता है।उसका दो वर्ष का पुत्र है। इसके बाद भी उसका पति एक दूसरी महिला से संबंध रखा हुआ है। सुनवाई के दौरान दूसरी महिला भी उपस्थित थी। उन्होंने आयोग को बताया कि आवेदिका का पति उसके कार्यालय आकर तंग कर उसे बदनाम कर रखा है। आयोग ने इसके बाद आरोपी को पत्नी और दूसरी महिला से कान पकड़कर माफी मंगवाई, साथ ही हिदायत भी दी कि भविष्य में अगर वह अपनी पत्नी पर किसी का अत्याचार करता है या दूसरी महिला को परेशान करता है, तो उसके खिलाफ दोनों महिलाएं एफआईआर दर्ज करा सकती हैं।

### आयोग की समझाइश पर मां का मकान खाली करेगा बेटा

एक प्रकरण में एक महिला ने अपने बेटे और बहू पर बार-बार झगड़ा कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की शिकायत की। इस शिकायत पर आयोग ने दोनों पक्षों की बातें सुनी। मां ने आयोग से मांग की कि उसके मकान के ऊपरी हिस्से में उसका बेटा-बहू रहते हैं। दोनों को वह अपने साथ रखना नहीं चाहती। मकान को किराए पर देकर वह अपना जीवन यापन कर लेगी। आयोग ने इस पर बेटे को समझाइश दी। इसके बाद बेटा भी मां का मकान 15 दिनों के भीतर खाली करने को तैयार हो गया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य लक्ष्मी वर्मा तथा दीपिका शोरी ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के रायपुर स्थित कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। डॉ. किरणमयी नायक ने बताया कि उनकी अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर यह 304 वीं सुनवाई थी।

# नाबालिग का यौन उत्पीड़न, आरोपी की 20 साल की सजा बरकरार

बिलासपुर। एक महत्वपूर्ण फैसले में, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अभिषेक रात्रे की दोषसिद्धि और सजा को बरकरार रखा है जिसे भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 363, 366 और 376(3) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पास्को) अधिनियम, 2012 की धारा 4(2) और 6 के तहत दोषी पाया गया था। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने ट्रायल कोर्ट के फैसले की पुष्टि करते हुए आरोपी द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया है। यह मामला 14 मार्च, 2021 को रायपुर के खमतराई पुलिस स्टेशन में पीड़िता की मां द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर से शुरू हुआ था। शिकायत के अनुसार, 14 वर्ष, 7 महीने और 11 दिन की नाबालिग लड़की 19 फरवरी, 2021 को लापता हो गई थी। पुलिस ने जांच शुरू की और आखिरकार महाराष्ट्र के अहमदनगर में आरोपी के कब्जे से पीड़िता को बरामद कर लिया। जांच के दौरान पीड़िता के स्कूल के प्रवेश रिकॉर्ड जब्त किए गए, जिससे उसकी नाबालिग होने की पुष्टि हुई। मेडिकल जांच और फोरेंसिक रिपोर्ट ने अभियोजन पक्ष के यौन उत्पीड़न के दावों की पुष्टि की। ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराया और उसे आईपीसी और पास्को अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत अलग-अलग अवधि के लिए कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसमें गंभीर यौन उत्पीड़न के लिए 20 साल की सजा भी शामिल है। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में आरोपी ने अपील की। इसमें कहा गया कि कोई पुष्टि करने वाला सबूत नहीं था और पीड़िता एक सहमति देने वाली पार्टी थीं। हालांकि, अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के उदाहरणों पर भरोसा किया, जो नाबालिग की गवाही को, यदि विश्वसनीय है, तो दोषसिद्धि के लिए पर्याप्त मानते हैं। अपीलकर्ता ने पीड़िता की आयु को चुनौती देते हुए तर्क दिया कि स्कूल के रिकॉर्ड पर्याप्त सबूत नहीं हैं। हालांकि न्यायालय ने किशोर न्याय अधिनियम के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्कूल के प्रवेश रजिस्टर की प्रामाणिकता को बरकरार रखा। **बच्चे हमारे देश के अनमोल मानव संसाधन-** न्यायालय ने कहा कि पास्को अधिनियम के तहत नाबालिग की सहमति कानूनी रूप से अप्रासंगिक है। न्यायालय नाबालिग गवाह की गवाही पर भरोसा कर सकता है, और यदि वह विश्वसनीय, सत्य है, और रिकॉर्ड पर लाए गए अन्य साक्ष्यों द्वारा पुष्टि की जाती है, तो यह दोषसिद्धि का आधार बन सकता है।" अपील को खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की सजा को बरकरार रखा, जिसमें कहा गया कि अभियोजन पक्ष ने मामले को उचित संदेह से परे साबित कर दिया है।

**कार्यालय :- नगर पंचायत बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1829/लो.नि.वि./न.पं./2024-25 — बिल्हा, दिनांक 21/02/2025

**निविदा संशोधन सूचना**

नगर पंचायत बिल्हा द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्र. 1405 दिनांक 16.01.2025 अंतर्गत 07 कार्यों के लिए निविदा आमंत्रित है। उक्त निविदा को न.पा. निर्वाचन 2025 हेतु आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण कार्यालय पत्र क्र. 1437 दिनांक 22.01.2025 द्वारा स्थगित किया गया है।

आचार संहिता समाप्ति उपरांत उक्त निविदा के लिए निम्नानुसार समय सारिणी संशोधित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि :- 04/03/2025 समय 5:00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि :- 05/03/2025 समय 5:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 12/03/2025 समय 3:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि :- 12/03/2025 समय 4:00 बजे से

निविदा संबंधी शेष बातें यथावत रहेंगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बिल्हा

**भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा**

// मोलासिस विक्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा उत्पादन वर्ष 2024-25 मे उत्पादित मोलासिस मे से लगभग 1500 मे.टन सी मोलासिस के विक्रय हेतु कारखाने कार्यालय मे दिनांक 22/02/25 से 27/02/25 को दोपहर 02:00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल (hattps://eproc.cgstate.gov.in) पर आमंत्रित की जाती है ई- निविदा मे मोलासिस क्रय हेतु न्यूनतम मात्रा 1500 मे.टन होगी, इससे कम मात्रा हेतु निविदा अस्वीकार की जायेगी, प्राप्त ई-निविदा को दिनांक 27/02/2025 को दोपहर 02:00 बजे पश्चात खोला जायेगा, जिसमे निविदाकार/ प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। निविदा प्रपत्र के साथ क्रय हेतु प्रस्तावित मोलासिस के विक्रय मूल्य का 10% ई. एम. डी. राशि केवल आर.टी.जी.एस. के माध्यम से भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा के नाम एकाउन्ट नम्बर 19012191000743 पंजाब नेशनल बैंक कवर्धा शाखा आई. एफ.एस.सी कोड PUNB0208520 मे जमा करना अनिवार्य होगा। निविदाकार को निविदा संबंधी वांछित दस्तावेज ई-टेंडर वेबसाइड https:eproc.cgstate.govt.in मे अपलोड करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी कारखाना कार्यालय वेबसाइड www.Bssuk.co.in., एवं मो. नं. 9179197556, 8305143251 से प्राप्त की जा सकती है।

महाप्रबंधक (प्रशा.)

**इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड** (विपणन विभाग) IndianOil

विज्ञापन संख्या आईओसीएल/विपणन/एचओ/आरईसी/2025

गैर-कार्यकारी श्रेणी में अनुभव प्राप्त कार्मिकों की अखिल भारतीय खुली नियुक्ति तथा गैर-कार्यकारी श्रेणी में बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों (PwBD) के लिए विशेष नियुक्ति अभियान (SRD)

**आवेदन प्रस्तुति के लिए तिथि में विस्तार**

इस समाचार पत्र में दि. 03 फरवरी, 2025 को जारी विज्ञापन की ओर ध्यान आकृष्ट करते हैं, जिसमें निम्न पदों के हेतु अर्हता धारक उम्मीदवारों से (ऑनलाईन प्रणाली में) आवेदन आमंत्रित किये थे।

अ) गैर-कार्यकारी श्रेणी में अनुभव प्राप्त कार्मिकों की अखिल भारतीय खुली नियुक्ति के लिए

| पद संकेत | श्रेणी | पदनाम | कुल पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 101 से 123 | श्रेणी-I | जूनियर ऑपरेटर | 215 |

ब) गैर-कार्यकारी श्रेणी में केवल बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों (PwBD) के लिए विशेष नियुक्ति अभियान (SRD)

एसआरडी (SRD) - केवल PwBD के लिए आरक्षित पद

| पद संकेत | श्रेणी | पदनाम | कुल पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 201 से 204 | श्रेणी-I | जूनियर अटेंडन्ट | 23 |
| 205 से 208 | श्रेणी -III | जूनियर बिज़नेस असिस्टंट | 08 |

उपरोक्त पदों के हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुति की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2025 को 23.55 बजे तक बढ़ाई गई है।

विस्तृत विज्ञापन का संदर्भ लेने हेतु या ऑनलाईन आवेदन करने हेतु वेबसाइट www.iocl.com पर जाकर IndianOil For You > 'IndianOil For Careers'> 'Latest Job Opening'> 'Job Opening' > 'Recruitment of Non-Executive Personnel in Marketing Division-2025' पर क्लिक करें।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
जोन क. 04 नेहरू काम्पलेक्स व्यापार विहार

**चतुर्थ निविदा विज्ञप्ति**

नि.क्र. 54/न.पा.नि./ जनकार्य-4/24-25 — बिलासपुर दिनांक 21.02.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 05.03.2025 को सायं 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 25 संजय अपार्टमेंट में डामरीकरण / नवीनीकरण कार्य। | 13.28 लाख रू. |

शर्तेः- निविदा से संबंधित अन्य जानकारी जोन क्र. 04 व्यापार विहार नेहरू काम्पलेक्स नगर पालिक निगम बिलासपुर से अथवा निगम की वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से प्राप्त की जा सकती है।

जोन कमिश्नर
जोन क्र. 04 नेहरू काम्पलेक्स व्यापार विहार बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना — परिशिष्ट "अ"

**ई-निविदा संख्याः** 85-एस एन टी-परियोजना-निविदा-2024 दिनांक 04.01.2025

**कार्य का नामः** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर-झारसुगुडा सेक्शन में कवच उपकरण और संबंधित कार्यों का सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, टेस्टिंग और कमीशनिंग।

**निविदा मुल्यः** ₹165,91,15,644.80 (रुपये एक सौ पैंसठ करोड़ इक्यानबे लाख पंद्रह हजार छह सौ चौवालीस और अस्सी पैसे मात्र)।

**अमानत राशिः** ₹84,45,600.00 (रुपये चौरासी लाख पैंतालीस हजार छह सौ मात्र)।

**निविदा जमा करने की तिथि तथा समय के लिए शुद्धि पत्रः शुद्धि पत्र 2: दिनांकः 04.03.2025 को 12.00 बजे तक। मूल दिनांकः 10.02.2025 को 12.00 बजे तक।**

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज़ का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं, उससे देख सकते हैं।

उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजी. (परियोजना-II)
द.पू.म.रेलवे /बिलासपुर
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से

CPR/10/FL/510

South East Central Railway @secrail

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् शिवपुर- चरचा, जिला - कोरिया (छ.ग.)**

क्र./2299/लो.नि.वि./न.पा.प./2025 — शिवपुर - चरचा, दिनाँक 21/02/2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय निविदा)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | समय सीमा | फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 165087 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Palika Parishad Shivpur Charcha under SBM 2.0 (2nd Call) | INR Rs. 356.73 Lakhs | INR Rs. 1.78 Lakhs (Rupees One Lakh Seventy Eight Thousand only) TDR/ FDR in favour of Chief Municipal Officer, Municipal Council Shivpur Churcha | Rs. 10,000.00 (Rupees Ten Thousand only) in the form of DD in favour of Chief Municipal Officer, Municipal Council Shivpur Churcha | Construction Period - 15 months (including rainy season + 03 (three) months of trial run) from the date of issuing of work order. | 12.03.2025 by 04.00 PM |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई- प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://cproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् शिवपुर - चरचा, जिला - कोरिया (छ.ग.)

**आधिपत्य सूचना**

HDFC BANK — **एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर
Tel: 0771-4243149/240 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

जबकि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी), प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('उक्त अधिनियम') और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किए गए। उक्त अधिनियम के तहत, निम्नलिखित उधारकर्ताओं/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों से आव्हान किया गया है कि वे अपने संबंधित नामों के सामने उल्लेखित राशि का भुगतान उक्त नोटिस में उल्लेखित लागू दरों पर ब्याज सहित करें। उक्त नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिन, आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान और/या वसूली की तारीख तक।

| क्रं. | ऋणी (ओं) के नाम / कानूनी वारिस (ओं) एवं कानूनी प्रतिनिधि (यों) | बकाया राशि* | मांग सूचना की दिनांक | आधिपत्य दिनांक | अचल संपत्ति (यों) का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | **श्री सिंह अजय कुमार**, प्लॉट-A-27, सृष्टि समृद्धि, स.क्र., खसरा नं. 306/2,308/1,309/1-2, 311/1-2,313/2, 315/2, प.ह.नं.1, ग्राम-बोदरी तह.-बिल्हा, बिलासपुर-छ.ग.-495001. **श्री सिंह अजय कुमार**,DSB-53, जमुना कोलियारी, राम जानकी मंदिर के पास, मेन रोड जमुना कोलियारी, कोतमा सिटी, अनूपपुर - 484444. **श्री सिंह अजय कुमार**,मेसर्स. अजय कुमार सिंह, सिविल ठेकेदार, वार्ड नंबर, 6, क्वार्टर, नंबर, D 5B/53, जमुना कोलियरी - अनूपपुर - 484444. **श्री सिंह विमल**, वार्ड नंबर 6, जमुना कोलियरी, जेपीएस स्कूल के पास, जमुना कोलियरी, कोतमा सिटी, अनूपपुर -484444. **श्री सिंह विमल**, प्लॉट-A-27, सृष्टि समृद्धि, स.क्र., खसरा नं. 306/2,308/1,309/1-2, 311/1-2,313/2, 315/2, प.ह.नं.1, ग्राम-बोदरी तह.-बिल्हा, बिलासपुर-छ.ग.-495001. | ₹ 7,48, 400/- दिनांक 30 Sep. 24* तक | 16-NOV-2024 | 17-02-2025 (सांकेतिक कब्जा) | परिवर्तित भूमि का संपूर्ण भाग एवं आंशिक भाग भूमि क्रमांक-27, क्षेत्रफल-2000 वर्गफुट। खसरा क्र. 309/1, 309/2 स्थित-बोदरी, 'सृष्टि समृद्धि' प.ह.नं.-01, वार्ड 4, शहीद भगत सिंह वार्ड, RIC-बिल्हा, तहसील एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़, **चौहद्दी**:- उत्तर - प्लॉट 28, दक्षिण- सड़क, पूर्व-गार्डन, पश्चिम- सड़क। |
| 02. | **श्री बाबू बी रमना**, खसरा नंबर 1069/10, पुराना नंबर 1069 (भाग), प.ह.नं. 22/37, प्लॉट नंबर 66/4, स.क्र., शीट नंबर 13, मौजा तोरवा, वार्ड नंबर पुराना नंबर 39, गणेश नगर, चुचुहिया पारा, बिलासपुर-छ.ग.-495001. **श्री बाबू बी रमना**, पिता बी गणेश 3, अन्नपूर्णा कॉलोनी, गणेश नगर 3, बिलासपुर, बिलासपुर-छग - 495004. **श्री बाबू बी रमना**, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मेगर सिग्नल सिरगिट्टी, तारबहार फाटक, बिलासपुर, बिलासपुर-छ.ग. - 495004. **श्रीमती बी मंगा देवी**, पिता बी गणेश 3, अन्नपूर्णा कॉलोनी, गणेश नगर 3 बिलासपुर, बिलासपुर-छ.ग.- 495004. **श्रीमती बी मंगा देवी**, खसरा नंबर 1069/10, पुराना नंबर 1069 (भाग), प.ह.नं. 22/37, प्लॉट नंबर 66/4, स.क्र., शीट नंबर 13, मौजा तोरवा, वार्ड नंबर, पुराना नंबर 39, गणेश नगर, चुचुहिया पारा, बिलासपुर- छ.ग.-495001. | ₹ 19,72,179/- दिनांक 30.09.24 *तक | 29-OCT-2024 | 17-02-2025 (भौतिक कब्जा) | परिवर्तित प्लॉट नं.-66/4, क्षेत्रफल 1197 वर्ग.फीट, ख.नं. - 1069/10 पुराना खसरा - 1069(भाग), शीट नंबर-13, स्थित- तोरवा प.ह.नं.-37, RIC-बिलासपुर, तह. एवं जिला - बिलासपुर, छ.ग. **चौहद्दी**:- उत्तर - फैज़ल हुसैन का मकान, दक्षिण - एम.जी. मूर्ति का मकान। पूर्व - देबू कुमार पाल की भूमि, पश्चिम - सडक। |
| 03. | **श्री साहू थानेश्वर**, खसरा नंबर 219/35, प.ह.नं. 20/32, प्लॉट नंबर 896/1, हाउसशीट नंबर 16/15ख, मौजा सरकंडा, वार्ड नंबर 65, अरविंद नगर, बिलासपुर-छ.ग.- 495001. **श्री साहू थानेश्वर**, मकान नंबर 46 पितै स्व. केजूराम साहू, द्वारा-राम सहाय साहू पाठक, बगीचा के पास, जबड़ापारा, बिलासपुर एम कॉर्प, बिलासपुर-छ.ग. - 495001. **श्री साहू थानेश्वर**, एएनआई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, 414 तीसरी मंजिल, चौथा ब्लॉक, 100 फीट रोड, 17वीं मुख्य, कोरमंगला बेंगलुरु - 560034& **श्रीमती साहू सरिता**, पिता रामसहाय साहू, वार्ड 44, मकान नंबर 496 पाठक बगीचा के पास, जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर एम. कॉर्प, बिलासपुर-बिलासपुर-छ.ग.- 495001. **श्रीमती साहू सरिता**, खसरा नंबर 219/35, प.ह.नं. 20/32, प्लॉट नंबर 896/1, हाउसशीट नंबर 16/15ख, मौजा सरकंडा, वार्ड नंबर 65, अरविंद नगर, बिलासपुर-छ.ग.- 495001. | ₹ 7,82,399/- दिनांक 30.09.24 *तक | 05-Nov-2024 | 17-02-2025 (भौतिक कब्जा) | परिवर्तित प्लॉट नंबर-896/1, क्षेत्रफल 868 वर्ग फीट, खसरा नं. - 219/35, स्टार कर्मांक 16/15ख स्थित - सरकंडा प.ह.नं.-20/32, RIC-बिलासपुर, वार्ड नंबर 54/63, अरविंद नगर, वार्ड RIC-बिलासपुर तहसील एवं जिला - बिलासपुर छत्तीसगढ़, **चौहद्दी**:-उत्तर - राजकुमारी की भूमि, दक्षिण - रानी यादव की भूमि, पूर्व - दिनेश मदवानी की भूमि, पश्चिम - सड़क। |

*भुगतान और/या वसूली की तारीख तक लागू अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के साथ।

हालाँकि, चूँकि ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि देय राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों को विशेष रूप से और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारियों ने धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऊपर वर्णित अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति(यों) पर कब्ज़ा कर लिया है। उक्त अधिनियम ऊपर उल्लेखित तिथियों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा जाता है।

विशेष रूप से ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे उपरोक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ लेनदेन न करें और उक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ कोई भी लेनदेन एचडीएफसी के बंधक के अधीन होगा। उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा 8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

निकाले गए पंचनामा और बनाई गई सूची की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त करें।

एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड के लिए
वास्ते
प्राधिकृत अधिकारी

स्थान-बिलासपुर, दिनांक : 22.02.2025

रजिस्टर्ड ऑफिस : एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापती बापत मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400013

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### दूसरे चरण के ....

में से 52 जनपद पंचायत में चुनाव हुए और उसमें 40 जनपद पंचायत में हमारा बहुमत है। बाकी जनपद पंचायत में भी हमारे सदस्य जीतकर आएंगे। दूसरे चरण में 40 जनपद पंचायत क्षेत्र में चुनाव हुए उसमें भी अभी तक प्राप्त अंकों के अनुसार 26 जनपद पंचायत में हमारा बहुमत है और यह बहुमत का आंकड़ा 32-33 तक जा सकता है। इसी प्रकार प्रदेश में 11,600 ग्राम पंचायतों के दो चरण के मतदान के बाद भी 70 से 80 प्रतिशत सरपंच भाजपा के बने हैं। इन तीनों चरणों में 1.60 लाख पंच निर्वाचित होने हैं और उनमें भी दो तिहाई से भाजपा उम्मीदवार जीत कर आ रहे हैं।
**कांग्रेस का दावा 287 में 157 सीटें जीते** - प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, दूसरे चरण में जिला पंचायतों में 138 क्षेत्रों में से कांग्रेस समर्थित 89 सदस्य चुनाव जीत कर आये है। 899 जनपद सदस्यों में कांग्रेस समर्थित 548 चुनाव जीत कर आए हैं। इसी प्रकार दूसरे चरण में 3774 स्थानों पर सरपंचों के चुनाव हुए हैं जिसमें कांग्रेस समर्थित 2780 सरपंच चुनाव जीत कर आए हैं। पहले चरण एवं दूसरे चरण को मिलाकर 287 जिला पंचायत क्षेत्रों में कांग्रेस के कुल 167 सदस्य अभी तक चुनाव जीत चुके हैं। जनपद पंचायतों में 1810 क्षेत्रों में से 1148 क्षेत्रों में कांग्रेस समर्थित चुनाव जीत कर आए हैं। इसी प्रकार सरपंचों के 6385 क्षेत्रों में से 4880 क्षेत्रों में कांग्रेस समर्थित लोग चुनाव जीत कर आए हैं।

### पूर्व उपसरपंच को ....

को शून्य वोट मिला। इसी तरह पूर्व जनपद सदस्य जो इस चुनाव में वार्ड पंच चुनाव लड़ा था,उसे मात्र एक वोट मिला। वही अनिल सेठिया को 36 और निर्वाचित पंच मोरध्वज सेठिया को सबसे ज्यादा 61 वोट प्राप्त हुए।

### कल होगी वोटिंग, नक्सल ....

67 कर्मचारियों को रवाना किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि मतदान एवं मतगणना कार्य को स्वतंत्र,निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है । कलेक्टर ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग के मार्गदर्शन पर चिन्हांकित अति संवेदनशील क्षेत्रों में हेलीकॉप्टर से मतदान दलों को रवाना किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से 2 दिन पहले टीमें अलग-अलग क्षेत्रों के लिए रवाना हो गए हैं। **पूवर्ती, किस्टाराम और सिलगेर में रविवार को मतदान** - दो चरणों के शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने के बाद अंतिम चरण में कोण्टा ब्लॉक की 67 ग्राम पंचायतों के सरपंच पद व 19 जनपद पंचायत सदस्य वार्ड पंच सहित चार जिला पंचायत सदस्य सीटों के लिए चुनाव कराया जाना है। कोंटा ब्लॉक के कुल 128 मतदान केन्द्रों में रविवार को कुल 64580 मतदाताओं में महिला मतदाता 33837 तथा पुरूष मतदाता 30743 अपने मताधिकार प्रयोग करेंगे।

नारायणपुर में भी बाई एयर भेजी गई पोलिंग पार्टी
नारायपुर जिले के दो अतिसंवेदनशील क्षेत्र में पोलिंग पार्टियों को बाई एयर भेजा गया है। नारायणपुर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिष्ठा ममगाईं ने जानकारी दी है कि ओरछा विकासखण्ड में 37 मतदान केन्द्र बनाया गया है, जिसमें से 31 मतदान केन्द्र को शिफ्ट किया गया है। दो अति संवेदनशील क्षेत्र के कस्तुरमेटा और मोहंदी मतदान केन्दों के लिए पुलिस लाइन से मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया।

### टोल पर अब नहीं ...

होगी। इस प्रकार, यात्रियों को सड़क पर सफर करते वक्त किसी भी प्रकार की परेशानी या असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।
**एनएचएआई ने क्या कहा**- एनएचएआई के अनुसार, फास्टैग के नए नियमों का टोल गेट पर डिजिटल ट्रांजेक्शन और यूजर्स के अनुभव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह स्पष्ट किया गया कि इन नियमों का मुख्य उद्देश्य केवल पेमेंट कलेक्शन में आने वाले विवादों को हल करना है, जो बैंकों के बीच हो सकते थे। इस बदलाव का सामान्य यात्रियों और फास्टैग यूजर्स पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। गाइडलाइंस पेमेंट सेटलमेंट से संबंधितः एनएचएआई ने कहा कि नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की गाइडलाइन्स केवल पेमेंट सेटेलमेंट से संबंधित हैं, न कि यात्री अनुभव से। यह गाइडलाइन बैंकों के बीच संपत्ति विवाद और ट्रांजेक्शन के वक्त के मुद्दों को सुलझाने के लिए बनाई गई है। इसलिए, यात्रियों को इन नियमों को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है।

### सारनाथ अब 26 तक...

घर लौटने की उम्मीद खोने लगे हैं। ट्रेन रद्द करने का कारण रेलवे ने स्पष्ट नहीं किया है। सारनाथ आज पटरी पर लौटने वाली थी। इस वजह से हजारों यात्रियों ने दुर्ग से लेकर प्रयागराज और पटना तक हजारों यात्रियों ने बुकिंग करवा ली थी। ज्यादातर यात्रियों ने एडवांस की बुकिंग करवाई थी, लेकिन सारनाथ के रद्द होने से यात्रियों के जीवन में अब महाकुंभ भी दूर हो गया है।
**20 से 25 हजार तक पहुंचा किराया**- प्रयागराज में महाकुंभ मेला महाशिवरात्रि के दिन समाप्त हो जाएगा, लेकिन अब भी रोजाना हजारों यात्री रायपुर से प्रयागराज जा रहे हैं। हरिभूमि की पड़ताल में पता चला कि सामान्य दिनों में जहां 10 सीट वाली गाड़ी का किराया 15,000 रुपये तक होता था, अब वही किराया बढ़कर 25,000 रुपये तक पहुंच चुका है। सारनाथ एक्सप्रेस के रद्द होने के बाद यात्रियों ने प्राइवेट गाड़ियों का रुख किया है, जिसके चलते ट्रेन और बसों के मुकाबले प्राइवेट गाड़ियों का किराया आसमान छू रहा है। अब महाकुंभ जाने के लिए यात्री महंगे किराए पर प्राइवेट गाड़ियों का सहारा ले रहे हैं।

### 10 हजार से अधिक...

रद्द होने के कारण उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं बचा। 24 घंटे पहले ट्रेन रद्द करने से रेलवे ने हजारों यात्रियों के महाकुंभ जाने का सपना छीन लिया। सारनाथ एक्सप्रेस के रद्द होने से छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश और बिहार के हजारों यात्री परेशानी में हैं।

### सारनाथ के यात्री...

एक्सप्रेस का रद्द होना था, जिसे रेलवे ने बाद में फिर से रद्द कर दिया। चंद्रशेखर तिवारी और उनके परिवार ने 22 फरवरी को एक और टिकट खरीदी, लेकिन रेलवे ने अब फिर से सारनाथ एक्सप्रेस को रद्द कर दिया है। इस निरंतरता ने उनकी समस्याओं को बढ़ा दिया है। यात्री बताते हैं, यह धोखा और मानसिक परेशानी का कारण बन चुका है। तीन दिन से हम यहां फंसे हुए हैं और अब घर लौटने का कोई रास्ता नहीं दिखाई दे रहा है। बसों में अब सीटें नहीं मिल रही हैं और प्राइवेट गाड़ियों का किराया 20 हजार से ऊपर हो चुका है।

### चुनाव निपटने के बाद...

मंडलों में नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बने सवा साल हो रहे हैं, लेकिन अब तक निगम और मंडलों में नियुक्ति नहीं हो सकी है। इसको लेकर बीते साल से ही कवायद चल रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा का कई बार दिल्ली का दौरा हुआ और वहां पर राष्ट्रीय नेताओं के साथ लंबा मंथन भी हुआ। इसी के साथ भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन के रायपुर प्रवास के दौरान उनकी मुख्यमंत्री निवास में भी बैठक हुई और निगम, मंडलों में नामों को लेकर मंथन किया गया। कई बार कई दिग्गज नेताओं के नाम भी निकलकर सामने आए हैं कि इनको निगम, मंडलों में अहम पद दिए जा सकते हैं। लेकिन अब तक किसी की निगम, मंडल में नियुक्ति नहीं हो सकी है। प्रदेश के ज्यादातर प्राधिकरणों के साथ कुछ आयोगों में जरूर नियुक्तियां हो गई हैं।

### बड़े निगम, मंडलों...

पर्यटन मंडल, खाद्य आयोग सहित करीब तीन दर्जन निगम, मंडल में नियुक्तियां होनी हैं।

### सुप्रीम कोर्ट से जमानत...

देवेंद्र यादव की रिहाई शाम साढ़े पांच बजे के करीब हुई है। देवेंद्र को सुप्रीम कोर्ट से गुरुवार को जमानत मिल गई थी। जमानत का दस्तावेज शुक्रवार को जेल प्रशासन को मिला, इसके बाद देवेंद्र की रिहाई संभव हो पाई। देवेंद्र की रिहाई की खबर मिलने पर सैकड़ों की संख्या में दुर्ग, भिलाई तथा रायपुर से एनएसयूआई तथा युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता दोपहर तीन बजे जेल परिसर के बाहर एकत्रित होने लगे। रिहाई के समय देवेंद्र को लेने उनके परिजन के साथ पत्नी सेंट्रल जेल परिसर पहुंचे थे।

### बलौदाबाजार आगजनी कांड में...

में भिलाई के कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को पहले ही सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल चुकी है। अब हाईकोर्ट के इस फैसले से अन्य आरोपियों को भी राहत मिली है। ज्ञात हो कि बलौदाबाजार आगजनी कांड काफी चर्चित रहा है और इस पर लंबे समय से कानूनी कार्रवाई ही चल रही थी।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925




epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**- घर की साफ सफाई हेतु महिला एवं आदमी की आवश्यकता है। कार्य समय सुबह 9 से दोपहर 2बजे (5घंटे) सम्पर्क करें- रामा वर्ल्ड सिरगिट्टी मोड़ रायपुर रोड, बिलासपुर 9340600776 (36901)

**आवश्यकता है**-कपड़े के शोरूम में कार्य करने के लिए दो अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 11000 तक सम्पर्क करें- रूपवर्षा, गोल बाजार सिटी कोतवाली के सामने बिलासपुर 9827163669 (36899)

**आवश्यकता है**-इनोवा चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है अनुभवी शिक्षित एवं नशा मुक्त, पत्नी के लिए भी काम, रहने के लिए घर उपलब्ध सम्पर्क करें- विद्या चरण वर्मा 7000785661 (36895)

**आवश्यकता है**-झाड़ू, पोंछा, साफ सफाई के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 7000 सम्पर्क करें- बॉडी लाइन फिटनेस मन्नू चौक टिकरापारा बिलासपुर 79876 19998, 9584700660, 9907900881 (36897)

**आवश्यकता है**-होटल में वेज, नानवेज, चाइनीज आइटम बनाने हेतु अनुभवी कुक, एवं वेटर लड़के, लड़कियां चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- दादर रेस्टोरेन्ट कैफे, सीजी प्लाजा अग्रसेन चौक बिलासपुर 9752048589, 92442 92387 (36891)

**आवश्यकता है**-2पद कम्प्यूटर आपरेटर टैली प्राइम एवं फाइनल एकाउन्ट्स के जानकार एवं 5वर्ष से ज्यादा अनुभवी की आवश्यकता है सम्पर्क करें- रिलायंस ट्रेडलिंक व्यापार विहार बिलासपुर 9300795080 (36898)

**आवश्यकता है**-फर्निशिंग दुकान में काम करने हेतु 10 लड़के, 10 लड़कियां चाहिए पता- वीआर फर्निशिंग विशाल मेगा मार्ट केएफसी के बाजू में अशोक नगर चौक के पास, सीपत रोड बिलासपुर 98931 27584 (36892)

**आवश्यकता है**-फील्ड सुपरवाइजर की आवश्यकता है कम्प्यूटर का ज्ञान आवश्यक कृपया फोन में समय लेकर सम्पर्क करें- 7987382110 9754373800 (0562)

**आवश्यकता है**-फोर व्हीलर गाड़ी चलाने हेतु एक कुशल चालक की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7354200022 (36862)

**आवश्यकता है**-विज्ञापन एजेंसी में ड्राइवर,इलेक्ट्रीशियन फ्लैक्स माउंटिंग हेतु लडकों एवं एलईडी लेटर कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सी15 ग्राउंड फ्लोर नारायण प्लाजा, बिलासपुर 8770168534, 97523 90684 (36902)

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर ऑपरेटर (कोरलड्रा अनुभवी) हेल्पर एवं फ्लेक्स मशीन चलाने हेतु ऑपरेटर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- माँ कल्याणी प्रिंटर्स, यश पैलेस के पास करबला रोड बिलासपुर 9893442780, 91099 18498 (36880)

**आवश्यकता है**-FMCG मार्केटिंग, डेलिवरी, हेल्पर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फुल टाइम ड्राइवर हेतु लड़को की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- व्यापार विहार बिलासपुर 92028 50834, 9826168253 (36878)

**आवश्यकता है**-कंस्ट्रक्शन कम्पनी में मैनेजर-2 (सिविल कार्य अनुभवी) कम्प्यूटर ऑपरेटर-1, ड्राइवर-1 की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें-समय 12बजे से शाम 5बजे तक अनुमेष कंस्ट्रक्शन तोरवा बिलासपुर 9993495123 (36871)

**आवश्यकता है**-यदुनन्दन नगर तिफरा मे कंस्ट्रक्शन, रियल एस्टेट आफिस में एक लड़का, एक लड़की चाहिए जो 12वीं पास हो आफिस एवं फील्ड दोनों देख सके। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9826314444 (36883)

**आवश्यकता है**-प्रिंटिंग युनिट को चाहिए मैनेजर, प्रिंटिंग लाइन का जानकार 1, टेलीकॉलर फीमेल 1, ग्राफिक डिजाइनर 2, सैलरी 10000+ बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- प्रिंट आइडिया, सुभाष कॉम्पलेक्स जरहाभाठा बिलासपुर 7999415807 (36875)

**Wanted**-Teachers Required- St. Paul's School, Tifra (1) Vice Principal (B.Ed and M.Ed) (2) English (for Pre Primary and Higher Secondary) (3) Chemistry (4) Physics (5) Biology (6) Sports Teacher (7) Office Accountant. Interview Date 21, 22, 24, 25 Feb. (9am to 1pm) Mob. No. 99775 99286, 8109529624 (Fluency in English and Training is must) (36879)

**आवश्यकता है** आया बाई (हॉस्पिटल एवं घरेलु कार्य हेतु) नर्सिंग स्टॉफ काउंटर स्टाफ अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल मगरपारा रोड, बिलासपुर संपर्क करें:- सुबह 11 से 01 बजे तक 07752-226296, 402543

**आवश्यकता है**-सर्वमंगला एजेन्सी में सेल्समैन एवं ड्राइवर की आवश्यकता है तत्काल सम्पर्क करें- महाराणा प्रताप चौक के पास व्यापार विहार रोड बिलासपुर 9827976705, 9752394144 (36877)

**आवश्यकता है**-नेशनल मेडिकोज में जमीन एवं राजस्व के कार्य हेतु अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है सम्पर्क करें नागरिक सहकारी बैंक के पास बृहस्पति बाजार बिलासपुर 7987972716(36886)

**आवश्यकता है**-लोकल एवं बाहर प्लास्टिक पाईप डिलीवरी हेतु पिकप/ छोटा हाथी चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन- 10000+ (अनुभव के आधार पर) सम्पर्क करें- सिलपहरी इंडस्ट्रीयल एरिया बिलासपुर 7804908441 (36863)

**आवश्यकता है**-स्टेशनरी शॉप में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़की की आवश्यकता है। इच्छुक दुकान आकर सम्पर्क करें- भाटिया इंटरप्राइजेज, पेट्रोल पम्प के बाजू में नेहरू चौक, बिलासपुर 75872 59295 (3167)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर की निर्माणाधीन कालोनी में सिविल कॉन्ट्रेक्टर की आवश्यकता है (1) ईंट जोड़ाई कार्य- 10 (2) मकान प्लास्टर- 15 (3) शटरिंग- 10 (4) लोहार- 10, सम्पर्क करें- 7999245462, 79700 10956, 7970010973 (36881)

**आवश्यकता है**-बर्तन दुकान में कार्य हेतु पढ़े लिखे लड़के, लड़कियां चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। (कॉल करें- सुबह 11बजे से रात 9बजे) सम्पर्क करें-इज्जी ट्रेडर्स, वाल्मीकि चौक, शनिचरी बाजार, बिलासपुर 99932 93951 (36887)

**टेक्सटाईल स्पिनिंग (धागा) मिल, रायपुर (छत्तीसगढ़)** नई टेक्सटाईल धागा मिल में साफ व ठंडे वातावरण में मशीन चलाने हेतु नये/पुराने अनुभवी वर्कर्स चाहिए। रहने की उत्तम सुविधा व कैंटीन मिल में उपलब्ध। पहले दिन से PF/ESIC कवरेज व पेमेंट सीधे बैंक खाते में। 240 दिन से अधिक हाजरी पर छुट्टी का पैसा अलग। संपर्क करें। 8462933820 8357065592

**आवश्यकता है**-होलसेल मेडिकल एजेंसी में अनुभवी फुल टाइम एकाउंटेंट की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मेलाराम हेमन्तकुमार मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 7999934599 (2505)

**आवश्यकता है**-वड़ा पाव, पनीर रोल, मंचूरियन, दाबेली दुकान में कार्य हेतु अनुभवी कुक चाहिए कार्य समय दोपहर 2 से रात 10 बजे सम्पर्क करें- राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर 9098859081, 6265338482 (1460)

**आवश्यकता है**-घर के काम करने हेतु लड़की चाहिए सुबह 8बजे से शाम 7बजे तनख्वाह- 8500 (रहकर कार्य करने वाले की तनख्वाह 7000) आवास+ खाने की सुविधा पता- नर्मदा नगर बिलासपुर 7869399765 (36885)

**आवश्यकता है**-मार्केटिंग में फोर व्हीलर छोटा हाथी चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर चाहिए वेतन योग्यता अनुसार। आधार कार्ड लाइसेंस सहित सम्पर्क करें-अरोरा बेकरी, बृहस्पति बाजार के पास, बिलासपुर 9827164721 (36860)

**आवश्यकता है**-जिम में मेंटेनेंस कार्य करने हेतु कुशल कर्मचारी एवं ट्रेनर की आवश्यकता है (मेल/ फीमेल) वेतन- योग्यता अनुसार पता- मंगला चौक बिलासपुर सम्पर्क करें- 9109277444, 96914 32828 (36888)

**आवश्यकता है**-(1) रेल्वे की साइड फाउंडेशन कार्य हेतु सुपरवाइजर चाहिए जिसे सिविल कार्य का अनुभव हो (2) बिलासपुर के लिए ड्राइवर चाहिए अनुभवी ही बायोडाटा सहित सहित सम्पर्क करें- 9549548344 (36868)

**Wanted**-We are seeking a dynamic Sales Manager to join our team. Key Responsibilities Lead and motivate the sales team Develop and implement sales strategies to drive growth Achieve revenue targets and increase market share Qualifications Minimum Graduation 8+ years of sales management experience Strong leadership and negotiation skills Proven track record of meeting/ exceeding sales targets Location Bilaspur Contact- 7970010958 (3304)

**आवश्यकता है**-विद्यालय में कार्य करने हेतु प्यून, गार्ड, एवं मार्केटिंग हेतु फ्रेशर लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सुबह 9 से 2बजे तक संस्कार स्कूल, बाजार के सामने, उसलापुर 7440549466 9691259615 (36869)

**आवश्यकता है**-(1) हॉस्टल कार्य हेतु लड़के, लड़की (2) रिसेप्शन सम्भालने हेतु स्मार्ट लड़के लड़कियां (3) पार्सल, खाना डिलीवरी हेतु लड़के (4) इंडियन, चाइनीज खाना बनाने हेतु कुक चाहिए सम्पर्क करें- 9329233000 (1457)

**आवश्यकता है**-एकाउन्टेंट जिसे बीजी का ज्ञान हो एवं दुकान में काम हेतु कर्मचारी की जरूरत है सम्पर्क करें- अशोक मिल एण्ड हार्डवेयर दयालबंद बिलासपुर 9827150871 (36859)

**आवश्यकता है**-कार एवं बाइक ऑटो पार्ट्स दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। सेल्समैन और हेल्पर दोनों चाहिए। सम्पर्क करें- 78695 23344, 7301717175 (36861)

**आवश्यकता है**-Job In Bilaspur ओशन कम्पनी में लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट उम्र 18 से 28वर्ष, आय 10500 से 18000+ रहना खाना, पता- तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 9644433021 (15326)

**आवश्यकता है**-थोक दवाई दुकान में माल निकालने/जमाने हेतु लड़कियों, पैकिंग हेतु लड़को की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सलुजा मेडिकल एजेंसी मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा (3300)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़को की, जो शहर से बाहर जाकर काम करसके योग्यता 10वी, 12वी स्नातक वेतन 10000 +कमीशन +बोनस रहना खाना ट्रैवलिंग फ्री कोई भी शुल्क नहीं लगेगा ट्रेनिंग बाद कमाये 20000 महीना सम्पर्क- 9685388875 74150 22943 (304)

**आवश्यकता है**-इंदौर (मप्र) आकर ऑफिस कार्य करने हेतु 18 से 28वर्ष के अविवाहित लड़को की आवश्यकता है सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस+ रहना+ट्रैवल फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाये 15000 से 20000 महीना कोई ज्वाइनिंग फीस नही ली जायेगी सम्पर्क करें- 9691458250, 70246 46229, 9575712101 (306)

**आवश्यकता है**-कृषि कार्य करवाने हेतु अनुभवी मैनेजर, हिन्दी टाइपिंग हेतु आफिस मैनेजर, वार्डन कार्य अनुभवी मैनेजर, घरेलू कार्य, बुजुर्ग महिला की देखभाल हेतु महिला कार ड्राइवर सफाईकर्मी सम्पर्क करें- 8120879158, 6267249741 (36876)

**आवश्यकता है**-होलसेल खिलोना दुकान मे काम करने हेतु अनुभवी लड़को की आवश्यकता है जिसे खिलोना दुकान मे काम करने, कार्टून पैकिंग का अनुभव हो सम्पर्क करें- तेलीपारा बिलासपुर 7711006641, 9753330000 (36813)

**आवश्यकता है**-घर में रहकर घरेलू काम मे मदद और बच्चे की देखभाल हेतु ग्रामीण युवती की आवश्यकता है रहने की सुविधा वेतन 10000 संपर्क- गांधी चौक बिलासपुर 97708 63628, 9827959907 (3296)

**आवश्यकता है**-रायपुर/ भिलाई सहित केंद्र सरकार के प्रतिष्ठत संस्थान हेतु सुरक्षागार्डो की आवश्यकता है न्यूनतम योग्यता 10वीं पास उचाई 5'-6'' उम्र 23-44 साल के बीच वेतन 20000 मासिक सम्पर्क- सीडीओ सिक्योरिटी 79749 12977 (684)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष की युवतियों महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- गणेश चौक साईं मंदिर बिलासपुर 89628 19734, 9691610438 (3320)

**आवश्यकता है**-लिमिटेड कंपनी को 10वीं से ग्रेजुएट पास लड़कों की आवश्यकता है सर्वे करना, एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, सुपरवाइजर, सेलरी 18500 से 45750 रहना खाना फ्री सम्पर्क करें-08588 080514 (3305)

**आवश्यकता है**-टेलिकॉलिंग, ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें-नूतन चौक सरकंडा बिलासपुर 83057 68707, 8827015996 (3302)

**आवश्यकता है**-Reliance Jio 5G कंपनी Sms Sending Calling Job करके लड़के, लड़किया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए 21500-48500 महीना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Name, पता Qualification, Call/ sms/ whats app करें- 8918984004 (3262)

**आवश्यकता है**-सुरक्षा एजेंसी में कार्य करने हेतु इच्छुक गार्ड की आवश्यकता है कार्य स्थल कार का शोरूम एवं मैरिज रिसॉर्ट सम्पर्क करें- 9981630084, 94255 34940 (3326)

**आवश्यकता है**-टेलीकालिंग ऑफिस कार्य हेतु महिलाएं युवतियां चाहिए योग्यता 10वीं 12वीं स्नातक समय 9 से शाम 5, सैलरी 5000 से 15000 सम्पर्क करें-स्मार्ट रोड नेहरु नगर गणेश चौक बिलासपुर 7049274510 (1380)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियोंमहिलाओं की उम्र 18 से 30वर्ष सैलरी 5000+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें- रिंग रोड नियर न्यू बस स्टैण्ड मासूम चिल्ड्रन हॉस्पिटल के पास अम्बिकापुर 7024600659 (3306)

**आवश्यकता है**- ऑफिस में कार्य करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है उम्र 18 से 28 वर्ष, सैलरी योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होली क्रॉस स्कूल के पास मंगला चौक बिलासपुर 7000322273 (3323)

**आवश्यकता है**- मैट्रिमोनी में कार्य हेतु 18 से 30वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी- 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- पत्रकार कॉलोनी आरबी हॉस्पिटल के पास 6268331784, 7987392821 (3322)

**आवश्यकता है**-मैट्रिमोनी ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है मैट्रिमोनी एक्सपीरियंस होल्डर को प्राथमिकता सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें- बाबजी कालोनी के पास महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9993937575 (36870)

**आवश्यकता है**-टेलीकॉलिंग हेतु 18 से 35वर्ष की लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है वेतन 5000 से 20000 सम्पर्क करें- मंदिर चौक प्रोटीन वर्ल्ड के पास बिलासपुर 74703 28986 (3301)

**आवश्यकता है**-टैलीकॉलिंग हेतु 18 से 28 वर्ष तक की महिलाएं चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- साईं मंदिर मैग्नेटो मॉल के पास बिलासपुर 8817571731 (3321)

**आवश्यकता है**-सिक्युरिटी गार्ड, मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन 14500 से 18000 सम्पर्क करें- Tango Security Pvt. Ltd. ऑरेंज हाइव, 6th फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर 8109070600, 7869230888 (2476)

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर आपरेटर सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं से स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई-5.7, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited 434 चतुर्थ तल प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर रायपुर 7746000016, 77470 00019 (3160)

## बेचना है

**बेचना है**-हेमू नगर, नारायणी टावर के पीछे गणेश चौक के पास नया मकान 3BHK डुप्लेक्स 3बाथरूम, 2हॉल, कार पार्किंग, किचन, पूजा रूम, 3कमरा मकान बेचना है सम्पर्क करें- 9098251177, 7000719162 (36900)

**बेचना है**- फ्लैट तथा स्वतंत्र मकान बेचना है शैलोम होम्स टावर पूर्ण विकसित सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास 2BHK रेडी पजेशन फ्लैट फॉल सीलिंग सहित कीमत मात्र 22लाख एवं प्राइम लोकेशन 27खोली विष्णु नगर बिलासपुर में 4BHK प्लॉट एरिया 5500 वर्गफुट कंस्ट्रक्शन एरिया 2500 वर्गफुट सर्वेन्ट रूम सहित उपलब्ध। सम्पर्क- 96446 44754, 9752020227 (36894)

**बेचना है**- बिलासपुर शहर के प्राइम लोकेशन में रामा वर्ल्ड, रामा वैली, रामा लाइफ मंगला एवं सरकण्डा में प्लॉट, फ्लैट, हाउस सेल करना है प्रॉपर्टी खरीदी बिक्री हेतु सम्पर्क करें- 9977799003, 75669 07050 (36884)

**बेचना है**-तेलीपारा, वृन्दावन कॉम्प्लेक्स के फर्स्ट फ्लोर में 14×32=448 वर्गफुट की दुकान (जिसमें शोरूम बना हुआ है) बेचना है सम्पर्क करें- 8319402030 (36893)

**बेचना है**-कमर्शियल प्लाट श्रीराम पार्क कॉलोनी ड्रीम्स रेसीडेंसी कॉलोनी के आगे अशोक नगर बिरकोना मेन रोड ऊपर 45 फिट फ्रंट में 7470 वर्गफिट का डायवर्टेड प्लाट तत्काल बेचना है सम्पर्क करें- 9300878897 (3308)

**बेचना है**-हर्ष- फिनिक्ससिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड- 49, बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 3BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, T&C रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (36177)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**बेचना है**-शहर के प्राइम लोकेशन में स्मार्ट रोड पर स्थित 922 वर्गफिट का प्लाट अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 9301673342, 78697 58833 (कृपया दलाल सम्पर्क ना करें) (36903)

**बेचना है**- सुपर बाजार का रेक नया कंडीशन में तत्काल बेचना है सम्पर्क करें- 8817587685, 9329337298 (36889)

**बेचना है**-घुरू अमेरी में प्रथमेश विहार कालोनी में स्वतंत्र 2BHK मकान नंबर 03 बेचना है खरीददार संपर्क करें-9174086706, 62321 15601 (36890)

## किराया

**किराया**-बलदीपारा चोरभट्ठी गनियारी से 2km पहले कोटा रोड बिलासपुर में चालू कंडिशन में सर्वसुविधायुक्त 2.36 एकड़ का प्लाईएश प्लांट किराये पर देना है (किराया 20000 प्रतिमाह) सम्पर्क करें- 7999826873, 62650 74633 (36873)

**बेचना है**-सिमरन सिटी फेस- 5 में 550 वर्गफुट मे 875 निर्मित वर्गफुट 2BHK सर्व सुविधा युक्त स्वतन्त्र मकान बेचना है सम्पर्क करें- 91099 02833 (3307)

## व्यापार

**व्यापार**-अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं 30000 से 50000 प्रतिमाह कमाएं आटो मेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल डिस्पोजल बनायें कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क- APS इंटरप्राईजेस रायपुर-9111760925, 74772 21345, बिलासपुर- 83599 13999, 9589288936 रायगढ़, अंबिकापुर 78697 55871 (3194)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# भारत राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी कराने का इच्छुक



**2026 में छोड़े गए खेलों के आयोजन को भी भारत तैयार**

**राष्ट्रमंडल खेल महासंघ से औपचारिक बात हो चुकी**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का इच्छुक है और 2026 में ग्लास्गो खेलों से बाहर किये गए सभी खेलों का आयोजन भी यहां कराने के लिये तैयार है ताकि देश की पदक तालिका पर असर नहीं पड़े। खेल मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा ,'' हम राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी के इच्छुक हैं और इस मसले पर राष्ट्रमंडल खेल महासंघ से औपचारिक बात हो चुकी है। हमने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर किये गए सभी खेलों का आयोजन भारत में कराने का भी अनौपचारिक प्रस्ताव रखा है।''

### पत्र सौंपने की आखिरी तारीख 31 मार्च

राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी की इच्छा जताने का पत्र सौंपने की आखिरी तारीख 31 मार्च है और मंत्रालय सूत्रों ने कहा कि प्रक्रिया जल्दी ही पूरी की जायेगी। भारत में एकमात्र राष्ट्रमंडल खेल दिल्ली में 2010 में आयोजित हुए थे।

### ग्लास्गो से हॉकी, बैडमिंटन कुश्ती, क्रिकेट आदि खेल बाहर

ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों से हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे खेल बाहर किये जाने से भारत की पदक उम्मीदों को झटका लगा है। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बजट में कटौती के लिये सिर्फ दस खेल शामिल किये गए हैं।




### पदकों की संख्या पर असर नहीं पड़ेगा

सूत्र ने कहा ,'' हमने यह प्रस्ताव इसलिये रखा है ताकि हमारे पदकों की संख्या पर असर नहीं पड़े। अनौपचारिक प्रस्ताव रखा जा चुका है और हमें जवाब का इंतजार है।'' ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित किये जायेंगे।

### राष्ट्रमंडल की मेजबानी से ओलंपिक के लिए बल मिलेगा

हाल ही में भारत का दौरा करने वाली राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की सीईओ कैटी सेडलेयर ने कहा था कि ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की आकांक्षाओं को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से बल मिलेगा। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी का आशय पत्र पहले ही सौंप चुका है।

### भारत ने तीरंदाजी व निशानेबाजी का प्रस्ताव रखा था

भारत ने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान भी तीरंदाजी और निशानेबाजी स्पर्धायें कराने का प्रस्ताव रखा था और सीजीएफ तथा बर्मिंघम ने इसे मंजूरी भी दे दी थी लेकिन कोरोना महामारी के कारण ऐसा हो नहीं सका। ग्लास्गो ने लागत में कटौती के लिये टेबल टेनिस, स्क्वाश और ट्रायथलन को भी हटा दिया है। वहां सिर्फ चार स्थानों पर ही खेलों का आयोजन किया जायेगा।

### ग्लास्गो में सिर्फ दस खेल शामिल

ग्लास्गो खेलों में सिर्फ दस खेलों एथलेटिक्स, पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड), तैराकी और पैरा तैराकी, लयबद्ध जिम्नास्टिक, ट्रैक साइकिलिंग, पैरा ट्रैक साइकिलिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन, पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, बॉल और पैरा बॉल, तीन गुना तीन बास्केटबॉल और तीन गुना तीन व्हीलचेयर बास्केटबॉल को ही शामिल किया गया है।

### 2036 के ओलंपिक मेजबानी के लिए पत्र सौंपा

ओलंपिक 2036 की मेजबानी की दावेदारी को लेकर सूत्र ने बताया ,'' हमने आशय पत्र पिछले साल ही अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को सौंप दिया है। हम आईओसी चुनाव का इंतजार कर रहे हैं जो अगले महीने होने हैं। ओलंपिक 2036 के मेजबान पर फैसला अगले साल मार्च से पहले नहीं आने वाला है। आईओसी चुनाव के बाद बात आगे बढेगी और हम पूरी तरह से तैयार हैं।''

## खबर संक्षेप



### कतर ओपन में कार्लोस को जिरि लेहेका ने हराया

**दोहा।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को इस साल की दूसरी पराजय का सामना करना पड़ा जब 25वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने उन्हें कतर ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में 6-3, 3-6, 6-4 से हराया। स्पेन के 21 वर्ष के अल्काराज को 2025 में आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में नोवाक जोकोविच ने हराया था। इस महीने की शुरूआत में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ने रोटरडम ओपन जीता था। अल्काराज ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' मैने अपनी टीम और कोच से बात की है। मुझे नहीं पता कि कहां कमी रह गई। उसने शानदार खेल दिखाया और उसे श्रेय दिया जाना चाहिये।'' अब लेहेका का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर से होगा जिन्होंने मात्तेओ बेरेतिनी को 4 -6, 6-4, 6-3 से हराया।

### हरियाणा, रेलवे राष्ट्रीय कबड्डी में पहला मैच जीते

**कटक।** गत चैम्पियन हरियाणा, रेलवे और मध्य प्रदेश ने 71वीं सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैम्पियनशिप में पहले दिन अपने मुकाबले जीते।



टूर्नामेंट में 30 टीमों को आठ पूल में बांटा गया है और हर पूल से शीर्ष दो टीमें नॉकआउट में पहुंचेंगी। हरियाणा ने तेलंगाना को 50 -20 से हराया जबकि रेलवे ने पूल बी में मणिपुर को 59 - 27 से मात दी। पूल डी में मध्यप्रदेश ने आंध्र प्रदेश को 59-35 से हराया। मेजबान ओडिशा ने पूल एफ में विदर्भ को 57-28 से शिकस्त दी।

### पुणे हाफ मैराथन के विजेता डोप जांच में विफल

**नई दिल्ली।** पिछले साल पुणे हाफ मैराथन में खिताब जीतने वाले प्रधान विलास किरुलाकर को एथलेटिक्स इंटीग्रिटी इकाई (एआईयू) ने डोप टेस्ट में विफल होने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। किरुलाकर ने दिसंबर 2024 में एक घंटे चार मिनट और 22 सेकंड के समय के साथ पुणे मैराथन जीती थी।

दोनों टीमें एकदिवसीय प्रारूप में संघर्ष करते नजर आ रही

# चैम्पियंस ट्रॉफी : इंग्लैंड का सामना सितारों के बिना उतरी आस्ट्रेलियाई टीम से आज

एजेंसी ▶▶| लाहौर

खराब फॉर्म से जूझ रही इंग्लैंड टीम का सामना चैम्पियंस ट्रॉफी में शनिवार को अपने पहले मैच में एशेज प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलियाई टीम से होगा जो प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने से उनके बगैर खेल रही है। दोनों टीमें एक दिवसीय प्रारूप में संघर्ष करती नजर आ रही है। विश्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया को पिछली दो श्रृंखलाओं में श्रीलंका (0. 2) और पाकिस्तान (1 . 2) ने हराया। दूसरी ओर कोच ब्रेंडन मैकुलम की इंग्लैंड टीम ने 2023 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद से कोई वनडे श्रृंखला नहीं जीती है। जोस बटलर की कप्तानी वाली टीम को भारत ने 3- 0 से हराया।

### आस्ट्रेलिया के पांच प्रमुख खिलाड़ी चोट के कारण बाहर

पिछली बार सितंबर 2024 में दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की वनडे श्रृंखला आस्ट्रेलिया ने 3-2 से जीती थी। उसके बाद से हालांकि आस्ट्रेलिया के पांच प्रमुख खिलाड़ी चोटों के कारण टीम से बाहर है। उनके तेज गेंदबाजों की धुरंधर तिकड़ी पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क चोट के कारण नहीं खेल रहे हैं।



### मार्श व ग्रीन चोट के कारण बाहर

हरफनमौला मिचेल मार्श (कमर की चोट), कैमरन ग्रीन (चोट) के अलावा मार्कस स्टोइनिस अचानक संन्यास के ऐलान के कारण बाहर हैं। ऐसे में देखना है कि इस मिनी विश्व कप में क्या कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ की आस्ट्रेलियाई टीम अतीत की सफलता दोहरा पाती है।

### स्मिथ को संभालनी होगी ओपनिंग पारी

मार्श की गैर मौजूदगी में स्मिथ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं और उन्हें पारी के सूत्रधार की भूमिका निभानी होगी। आक्रामक सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड पर भी नजरें होंगी जिन्होंने 2022 की श्रृंखला में यहां 101 और 89 रन बनाये थे। हेड ने इंग्लैंड के खिलाफ पिछले साल ट्रेंट ब्रिज में 154 रन की नाबाद पारी खेली थी।

### इंग्लैंड के पास त्रिकोणीय तेज आक्रमण

इंग्लैंड के पास जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड और ब्रायडन कार्स के रूप में त्रिकोणीय तेज आक्रमण है जबकि आदिल रशीद स्पिन का जिम्मा संभालेंगे। हेड ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा ,'' हम अच्छी शुरूआत सुनिश्चित करेंगे। सलामी बल्लेबाज के और पर मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।''

**डकेट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद**

बल्लेबाजों की मददगार विकेट पर बेन डकेट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो भारत के खिलाफ शानदार फॉर्म में थे। जो रूट इंग्लैंड की बल्लेबाजी की धुरी हैं और वह अपनी उपयोगिता फिर साबित करना चाहेंगे।

### संभावित टीमें

**आस्ट्रेलिया :** स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबोट, एलेक्स कारी, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, जैक फ्रेसर मैकगुर्क, आरोन हार्डी, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट, एडम जम्पा

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), फिल साल्ट, बेन डकेट, जैमी स्मिथ, जो रूट, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, ब्राइडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल रशीद, मार्क वुड।

**मैच का समय :** दोपहर 2 . 30 से।

क्रिकेट

# मुंबई को हराकर विदर्भ चौथी बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में

- फाइनल में विदर्भ का सामना केरल से होगा
- मुंबई को 80 रन से हराकर विदर्भ चौथी बार रणजी फाइनल में



एजेंसी ▶▶| नागपुर

बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे के पांच विकेट की मदद से विदर्भ ने शुक्रवार को यहां 42 बार के चैंपियन मुंबई को 80 रन से हराकर चौथी बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में जगह बनाई। विदर्भ फाइनल में केरल का सामना करेगा जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाफ पहली पारी ने दो रन की बढ़त हासिल करके पहली बार खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। पुणे के रहने वाले 22 वर्षीय स्पिनर दुबे ने 127 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे 406 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही मुंबई की टीम 325 रन पर आउट हो गई। विदर्भ ने इस तरह से पिछले साल मुंबई के हाथों फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। विदर्भ को फाइनल में पहुंचाने में दुबे ने अहम भूमिका निभाई है। वह इस सत्र में अभी तक 66 विकेट ले चुके हैं। अब वह एक रणजी सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने के बिहार के आशुतोष अमन के रिकॉर्ड से केवल दो विकेट दूर हैं।

विदर्भ चौथी बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा है। इससे पहले वह 2017-18 और 2018-19 में चैंपियन बना था। मुंबई के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने आखिर तक मैच को रोमांचक बनाए रखा। शार्दुल ठाकुर ने फिर से अपने बल्लेबाजी कौशल का अच्छा नमूना पेश करते हुए 124 गेंद पर 66 रन बनाए जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है।

### शार्दुल व शम्स ने निभाई शतकीय साझेदारी

शार्दुल ने शम्स मुलानी (46) के साथ सातवें विकेट के लिए 103 रन जोड़े। मुलानी के रन आउट होने से यह साझेदारी टूटी। इसके बाद यश ठाकुर ने शार्दुल को बोल्ड किया जिससे मुंबई का स्कोर आठ विकेट पर 254 रन हो गया। इसके बाद हालांकि रॉयस्टन डायस और मोहित अवस्थी ने अंतिम विकेट के लिए 52 रन जोड़कर मुंबई को 93.4 ओवर में 300 के पार पहुंचा दिया। दुबे ने अवस्थी को पगबाधा आउट करके विदर्भ को जीत दिलाई।

# गिल के शतक से भारत को मिला आत्मविश्वास



एजेंसी ▶▶| बेंगलूरू

- चैंपियन ट्रॉफी में भारत को पाक व न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना है
- गिल एक दिवसीय क्रिकेट में रन मशीन साबित हो रहा

शुभमन गिल इन दिनों एक दिवसीय क्रिकेट की 'रन मशीन' साबित हो रहे हैं और उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैच कहां खेला जा रहा है या विरोधी टीम कौन सी है। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के पहले मैच में उनके सामने चुनौती अलग थी। पिच धीमी थी और गेंदबाज लगातार बल्लेबाजों की कमियां तलाश रहे थे। इसके बावजूद गिल ने आठवां वनडे शतक जड़ा और भारत को छह विकेट से जीत दिलाई। उन्होंने 125 गेंद में शतक पूरा किया जो उनका सबसे धीमा शतक है लेकिन शायद कैरियर का सबसे महत्वपूर्ण भी। बरसों से भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली के कैरियर के आखिरी दौर में गिल का फॉर्म भारतीय टीम के लिये अच्छा संकेत है। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी मैचों में भारत को उनसे इसी प्रदर्शन की जरूरत होगी। बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने कुछ बेहतरीन स्ट्रोक्स लगाये जिसमें तेज गेंदबाज तंजीम हसन को लगाया पूल शॉट शामिल है। स्पिनरों और तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान को भी उन्होंने सहजता से खेला और इस दौरान 52 गेंद में 30 रन ही बनाये लेकिन उस समय विकेट बचाकर खेलना ज्यादा जरूरी था।

कोहली ने छह पारियों में 137 रन बनाए है

# कोहली फॉर्म में वापसी के लिए खुद पर दबाव बना रहे : कुंबले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के पूर्व कप्तान और कोच अनिल कुंबले का मानना है कि विराट कोहली फॉर्म में वापसी के लिए खुद पर बहुत अधिक दबाव बना रहे हैं और उन्होंने इस स्टार बल्लेबाज को तनाव मुक्त रहने की सलाह दी है। कोहली ने वनडे विश्व कप 2023 के बाद इस प्रारूप में जो छह पारियां खेली हैं उनमें वह केवल 137 रन ही बना पाए हैं जिसमें एक अर्धशतक शामिल है।

कुंबले ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, '''मुझे लगता है कि वह कुछ ज्यादा ही प्रयास कर रहे हैं। वह जिस तरह से अपनी पारी आगे बढ़ा रहे हैं उसमें आप इसे देख सकते हैं। उन्हें इसके बारे में



चिंता करने की जरूरत नहीं है।'' पूर्व कप्तान ने कहा, ''रोहित शर्मा को देखिए वह खुलकर खेलते हैं क्योंकि आगे काफी बल्लेबाज हैं और वे सभी शानदार फॉर्म में हैं। इसी तरह से विराट को भी किसी चीज की चिंता किए बिना खुलकर खेलने की जरूरत है।'' कुंबले ने कहा, ''सभी खिलाड़ी अपने करियर में मुश्किल दौर से गुजरते हैं लेकिन उन्हें बल्लेबाजी करते हुए देखकर मुझे ऐसा लगता है कि वह खुद पर बहुत अधिक दबाव डाल रहे हैं।'' इस पूर्व भारतीय कप्तान का मानना है सहज होकर खेलने से कोहली इस खराब दौर से बाहर निकाल सकते हैं। कुंबले ने कहा, ''जब आप पर इस तरह का दबाव होता है और आप पर अपेक्षाओं का बोझ बन जाता है तो आप अचानक ही इस तरह की चीजों को अनावश्यक महत्व देने लग जाते हो और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बहुत अधिक प्रयास करने लग जाते हो।''

**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL-PROJECT-I), CSPGCL,**
Shed No. 02, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574567 website www.cspc.co.in E-mail:- cspgcl.coal@gmail.com
No.04-02/GP-III/W/212-A/280 Raipur, date 21.02.2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding portal of EITC (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having similar work experience, turnover etc. as mentioned in eligibility criteria may also be considered on submission of experience certificate and other documents in support of fulfilment of eligibility criteria for the following work: -

| Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|
| ED(C-P-I)/GP-III/W/2024-25/103 | Annual work of providing services of Khansama, helping assistance to him and housekeeping of rest house along with sweeping and cleaning complete etc. for day to day operation of Rest House at CMDC, CSPGCL, Gharghoda, Distt.-Raigarh (C.G.) | 9,96,548/- | 10,000/- | 12 Months including rainy season | 8100041659 |

Cost of tender form is Rs. 590/- (Rs.500/- + 18% GST) Due date & time for submission of bids Tender Cost & EMD is 17.03.2025 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 19.03.2025 (at 15:00) Hrs. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/irj/portal. The detailed NIT can also be downloaded from our website using link https://cspc.co.in/ cspgcl_tendernotices → Central office. **Amendment/ Corrigendum /Extension, if any, will only be uploaded on company's website and shall not be published in newspaper.**

Note: - i.In case, the rate quoted by the contractor is on extremely lower side than estimated contract value, a performance guarantee @ 5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the contractor.ii.Maintenance Period for the work will be Nil.

**Executive Director (Civil-Project-I)**
**CSPGCL, Raipur**

**SAVE ELECTRICITY**

# बारीकियों पर काम से मिली सफलता : शमी

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

**दुबई।** चोट के कारण क्रिकेट से दूर रहने का कठिन दौर पीछे छोड़कर आये भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा कि बारीकियों पर काम करने और अपने कौशल के प्रति वफादार रहने से उन्हें आईसीसी टूर्नामेंटों में कामयाबी मिलती है जिसमें उनका फोकस किफायती गेंदबाजी पर नहीं बल्कि विकेट लेने पर रहता है। शमी ने चैम्पियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में पांच विकेट लिये जिसकी मदद से भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की। वह 200 वनडे विकेट तक सबसे तेजी से पहुंचने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज भी बन गए।



### रन बने तो चलेगा पर विकेट मिलना चाहिए

शमी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,''आईसीसी टूर्नामेंटों में अगर मेरी गेंदों पर रन भी बनते हैं तो चलता है लेकिन विकेट मिलने चाहिये। उसी से टीम को फायदा होगा। मैं हमेशा यही सोचता रहता हूं।'' शमी को 2023 वनडे विश्व कप के दौरान टखने में चोट लगी थी जिसके बाद वह 14 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे।





# 61000 किमी की रफ्तार से आ रहे खतरे ने बदल लिया रास्ता

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

क्या धरती पर महाप्रलय का खतरा टल गया है? धरती की तरफ से तेजी से बढ़ रहा विनाशक क्षुद्रग्रह यानी एस्टेरॉयड 2024 वीआर4 को लेकर नासा की तरफ पूरी दुनिया के लिए राहत भरी खबर दी है। यह एस्टेरॉयड एक बड़ी इमारत के आकार का बताया जा रहा है, जो 61000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पृथ्वी की तरफ बढ़ रहा था। हालांकि अब नासा ने ताजा अपडेट में बताया है कि एस्टेरॉयड 2024 वीआर4 के पृथ्वी से टकराने की आशंका 2.8% से घटकर मात्र 0.16% रह गई है।

## नासा ने दी खुश करने वाली खबर, टल गया तबाही का खतरा!

### तो अब हमें डरने की जरूरत नहीं?

फिलहाल, वैज्ञानिकों के मुताबिक घबराने की कोई जरूरत नहीं है। हालांकि, नासा और दुनिया भर की स्पेस एजेंसियां लगातार इस एस्टेरॉयड पर नजर बनाए हुए हैं। इस घटना से एक बार फिर यह साबित हुआ कि अंतरिक्षीय पिंडों की मॉनिटरिंग और प्लेनेटरी डिफेंस रिसर्च कितनी जरूरी है।



### क्या पृथ्वी को कोई और खतरा है?

वैसे एस्टेरॉयड 2024 वीआर4का खतरा टलता दिख रहा है, लेकिन ब्रह्मांड में कई और एस्टेरॉयड हैं, जिनका अध्ययन किया जा रहा है। वैज्ञानिक हर समय ऐसे संभावित खतरों पर नजर रखते हैं, ताकि अगर कभी कोई वास्तविक संकट आए, तो समय रहते उससे निपटा जा सके। लेकिन स्पेस हमेशा नई रोमांचक चुनौतियां लेकर आता है, इसलिए अपडेट्स के लिए जुड़े रहें और अंतरिक्ष की दुनिया पर नजर बनाए रखें!

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की नई ऑब्जर्वेशन के अनुसार, पृथ्वी अब इस एस्टेरॉयड के 'अनिश्चितता क्षेत्र' के किनारे पहुंच चुकी है, जिसका मतलब है कि अगर यह ट्रेंड जारी रहा, तो जल्द ही टकराव का खतरा पूरी तरह खत्म हो सकता है। नासा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में बताया, 'एस्टेरॉयड 2024 वीआर4 के टकराने की आशंका 2.8% से घटकर 0.16% हो गई है। नए अवलोकनों की बदौलत, पृथ्वी अब हमारी सिकुड़ती 'अनिश्चितता क्षेत्र' के मुहाने पर है। अगर यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो जोखिम जल्द ही 0% तक पहुंच सकता है।'

**रोचक खबरें**

## गलत लॉटरी टिकट से निराश महिला की खुल गई किस्मत, जीत गई 17 करोड़ रुपए का जैकपॉट




**लंदन।** दुनिया में कब, कैसे और किसकी किस्मत बदल जाए, कोई नहीं जानता. कभी एड़ी-चोटी का जोर लगाकर भी जीत हासिल नहीं होती, तो कभी किसी एक गलती से किसी का जैकपॉट लग जाता है। ऐसा ही कुछ वर्जीनिया की एक महिला के साथ हुआ, जिससे उस महिला की किस्मत बदल गई। दरअसल, वर्जीनिया की एक महिला लॉटरी के गलत टिकट मिलने से नाराज थी, लेकिन उसी गलत लॉटरी टिकट से महिला को 2 मिलियन डॉलर (भारतीय रुपए में करीब 17 करोड़ 32 लाख रुपए) का जैकपॉट लग गया। कैरलटन की रहने वाली केली लिंडसे ने एक लोकल स्टोर से विशेष स्क्रैच-ऑफ टिकट मांगा था, लेकिन कैशियर ने गलती से महिला को मनी ब्लिट्ज स्क्रैच-ऑफ का टिकट दे दिया।

### गलत लॉटरी टिकट पाकर नाराज हो गई थी केली

गलत लॉटरी के टिकट मिलने पर केली लिंडसे शुरुआत में नाराज हो गई थी। हालांकि, बाद में उसने पार्किंग एरिया में टिकट को स्क्रैच करने का फैसला किया। टिकट के स्क्रैच करने के बाद जो हुआ उससे केली के होश उड़ गए। केली ने 2 मिलियन डॉलर का जैकपॉट प्राइज जीत लिया था।

### पल भर में गायब हो गई केली की नाराजगी

लॉटरी टिकट को स्क्रैच करने के बाद केली लिंडसे की नाराजगी पल भर गायब हो गई। इस घटना के बारे में केली ने मजाकिया तौर पर कहा कि मैं इस बात से खुश नहीं पाई। लॉटरी टिकट की यह गड़बड़ी केली लिंडसे की जिंदगी की सबसे भाग्यशाली गलती साबित हो गई। लॉटरी जीतने के बाद केली ने एन्युटी पेमेंट के बजाय अपने जीते हुए पैसे को एक बार में लेने का फैसला किया और सारे टैक्सों को चुकाने के बाद केली को 1,250,000 डॉलर मिले।

## शेल्टर से कुत्ता खरीद लाया कपल, अजीब सा लगा बर्ताव, जब ले गए डॉक्टर के पास, सच जानकर उड़ गए होश



**लंदन।** आपने ऐसी कहानी तो बहुत सुनी होंगी कि कोई इंसान सड़क या कहीं से लावारिस पड़ा जानवर कुत्ता समझ कर उठा लाया हो, लेकिन बाद में पता चला हो कि वह तो कुत्ता है ही नहीं। पर कई बार लोग सोच समझ कर किसी तरह का कोई कुत्ता गोद ले लेते हैं। इसके लिए उन्होंने डॉग शेल्टर जैसी संस्थों की मदद लेनी पड़ती है। लेकिन, कई बार ऐसा करना भी कम जोखिम का काम नहीं होता है। एक जोड़े को एक रेस्क्यू किया हुआ बड़ा सा कुत्ता गोद लेना तब भारी पड़ गया, जब वे उसे डॉक्टर के पास ले गए. लेकिन डॉक्टर ने खुलासा किया कि वह तो किसी भी नस्ल का कुत्ता ही नहीं है।

### कुत्ता गोद लेने का फैसला


एक महिला ने इस पूरे किस्से को सोशल मीडिया पर शेयर किया था। उसने बताया कि सालों पहले उसकी मां और उनके पिता ने अपने प्यारे जर्मन शेफर्ड को खो दिया था। कुछ दिन शोक में बिताने के बाद वे एक नए कुत्ते को अपनाना चाह रहे थे। इसलिए उन्होंने 1987 में कैलिफोर्निया के पालो आल्टो एनिमल शेल्टर का रुख किया। दोनों के इस दौरे से स्टाफ यह जानकर बहुत ही खुश हुआ कि उन्हें बड़े कुत्ते की तलाश है। उन्होंने एक ऐसा कुत्ता देने की पेशकश की जो अनुभव मालिकों के बीच पला था और इसके लिए उन्होंने उसकी फीस में भी काफी डिस्काउंट दिया।

### अजीब सा बर्ताव

करीब 45 किलो के वजन की इस नए पेट का नाम पति पत्नी ने मेजल टोव रखा। मेजल बहुत ही बुद्धिमान थी। वह दरवाजा खोल सकती थी और इसके अलावा भी कई काम कर सकती थी। वह करीब दो किलो का खाना खा जाती थी। लेकिन, धीरे धीरे मालिकन को उसके बर्ताव पर शक होने लगा। वह भौंकती नहीं थी और बहुत ही जल्दी ही अच्छे से आदेशों को समझने लगी थी। मां ने फिर उसका चेकअप कराने कि लिए वेट डॉक्टर के पास ले गए तो डॉक्टर ने उन्हें बताया कि वे किसी कुतिया को नहीं, बल्कि एक मादा भेड़िया को ही पाल रहे हैं। महिला ने बताया कि उनकी मां को डॉ. हमादा ने हैरानी पूछा कि उन्हें यह मादा भेड़िया कहां से मिली? पूरी जांच के बाद उन्होंने बताया कि मेजल एक संकर प्रजाति का मादा भेड़िया है।

# ज्यादा खूबसूरत, छोटा कद, झुकी हुई पीठ और पंजे जैसे हाथ... कैसे होंगे 3025 के इंसान?

*वॉशिंगटन। भविष्य में इंसान कैसे दिखेंगे, यह सवाल ना सिर्फ वैज्ञानिकों बल्कि हर किसी के लिए बेहद दिलचस्प हैं। कई एक्सपर्ट्स मानते हैं कि इंसानों का वर्तमान रूप अंतिम अवस्था नहीं है, बल्कि यह सिर्फ एक और पड़ाव हैं। तकनीक, अंतरिक्ष यात्रा और जलवायु परिवर्तन की वजह से दुनिया तेजी से बदल रही है और वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके साथ-साथ इंसान भी बदलेंगे। एक्सपर्ट्स के मुताबिक भविष्य में इंसानों का रंग और रूप ज्यादा समान हो जाएगा। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि औसत व्यक्ति का रंग गहरा होगा और वे मॉरीशस या ब्राज़ील के लोगों की तरह दिख सकते हैं। इसके अलावा भविष्य के इंसान आज की तुलना में ज्यादा आकर्षक और खूबसूरत हो सकते हैं।*



### आने वाली पीढ़ियों में अधिक होंगे जीन

पहले प्राकृतिक चयन का असर इस बात पर निर्भर करता था कि कौन से लोग प्रजनन से पहले ही मर जाते थे, लेकिन आधुनिक मेडिकल की वजह से अब ज्यादातर लोग प्रजनन की उम्र तक पहुंच जाते हैं, जिससे अब यह तय करेगा कि कौन से जीन आगे बढ़ेंगे। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि इस वजह से इंसान छोटे कद के हो सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि जल्दी यौन परिपक्वता (यानी जल्दी जवान होना) का संबंध छोटे कद से हो सकता हैं। अगर जल्दी जवान होने वाले लोग ज्यादा बच्चे पैदा करेंगे, तो उनके जीन आने वाली पीढ़ियों में अधिक होंगे।


### हो सकते हैं ज्यादा सुंदर

अगर प्राकृतिक चयन में मृत्यु की दर कम हो जाती है तो विकास इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन ज्यादा बच्चे पैदा कर सकता हैं। इससे पुरुषों के ज्यादा आकर्षक बनने की संभावना बढ़ जाती हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि जैसे-जैसे समाज ज्यादा खुला होगा और महिलाओं को अपने जीवनसाथी चुनने की ज्यादा स्वतंत्रता मिलेगी तो आकर्षक पुरुषों के जीन आगे बढ़ने की संभावना ज्यादा होगी। इससे इंसान औसतन ज्यादा सुंदर हो सकते हैं। अतीत में विभिन्न मानव आबादियां एक-दूसरे से अलग रहती थीं, जिससे वे अलग-अलग दिखती थीं। लेकिन, आजकल अलग-अलग जातियों और समुदायों के बीच विवाह आम होता जा रहा है, जिससे भविष्य में इंसानों का रूप ज्यादा समान हो सकता हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक जब अलग-अलग जातीय समूहों का आपस में मिश्रण होगा तो औसत व्यक्ति का रंग हल्का भूरा हो सकता है, जैसा कि ब्राज़ील या मॉरीशस के लोगों में देखा जाता हैं।

### लोग शरीर में तकनीक को कर सकते हैं शामिल

भविष्य में नई तकनीकें इंसानों के विकास को बदल सकती हैं। सीआरआईएसजीआर-सीएएस9 जैसी तकनीकों के जरिए वैज्ञानिक डीएनए को बदल सकते हैं, जिससे इंसान अपनी विशेषताओं को कंट्रोल कर सकते हैं। हालांकि अभी इसे अनैतिक माना जाता है। लेकिन, भविष्य में लोग अपनी त्वचा का रंग, इंटेलीजेंस और अन्य विशेषताओं को बदलने के लिए इस तकनीक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा भविष्य में लोग शरीर में तकनीक को शामिल कर सकते हैं, जैसे कि रंग बदलने वाले टैटू या साइबरनेटिक सुधार। इस तरह के बदलाव प्राकृतिक विकास की तुलना में तेजी से हो सकते हैं। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि कंप्यूटर और फोन का ज्यादा इस्तेमाल होने और खराब जीवनशैली की वजह से इंसानों की झुकी हुई पीठ या पंजे जैसे हाथ भी हो सकते हैं।

# सुपर जीनियस है 14 साल का बच्चा, बना चुका है 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड



एजेंसी ▶▶| मुंबई

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स अक्सर दुनिया भर के लोगों की उपलब्धियों को दर्ज करता है। इस क्रम में हाल में एक 'ह्यूमन कैलकुलेटर' शामिल हुआ, जिसने सिर्फ़ एक दिन में छह विश्व रिकॉर्ड बनाए। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अनुसार, महाराष्ट्र के 14 वर्षीय सुपर टैलेंटेड बॉय आर्यन शुक्ला ने पिछले साल 'सबसे तेज़ समय में 50 पांच अंकों के नंबर्स को मेंटली ऐड' का रिकॉर्ड बनाकर पहली बार बड़ी संख्या में लोगों का ध्यान आकर्षित किया। छह रिकॉर्ड जीतने के बाद, आर्यन ने अपनी सफलता के कुछ कारण भी शेयर किए। उन्होंने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को बताया, 'प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए हर दिन प्रैक्टिस करना महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है, इसलिए मैं हर दिन लगभग 5-6 घंटे अभ्यास करता हूं।'

### बनाए ये 6 रिकॉर्ड

अब, हाल ही में उन्हें दुबई में कुछ सबसे कठिन मेंटल कैलकुलेशन विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए आमंत्रित किया गया था, और सभी को हैरान करते हुए, 14 साल के इस बच्चे ने सिर्फ़ एक दिन में छह विश्व रिकॉर्ड तोड़ने में कामयाबी हासिल की। आर्यन शुक्ला के पास अब सबसे तेज समय में 100 चार अंकों की संख्याएं (30.9 सेकंड) जोड़ने, सबसे तेज समय में 200 चार अंकों की संख्याएं (1 मिनट, 9.68 सेकंड) जोड़ने, सबसे तेज समय में 50 पांच अंकों की संख्याएं (18.71 सेकंड) जोड़ने, सबसे तेज समय में 20 अंकों की संख्या को 10 के दस अंकों के सेट से मेंटली डिवाइड करने (5 मिनट, 42 सेकंड) करने, सबसे तेज समय में 10 के दो पांच अंकों की संख्याएं (51.69 सेकंड) करने और सबसे तेज समय में 10 के दो आठ अंकों की संख्याएं (2 मिनट, 35.41 सेकंड) जोड़ने का रिकॉर्ड है।

### 12 साल की उम्र में जीता विश्व कप

विशेष रूप से, आर्यन ग्लोबल मेंटल कैलकुलेटर एसोसिएशन के संस्थापक बोर्ड सदस्यों में से एक हैं, जो मेंटल कैलकुलेटर को बढ़ाने और मजबूत करने पर केंद्रित दुनिया भर में मानसिक कैलकुलेटर का एक संघ है। वह 6 साल की उम्र से मेंटल मैथ और कैल्कुलेशन का अभ्यास कर रहा है और उसने 2022 में जर्मनी में हुए मेंटल कैलकुलेटर विश्व कप को सिर्फ़ 12 साल की उम्र में जीता था। उसने अतीत में कई अंतरराष्ट्रीय खिताब भी जीते हैं और मानसिक गणना के विभिन्न विषयों में कई विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं।

**इन लड़कियों ने जीता लोगों का दिल**

# नहीं देखा होगा ऐसा 'लो बजट' बर्थडे सेलिब्रेशन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दोस्त का बर्थडे हो और यार-दोस्त पार्टी ना मांगे ऐसा तो हो ही नहीं सकता. लड़के अपने दोस्त को तबतक नहीं छोड़ते हैं, जब तक वह दोस्तों को अपने बर्थडे की पार्टी नहीं दे देता है। लेकिन, इसके उलट स्कूल की कुछ लड़कियों ने अपनी बेस्टी का बर्थडे कुछ इस तरह मनाया है, जो इन सभी के लिए जिंदगीभर के लिए एक यादगार लम्हा बन गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में स्कूल में कुछ छात्राओं को अपनी बेस्टी का सरप्राइजिंग बर्थडे मनाते देखा जा रहा है। इस वायरल वीडियो पर लड़के और लड़कियां दोनों ही शानदार कमेंट्स पोस्ट कर रहे हैं।




### यादगार बर्थडे सेलिब्रेशन

वीडियो में देखेंगे कि कुछ लड़कियां क्लासरूम में दरवाजा बंद करके खड़ी हैं और अपनी बर्थडे गर्ल का इंतजार कर रही हैं। जैसे ही बर्थडे गर्ल क्लासरूम में आती हैं, उसकी सहेलियां उसे हैप्पी बर्थडे बोल विश करने लग जाती हैं। वहीं, इन छात्राओं ने अपनी बेस्टी को कपड़े से बने ताज और हैप्पी बर्थडे बैंड पहनाया। इसके बाद बोर्ड पर बने केक से सेलिब्रेशन शुरू किया है।

### बर्थडे सेलिब्रेशन देख लोग खुश

इस पर एक लड़की यूजर ने लिखा है, 'वाओ, बहुत खूबसूरत, हैप्पी बर्थडे डियर'। दूसरी यूजर लिखती है, इस बर्थडे सेलिब्रेशन को मैं कभी नहीं भूल पाऊंगी। तीसरी यूजर लिखती है, यह तुम्हारी लाइफ का सबसे बेस्ट बर्थडे सेलिब्रेशन है, इससे अच्छा कुछ और नहीं हो सकता है। वहीं, कुछ यूजर्स ने इस बर्थडे सेलिब्रेशन पर चुटकियां भी ली है। एक यूजर ने लिखा है, लो बजट बर्थडे सेलिब्रेशन। दूसरा यूजर लिखता है, लड़कियों तुमने अपनी बेस्टी को इतने सस्ते में कैसे छोड़ दिया। वहीं, इस वीडियो पर कई यूजर्स ने कमेंट बॉक्स में रेड हार्ट इमोजी भी शेयर किए हैं।

# 22 एकड़ में अवैध प्लाटिंग शासन ने दिए जांच के आदेश

## कांग्रेस विधायक के प्रश्न पर शासन ने तीन विभागो से मांगी जानकारी


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

इंदिरा नगर चौक में स्थित अभिनंदन गैलेक्सी कालोनी की आड़ में करीब 22 एकड़ में अवैध प्लाटिंग के मामले में अब तूल पकड़ लिया है। राज्य के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राजनांदगांव कलेक्टर, आयुक्त, एसडीएम और नगर निवेश के उपसंचालक से जवाब मांगा है।

उल्लेखनीय है कि इंदिरा नगर चौक में रेरा से छह एकड़ की अनुमति लेकर अभिनंदन गैलेक्सी कालोनी का निर्माण किया गया था। इस कालोनी से लगी करीब 22 एकड़ जमीन में शहर के दो जमीन दलालों ने अवैध प्लाटिंग कर शासन को करोड़ों रूपए का नुकसान पहुंचा दिया है। रेरा से एप्रुव कालोनी के भीतर करीब 22 एकड़ में अवैध प्लाटिंग के मामले का हरिभूमि ने पर्दाफाश किया था। समाचार के प्रकाशन के बाद हरकत में आए प्रशासन ने अवैध कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी की है। इधर अब इस मामले में राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने भी नोटिस जारी कर जांच के आदेश जारी किए है। सूत्रों ने बताया कि राज्य के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने कलेक्टर, आयुक्त, एसडीएम और नगर निवेश विभाग के उपसंचालक को जवाब तलब किया है।

### उच्च स्तरीय जांच की मांग

इधर कांग्रेस ने भी 22 एकड़ में अवैध प्लाटिंग के मामले में शासन से उच्च स्तरीय जांच की मांग भी की है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अवैध प्लाटिंग की जांच किए जाने की मांग भी रखी है।

### मची खलबली

रेरा एप्रुव कालोनी के भीतर ही 22 एकड़ अवैध प्लाटिंग किए जाने के मामले में जांच के आदेश जारी होते ही निगम, राजस्व और नगर निवेश महकमे में खलबली मच गई है। सूत्रों ने बताया कि जिस दौरान अवैध प्लाटिंग की जा रही थी उस दौरान भी इसकी शिकायत की गई थी लेकिन अफसरों ने कोई ध्यान नहीं दिया था।




# अपना ही पेशाब पीने का शौकीन है ये कपल, मिनटों में गटक लेता है बोतल


**लंदन।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक कपल का वीडियो बेहद अजीब कारणों से वायरल हो रहा है। कपल का दावा है कि उन्होंने सालों से पानी नहीं पिया है। प्यास मिटाने के लिए ये सिर्फ अपना पेशाब पीते हैं। आजतक आपने लोगों को पानी पीते देखा होगा। माना जाता है कि पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से बॉडी के टॉक्सिन्स बाहर निकल जाते हैं। ये टोक्सिन पसीने या पेशाब के रास्ते बाहर निकल जाते हैं। लेकिन, क्या हो अगर आपको पता चले कि कोई इंसान पानी की जगह अपना पेशाब ही पीने का आदी हो? जी हां, सोशल मीडिया पर इन दिनों एक ऐसे ही कपल की काफी चर्चा है।

इस कपल का दावा है कि उन्होंने बीते कई सालों से पानी नहीं पिया है। जब भी इन्हें प्यास लगती है ये सीधे बाथरूम जाते हैं और बोतल में पेशाब भर लेते हैं। उसके बाद इसे ही गटक कर अपनी प्यास बुझा लेते हैं। लोगों ने जब इनके दावे के बारे में सुना तो हैरान रह गए। कई को इसपर यकीन नहीं हुआ। लेकिन, जब उन्होंने इसका सबूत दिखाया, तो लोगों का मन घिन्न से भर गया।

### बर्बाद नहीं करता पेशाब का एक भी बूंद

ओब्री और निक नाम के इस कपल को पेशाब पीने की लत है। दोनों ग्लास में अपना पेशाब भरकर चियर्स करते नजर आते हैं। हर बार दोनों हाफ गैलन के करीब पेशाब पीते हैं। ऐसा नहीं है कि अपना पेशाब पीने में उन्हें कोई परेशानी होती है। कोलड्रिंक की तरह ही चटकारे लेकर दोनों पेशाब पीते नजर आते हैं। दोनों पेशाब की एक भी बूंद बर्बाद नहीं करते। ना सिर्फ ये इसका इस्तेमाल पीने के लिए करते हैं, बल्कि इसी से वो नहाते भी हैं। फेस मास्क की तरह भी इस्तेमाल करते हैं और अपनी आंखों में ड्रॉप्स की तरह भी डालते हैं।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com